RNI : JHAHIN/2014/54374

हिन्दी दैनिक

Rashtria Mukhyadhara

mukhyadhara.daily@gmail.com

+91 8873 319 159

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक

बोकारो, सोमवार

02.3.2026

पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/

वर्ष : 12, अंक : 132

https://rashtriyamukhyadhara.com/



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित: देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# साणंद आज विकास और नवाचार का एक जीवंत केंद्र बन गया: पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने पुडुचेरी को 2,700 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी, 'बेस्ट' विजन पर जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी को 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुडुचेरी के विकास को 'बेस्ट पुडुचेरी' की थीम पर किया गया है। 'बेस्ट' का अर्थ है बिजनेस, एजुकेशन, स्प्रिच्युअलिटीऔर टूरिज्म। पिछले साढ़े चार वर्षों में यह संकल्प ठोस परिणाम दे रहा है। प्रधानमंत्री ने पुडुचेरी में एल कार्यक्रम में रविवार को 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की सरकारें एक समान दृष्टि और समर्पण के साथ कार्य करती हैं तो परिणाम शीघ्र और बेहतर मिलते हैं। डबल इंजन की सरकार ने विकास को गति दी है और जनजीवन को सरल बनाया है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले पुडुचेरी को राजनीतिक स्वार्थ का



माध्यम बनाया गया, जबकि वर्तमान सरकार विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष के केंद्रीय बजट में आधारभूत संरचना निर्माण के लिए रिकॉर्ड 12 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसका लाभ पुडुचेरी सहित देश के सभी क्षेत्रों को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि पुडुचेरी को 'राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता' योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। पहले यह योजना केवल पूर्ण राज्यों तक सीमित थी। इस निर्णय से सड़क, जल आपूर्ति, तटीय ढांचा, विद्यालय, अस्पताल और अन्य लोक उपयोगी कार्यों के लिए अतिरिक्त धन उपलब्ध होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 750 एकड़ में विकसित करसुर-सेदारापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह परिसर भविष्य में औषधि पार्क, वस्त्र पार्क और सूचना प्रौद्योगिकी पार्क के रूप में विकसित होगा। इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यहां अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की भी योजना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने पुडुचेरी शहर में लगभग 1,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उल्लेख किया, जिसमें 140 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला उड्डयन पुल भी शामिल है। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से यातायात दबाव कम होगा और आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सुविधा मिल रही है। पुडुचेरी में 9 चिकित्सकीय महाविद्यालय हैं और इसे चिकित्सा पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्युत चालित बसें प्रदूषण कम करने में सहायक होंगी। सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करने के प्रयास जारी हैं। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कराईकल स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में नए अभियंत्रण खंड और आधुनिक सुविधाओं का विकास किया गया है। पुडुचेरी विश्वविद्यालय में भी आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया गया है।

### मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस बार्सिलोना में, भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे केंद्रीय मंत्री सिंधिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 2 से 5 मार्च तक स्पेन के बार्सिलोना में होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। संचार मंत्रालय ने बताया कि बार्सिलोना पहुंचकर सिंधिया सम्मेलन में भारत मंडप का उद्घाटन करेंगे। इसके माध्यम से भारत की दूरसंचार विनिर्माण क्षमता और नवाचार पारितंत्र को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। वह इंडिया मोबाइल कांग्रेस के कर्टेन रेजर का भी अनावरण करेंगे। इस दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया जीएसएमए मंत्रिस्तरीय कार्यक्रम में 'बिल्ट फॉर व्हाट्स नेक्स्ट' सत्र को संबोधित करेंगे। इस सत्र में भविष्य की डिजिटल अवसंरचना और उभरती प्रौद्योगिकी ढांचे पर चर्चा होगी। वह 'ब्रेकिंग द कॉस्ट बैरियर' विषय पर समापन मुख्य वक्तव्य भी देंगे।

## पाकिस्तानी फाइटर जेट ने बगराम एयरबेस पर की बमबारी, तालिबान से तेज हुई लड़ाई

**अफगान शहरों पर हमलों के बाद तालिबानी अधिकारियों ने इसे खुली जंग बताया**

**एजेंसी। काबुल**

पाकिस्तानी वायु सेना ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर हवाई हमला किया है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तानी फाइटर जेट ने काबुल के बाहरी इलाके में स्थित बगराम एयरबेस पर बमबारी की है। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि रविवार सुबह काबुल में जोरदार धमाकों के बाद गोलियों की आवाज सुनाई दी। तालिबान शासन ने कहा कि वह पाकिस्तानी फाइटर जेट पर फायरिंग कर रहा है। यह घटना ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमला जारी है। इस बीच अफगानिस्तान की तालिबान सेना और पाकिस्तान के बीच लड़ाई तेज हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह तालिबान के शासन वाले अफगानिस्तान में सरकारी ठिकानों पर हमले किए हैं। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया है।



### ईरान पर अमेरिका-इजराइल हमला, सुरक्षा परिषद् में पाकिस्तान ने कहा, क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान

**इस्लामाबाद।** ईरान पर इजरायल व अमेरिका के संयुक्त हमले को लेकर पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (यूएनएससी) में कहा है कि इससे क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान होगा और लंबे समय तक इसका असर रह सकता है। सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने 15 सदस्यों वाली काउंसिल को बताया कि मध्य पूर्व की घटनाओं को लेकर हम बेहद चिंतित हैं। इसके साथ ही, पाकिस्तान ने सऊदी अरब, बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर ईरान के हमलों की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान उनके साथ एकजुटता




में खड़ा है। बहस की शुरुआत करते हुए, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि किसी भी देश की स्वायत्तता के खिलाफ़ ताकत के इस्तेमाल से बचना चाहिए। उन्होंने ईरान के खिलाफ़ यूएस और इज़राइल के बड़े पैमाने पर सैन्य हमलों और इसके जवाब में ईरान की तरफ से बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और यूनाइटेड अरब अमीरात पर किए गए हमलों की निंदा की।

## संक्षिप्त समाचार

### यात्रियों में हाहाकार: जमीन पर थमे विमान, ईरान-इजराइल संकट से भारत की 850 उड़ानें रद्द




**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हालिया सैन्य हमलों के बाद मध्य पूर्व (मिडल ईस्ट) में उपजे तनाव ने वैश्विक हवाई यातायात की कमर तोड़ दी है। युद्ध की विभीषण स्थिति को देखते हुए कई देशों द्वारा अपना हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) बंद किए जाने के कारण भारत सहित पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों पर गहरा असर पड़ा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, ईरान और आसपास के क्षेत्रों में लगे हवाई प्रतिबंधों के चलते शनिवार को भारतीय एयरलाइंस की लगभग 410 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। संकट की गंभीरता को देखते हुए रविवार 1 मार्च को भी 444 अन्य उड़ानों के रद्द होने की आशंका जताई गई है, जिससे कुल प्रभावित उड़ानों का आंकड़ा 850 के पार पहुंचने का अनुमान है। यह वैश्विक विमानन संकट 28 फरवरी को उस समय शुरू हुआ जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान के रणनीतिक ठिकानों पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने भी मिसाइलें दागकर जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षा कारणों से ईरान, इराक, कुवैत, बहरीन, कतर, इजराइल, जॉर्डन, लेबनान, सऊदी अरब, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे महत्वपूर्ण देशों ने अपने आसमान को विमानों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

### संचार मंत्रालय की उत्तर क्षेत्र समीक्षा बैठक में राजस्व, पेंशन और अनुपालन तंत्र पर हुआ मंथन

**नई दिल्ली।** संचार लेखा महानियंत्रक वंदना गुप्ता ने उत्तर क्षेत्र समीक्षा बैठक मेंदूरसंचार राजस्व संग्रह, पेंशन वितरण प्रणाली की समीक्षा, लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क की निगरानी, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के अनुपालन तंत्र को सरल बनाने तथा आंतरिक लेखा परीक्षण को सुदृढ़ करने जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की। बैठक में 'जीवन की सुगमता' और 'कारोबार की सुगमता' को केंद्र में रखते हुए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए गए। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि 28 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित की गई बैठक में जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश पूर्व, उत्तर प्रदेश पश्चिम और दिल्ली के संचार लेखा नियंत्रक कार्यालयों ने भाग लिया। उत्तर क्षेत्र वर्तमान में 850 से अधिक लाइसेंसधारकों का प्रबंधन कर रहा है। चालू वित्त वर्ष में अब तक इस क्षेत्र ने 6,500 करोड़ रुपये से अधिक का लाइसेंस शुल्क तथा लगभग 750 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क संग्रहित किया है। कुल दूरसंचार राजस्व संग्रह 7,250 करोड़ रुपये से अधिक रहा है। बैठक में 1.10 लाख से अधिक पेंशनभोगियों के कल्याण से जुड़े विषयों की भी समीक्षा की गई। ये पेंशनभोगी दूरसंचार विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड से संबंधित हैं। पेंशन वितरण प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया गया। शिकायत निवारण तंत्र को और प्रभावी करने के निर्देश दिए गए। राजस्व और बजट सत्र में वित्तीय प्राप्तियों की सटीक निगरानी और राजकोषीय अनुशासन सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई।

## कराची के अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़प, सुरक्षाकर्मियों की गोली से 9 की मौत, 18 घायल

**इस्लामाबाद।** ईरान पर रविवार सुबह इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमेनेई की मौत की खबर से पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में लोग भड़क गए हैं। हजारों प्रदर्शनकारी आज कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर नारेबाजी की। इस दौरान हुई झड़प के बाद अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां चला दीं, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सिंध के गृह मंत्री ने पुलिस से घटना की रिपोर्ट तलब की है। जियो टीवी ने सरकारी अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कराची में आज दोपहर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर अमेरिका और इज़राइली हमलों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के




बीच झड़प के दौरान कम-से-कम 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। घटना को लेकर इस्लामाबाद स्थित यूएस दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बयान जारी कर अपने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। इसमें कहा गया है कि, 'हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के समक्ष चल रहे प्रदर्शनों की खबरों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास और पेशावर में वाणिज्य दूतावास के समक्ष प्रदर्शनों के आह्वान पर भी हमारी नजर है।

## ईरान का संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर पर हमला, एयरपोर्ट का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त, कतर के दोहा में धमाके

**एजेंसी। दुबई/दोहा/तेहरान/वाशिंगटन/तेल अवीव**

इजराइल-अमेरिका के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्यों के मारे जाने के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने आज सुबह संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई पर हवाई हमला किया। इस हमले में जेबेल अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में एयरपोर्ट के अंदर धुआं नजर आ रहा है। स्टाफ बिल्डिंग खाली कर रहा है। कतर के दोहा में भी धमाके हुए



हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, दुबई में सुबह लगातार शक्तिशाली विस्फोट हुए। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एयरपोर्ट और आसपास धुआं नजर आ रहा है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट के बाद दुबई के बिजनेस बे के ऊपर एक हवाई इंटरसेप्शन से निकले मलबे से शहर के बड़े कमर्शियल पोर्ट में आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उधर, कतर के दोहा में रविवार सुबह स्थानीय समयानुसार 7:30 बजे कई जोरदार धमाके सुने गए। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के लोग खामेनेई की मौत की आधिकारिक घोषणा के बाद सड़क पर जश्न मना रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन बदलने के आह्वान के बाद ईरान ने अभूतपूर्व हमले की चेतावनी दी है। इजराइल की नेशनल इमरजेंसी सर्विस का कहना है कि शनिवार को देशभर में हुए हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 121 अन्य घायल हो गए। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले में कई लोगों की मौत हो गई।

### राष्ट्रपति सोमवार को जारी करेंगी दिल्ली की महिलाओं के लिए पिंक कार्ड

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की 'वन नेशन, वन कार्ड' से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार राजधानी की महिला निवासियों के लिए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की शुरुआत करने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस महत्वाकांक्षी योजना (पिंक कार्ड) का शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्ड दिल्ली निवासी महिलाओं को डीटीसी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही मेट्रो, रीजनल रेपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में एक ही स्मार्ट कार्ड के माध्यम से सशुल्क सुविधा देगा। मुख्यमंत्री के अनुसार यह पहल सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, सुरक्षित और डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं के दैनिक यात्रा खर्च में कमी आएगी और उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य तथा सामाजिक अवसरों तक सुगम पहुंच मिलेगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि योजना के तहत तीन प्रकार के एनसीएमसी कार्ड जारी किए जाएंगे।

### पश्चिम बंगाल में एसआईआर में कटे 61 लाख नाम, 8 फीसदी की गिरावट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पिछले चार महीनों से जारी एसआईआर की प्रक्रिया शनिवार को खत्म हो गई। चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची में राज्य के चुनावी परिदृश्य की एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। इस बार मतदाता सूची में 8 फीसदी यानी करीब 61 लाख की शुद्ध गिरावट दर्ज की गई है, जबकि अन्य 60 लाख मतदाताओं के नाम जांच के घेरे में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक बंगाल की नई मतदाता सूची में 7.04 करोड़ मतदाताओं के नाम हैं। अक्टूबर में जब प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी, जो अब



घटकर 7.04 करोड़ रह गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक सबसे ज्यादा पुरुष मतदाताओं की संख्या 3,60,22,642 है। इसके बाद महिला मतदाताओं की संख्या 3,44,35,260 है। वहीं बंगाल में थर्ड जेंडर वोटर की संख्या 1,382 है। अब तक 63,66,952 नाम हटाए गए हैं। ये या तो मृत हो गए हैं या फिर कहीं दूसरी जगह पर शिफ्ट हो चुके हैं। इस संशोधन की सबसे बड़ी और विवादास्पद बात यह है कि 60,06,675 मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में तो हैं।

## नागपुर के काटोल स्थित बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, 17 लोगों की मौत, कई गंभीर

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले के काटोल में स्थित बारूद बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह विस्फोट रविवार सुबह 1 मार्च को काटोल तहसील के राउलगांव स्थित खनन और औद्योगिक कार्यों के लिए विस्फोटक पदार्थ बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुआ। घटना के संबंध में मीडिया को जानकारी दे रहे नागपुर ग्रामीण के एसपी हर्ष पोद्दार ने बताया, कि कंपनी में बारूद बनाए जाने का कार्य किया जा रहा था, तभी अचानक विस्फोट हो गया। इस घटना में 17 लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है। कई गंभीर रूप से घायलों को इलाज के




लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट होने के बाद फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसे बुझाने का काम किया जा रहा है। विस्फाट की जानकारी लेते हुए पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने प्रशासन से तत्काल राहत कार्य शुरु करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही जिला कलेक्टर घटनास्थल के लिए रवाना हुए। इस बीच दावा किया जा रहा, कि हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। जिस कंपनी में विस्फोट की घटना घटित हुई वह नागपुर शहर से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित है। स्थानीय लोगों का कहना था, कि विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के ही नहीं बल्कि दूर-दराज के लोग भी सहम गए।

## ईरान में शासन का अंत, खामेनेई की मौत के बाद बदल जाएगा मिडिल ईस्ट का भूगोल

**एजेंसी। तेहरान**

ईरान से आ रही बड़ी खबरों के बीच दुनिया भर की नजरें अब मध्य पूर्व (मिडल ईस्ट) पर टिक गई हैं। इजरायल और अमेरिका के हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई के मारे जाने की सूचना है। इस घटना ने न केवल ईरान की आंतरिक राजनीति को हिलाकर रख दिया है, बल्कि पिछले 47 वर्षों से वहां चला आ रहा इस्लामिक शासन भी अब समाप्त हो गया है। खामेनेई की मौत के साथ ही ईरान में सत्ता परिवर्तन की सुगबुगाहट तेज हो गई है और कयास लगाए जा रहे हैं कि अमेरिका में निर्वासित जीवन जी रहे ईरान के क्राउन प्रिंस रजा पहलवी अब देश की कमान संभाल सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है



कि ईरान में शासन परिवर्तन केवल एक देश की आंतरिक घटना नहीं है, बल्कि इससे पूरे मिडिल ईस्ट का समीकरण पूरी तरह बदल जाएगा। अब तक ईरान इस क्षेत्र में अमेरिका और इजरायल विरोधी ताकतों का मुख्य केंद्र रहा है। ईरान की सेना के समर्थन से फलने-फूलने वाले उग्रवादी संगठन—हमास, हूती और हिजबुल्लाह—अब नेतृत्व और संसाधनों के अभाव में कमजोर पड़ सकते हैं। ये तीनों संगठन लंबे समय से इजरायल के लिए सुरक्षा चुनौती बने हुए थे और इन्हें ईरान का सीधा संरक्षण प्राप्त था। ईरान ने इन संगठनों के जरिए क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण देशों—यमन (हूती), लेबनान (हिजबुल्लाह) और फिलिस्तीन के गाजा व वेस्ट बैंक (हमास)—पर अपना परोक्ष नियंत्रण बना रखा था। अब जबकि ईरान में एक ऐसी सरकार बनने की संभावना है जिसे अमेरिका का समर्थन प्राप्त होगा, इन संगठनों का वर्चस्व समाप्त होना तय माना जा रहा है। इसका सीधा लाभ इजरायल को मिलेगा, जो अब इस क्षेत्र में एक निर्विवाद सुपर पावर के रूप में उभर सकता है। ईरान अब तक सऊदी अरब और तुर्की जैसे सुन्नी बहुल देशों के मुकाबले शिया इस्लाम की नुमाइंदगी मजबूती से करता रहा है। लेकिन शासन बदलने से यह धार्मिक और राजनीतिक संतुलन भी प्रभावित होगा।

### अमेरिका से नहीं हुई ट्रेड डील, राहुल साबित कर दें तो राजनीति छोड़ दूंगा: गिरिराज सिंह

**भिवानी।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अभी अमेरिका से कोई ट्रेड डील नहीं हुई है। राहुल ये साबित कर दें तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। भिवानी में आयोजित ग्लोबल टेक टेक्सटाइल्स सम्मेलन में बतौर उन्होंने कहा कि दुनिया में टेक्सटाइल्स का एक्सपोर्ट आज 800 बिलियन डॉलर का है जो आने वाले दिनों में और बढ़ेगा। टेक्सटाइल को उन्नत बनाने के लिए 1.5 हजार करोड़ रुपए दिए जाने पर पीएम मोदी का उन्होंने आभार माना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने कहा कि आने वाले दिनों में फाइबर से नई तकनीक का सरिया बनेगा, जो सस्ता, हल्का व मजबूत होगा।

we will make your Epaper & NEWS PORTAL

MAXIMUM PERFORMANCE

आपकी डिजिटल और प्रिंट पहचान एक ही प्लेटफ़ॉर्म पर

हम तैयार करते हैं:
- ✔ प्रिंट-रेडी ई-पेपर व न्यूज़लेटर (PDF अख़बार)
- ✔ साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक व त्रैमासिक पत्र/पत्रिका
- ✔ किताबों व रिपोर्ट की PDF
- ✔ ब्रोशर, फ्लायर, कैटलॉग व ई-सोवीनियर
- ✔ रिसर्च जर्नल व डॉक्यूमेंट सेटअप
- ✔ News Portal (Making to News Uploading)

किसके लिए:
- मीडिया हाउस
- संस्थान व स्कूल
- लेखक व कवि
- कार्यक्रम आयोजक
- शोधकर्ता
- Web Journalists/Publishers

PDF PRESS SERVICES

✔✔ क्यों चुनें ?
- प्रोफेशनल लेआउट • आकर्षक डिज़ाइन
- समय पर डिलीवरी • बजट फ्रेंडली पैकेज
- आपकी जरूरत के मुताबिक कस्टम काम

संपर्क करें आज ही

pdfpresssolutions@gmail.com +91 9288319159, 9576159316

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, सोमवार, 02 मार्च, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### वारंटियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**पलामूः** हुसैनाबाद थाना पुलिस ने विभिन्न आपराधिक कांडों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए वारंटियों में धर्मेंद्र पटेल, पिता स्व. गरीबा चौधरी, निवासी – बगीचा, जपला वार्ड संख्या-12, अमित कुमार सिंह, पिता – संजय सिंह, निवासी – बराही एवं राजेंद्र सिंह, पिता स्व. राजेंद्र सिंह, निवासी – सरहू, सभी थाना हुसैनाबाद के निवासी हैं।

तीनों आरोपी थाना क्षेत्र के अलग-अलग कांडों में लंबे समय से वांछित थे और न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस को उनकी तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि अपराध और वारंटियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था कायम रहे और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### झारखंड की जूनियर पुरुष-महिला हॉकी टीमों के चयन के लिए रांची में आयोजित किए जाएंगे ट्रायल



**रांची।** 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2026 तथा हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2026 में भागीदारी के लिए झारखंड की सब-जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी टीमों के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। खिलाड़ियों के चयन के लिए 15 मार्च (रविवार) को रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। हॉकी झारखंड की ओर से जारी सूचना के अनुसार, 01 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन रांची में किया जाएगा, जबकि पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप बिहार के राजगीर में आयोजित होगी। इन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया शुरू की गई है। हॉकी संघ के अनुसार, महिला वर्ग का चयन ट्रायल 15 मार्च को पूर्वाह्न 09:30 बजे से प्रारंभ होगा, जबकि पुरुष वर्ग का ट्रायल पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का समान अवसर मिल सके। चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्म तिथि 01 जनवरी 2010 या उसके बाद की हो। आयु सत्यापन के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड तथा नगर निगम या ग्राम पंचायत की ओर से जारी जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य किया गया है। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने बताया कि चयन ट्रायल को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों के खेल पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों से प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित टीमें राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी।


### फरार दो वारंटी गिरफ्तार





**खूंटी।** जिले के अड़की थाना की पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर दोनों आरोपितों को धर दबोचा और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस की ओर से रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अड़की थाना कांड (संख्या-14/11, ST-215/14, GR-153/11) के आरोपित राबर्ट मुंडा ( 32)को गिरफ्तार किया गया। वहीं अड़की थाना कांड (संख्या-21/11, ST-61/12, GR-223/11 )के आरोपित मनसिद नाग उर्फ एसी मनसिद ( 35) को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपित 2011 से फरार चल रहे थे। इनके विरुद्ध अड़की थाना से स्थायी वारंट निर्गत था। पुलिस लगातार इनकी तलाश में जुटी थी, लेकिन दोनों लंबे समय से गिरफ्तारी से बचते फिर रहे थे। हाल के दिनों में पुलिस को इनके क्षेत्र में सक्रिय होने की गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों वारंटियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद थाना लाकर पूछताछ की गई तथा विधि सम्मत कार्रवाई पूरी की गई।

### होली पर्व पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में आध्यात्मिक कार्यक्रम, प्रेम और पवित्रता का दिया संदेश




**रांची।** होली पर्व के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चौधरी बागान हरमू स्थित स्थानीय सेवा केंद्र में रविवार को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद जैन ने कहा कि होली का पर्व हमें पुरानी बातों और मनमुटाव को भुलाकर नई शुरुआत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि "जो बीत गई वह बात गई" के संदेश के साथ होली क्षमा, प्रेम और सकारात्मक जीवन दृष्टि अपनाने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सच्चे अर्थों में होली आत्मा को शांति, प्रेम और पवित्रता के रंगों में रंगने का पर्व है। अधिवक्ता कौशल राजगढ़िया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पवित्रता ही जीवन परिवर्तन का मूल आधार है, जिससे व्यक्ति के विचार और व्यवहार दोनों में सकारात्मक बदलाव आता है। डॉ. आशीष भगत ने कहा कि भारतीय त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि आत्मिक जागरण और आंतरिक परिवर्तन का माध्यम हैं। वहीं अमित अग्रवाल और सुनील गुप्ता ने होली को आंतरिक विकारों को त्यागकर दिव्य गुणों को अपनाने का प्रतीक बताया। सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि परमात्मा के ज्ञान और राजयोग का रंग अविनाशी होता है, जो आत्मा को स्थायी शांति और सुख प्रदान करता है। उन्होंने सभी को आध्यात्मिक जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को गाइडेड मेडिटेशन कराया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर मनमोहन मोहता, मुकेश जाजोदिया, अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति संदेश के साथ किया गया।

# कुड़मी अधिकार महारैली में शामिल होने रांची रवाना हुए सैकड़ों लोग

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**डुमरी :** कुड़मी/कुरमी समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष अपने मांगों के समर्थन में रांची के प्रभात तारा मैदान, धुर्वा में आयोजित कुड़मी अधिकार महारैली में शामिल होने के लिए रविवार 01 मार्च को दर्जनों वाहनों से रवाना हुए। गिरिडीह जिले के विभिन्न प्रखंडों से समाज के लोग इस रैली में भाग लेने के लिए उत्साहपूर्वक निकले।




डुमरी प्रखंड से कुरमी विकास मोर्चा के कार्यकारी केंद्रीय अध्यक्ष थानेश्वर महतो के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग रांची के लिए प्रस्थान किए। थानेश्वर महतो ने कहा कि कुड़मी समाज अपने हक और पहचान के लिए पिछले 75 वर्षों से लगातार संघर्षरत है और यह महारैली उसी संघर्ष का एक महत्वपूर्ण चरण है।

उन्होंने बताया कि कुड़मी समाज की प्रमुख मांगों में कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करना तथा कुडमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाना शामिल है। उन्होंने विश्वास जताया कि पूरे झारखंड के कुड़मी बहुल क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग रांची पहुंचकर समाज की एकता का परिचय देंगे।

इस अवसर पर कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय महासचिव रामचंद्र महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र महतो, केंद्रीय संरक्षक काशीनाथ महतो, राजेंद्र महतो, नीलकंठ महतो, बासुदेव महतो, टीपनारायण महतो, ताराचंद महतो, सुखदेव महतो, सुनील महतो, पार्वती देवी, अस्मिता प्रकाश महतो, जागेश्वर महतो, यशोद देवी, विमला देवी, प्रेमचंद महतो, रामेश्वर महतो सहित कई लोग मौजूद रहे।

## समाजसेवी मदन भगत की पांचवीं पुण्यतिथि पर सत्संग एवं भंडारे का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड में समाजसेवी स्वर्गीय मदन भगत की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा, सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुरहू स्थित महर्षि मेंही आश्रम शान्तिपुरी शबरी कुटिया में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उनके पुत्र संतोष भगत, सुधीर भगत, सकलदीप भगत तथा सुपुत्री सुजाता जायसवाल द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण शामिल हुए। सत्संग के दौरान स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य को वास्तविक शांति सत्य के मार्ग पर चलने, ईश्वर का निरंतर स्मरण करने और परोपकार की भावना अपनाने से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि सत्कर्म और सेवा भाव ही मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन एवं मोक्ष की ओर ले जाते हैं। स्वर्गीय मदन भगत की आत्मा की शांति तथा परिजनों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम के संजय कुमार, सूरजमल साव, डॉ. डीएन तिवारी, बीरु कुमार, सुरेश प्रसाद, सुबोध साव, संतोष गुप्ता, सूरज गुप्ता, राम हरि साव सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर लोगों ने स्वर्गीय मदन भगत के सामाजिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# अचानक घर में आग लगने से सारा सामान जलकर राख

राष्ट्रीय मुख्यधारा



एमजीएम थाना के गाजाडीह इलाके में रविवार दोपहर अचानक एक घर में आग लग गई। पीड़ित भुनेश्वर प्रसाद के एस्बेस्टस निर्मित मकान में आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय भुनेश्वर प्रसाद और उनकी पत्नी लक्की प्रसाद मजदूरी करने बाहर गए हुए थे, जबकि घर में उनकी बेटी अकेली थी। बेटी ने बताया कि वह दूसरे कमरे में काम कर रही थी, तभी अचानक उसे आग की लपटें दिखाई दीं। आग किस कारण से लगी, इसका उसे पता नहीं चल पाया। कुछ ही देर में धुआं और लपटें पूरे घर में फैल गईं। जान बचाने के लिए वह तुरंत बाहर निकली और जोर-जोर से चिल्लाकर मोहल्ले के लोगों को बुलाया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। लोगों ने तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी, लेकिन गली संकरी होने के कारण अग्निशमन वाहन घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका। इसके बाद स्थानीय लोगों ने लगभग दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अगलगी में घर में रखा टीवी, कपड़े, बर्तन, आवश्यक कागजात तथा बहन की शादी के लिए रखा सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घर में रखी नकद राशि भी आग की भेंट चढ़ गई। पीड़ित वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस घटना में लगभग दो लाख रुपये तक की क्षति हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आग को स्थानीय लोगों के सहयोग से बुझा लिया गया है। पुलिस आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगा रही है। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## आईईडी विस्फोट में घायल सहायक कमांडेंट सहित दो जवान हेलीकॉप्टर से लाए गए रांची, इलाजरत

राष्ट्रीय मुख्यधारा



झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में रविवार तड़के सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित माओवादी संगठन भाकपा (माओवादी) के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट समेत तीन जवान घायल हो गए। सभी घायलों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से रांची लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार सुबह करीब पांच बजे सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे कांबिंग ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान मरांगपोंगा क्षेत्र में नक्सलियों की ओर से लगाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आकर कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक, हेड कांस्टेबल विक्रम यादव तथा एक अन्य जवान संजीव घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद तीनों घायल जवानों को प्राथमिक उपचार देने के बाद हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया। उन्हें शहर के राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार तीनों जवानों की हालत स्थिर बनी हुई है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच इलाके में रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि क्षेत्र में किसी बड़े नक्सली नेता की मौजूदगी हो सकती है। इसके मद्देनजर सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। मुठभेड़ में नक्सलियों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। महानिरीक्षक (अभियान) माइकल राज एस ने पुष्टि करते हुए बताया कि घायल तीनों जवानों को रांची के राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी स्थिति स्थिर है। सारंडा क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान फिलहाल जारी है और सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ ऑपरेशन चला रहे हैं।

## विश्रामपुर नगर परिषद की नई अध्यक्ष बनीं गीता देवी, अखिल भारतीय धोबी महासंघ पलामू ने दी बधाई. राष्ट्रीय मुख्यधारा संवाददाता. मेदिनी नगर

» पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा के पुत्रवधु हैं गीता देवी

राष्ट्रीय मुख्यधारा







**पलामूः** पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर नगर परिषद अध्यक्ष पद पर गीता देवी के निर्वाचित होने की अधिकारिक घोषणा के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और फूल-मालाओं के साथ जीत का जश्न मनाया। गीता देवी, पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा के पुत्र संजय बैठा की पत्नी हैं। स्थानीय लोगो का कहना हैं की गीता देवी के नेतृत्व में नगर परिषद में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। नव निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देने के लिए अखिल भारतीय धोबी महासंघ के पदाधिकारी विश्रामपुर पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल में पलामू जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा, जिला सचिव अजय बैठा, प्रदेश मीडिया प्रभारी (पलामू प्रमंडल) विकास कुमार, प्रखंड अध्यक्ष हुसैनाबाद शशिकांत रंजन, प्रमोद बैठा एवं गुड्डू रजक शामिल थे। महासंघ के पदाधिकारियों ने गीता देवी को फूल-माला एवं गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा उनके सफल और जनहितकारी कार्यकाल की कामना की। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा एवं उनके पुत्र संजय बैठा से भी शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कई विषयो पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर महासंघ के जिला अध्यक्ष ने मेदिनीनगर में आगामी 1 मार्च 2026 को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण भी दिया। उन्होंने बताया कि यह 23 फरवरी क्रो संत गाडगे जी महाराज की जयंती थी लेकिन 23 फरवरी क्रो झारखंड मे नगर निकाय चुनाव के कारण कार्यक्रम नहीं हो पाया था उसी के उपलक्ष्य मे कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं, जोकि सामाजिक एकता और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। गीता देवी की जीत को लेकर विश्रामपुर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और लोगों को उम्मीद है कि नगर परिषद के विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति मिलेगी।

## जमशेदपुर में सैलून संचालक ने दुकान में लगाई फांसी, पारिवारिक विवाद से तनाव की आशंका



राष्ट्रीय मुख्यधारा

जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में एक सैलून संचालक ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बाबूडीह शंकर नगर रोड नंबर-1 निवासी मिथिलेश ठाकुर (39) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मिथिलेश ठाकुर शनिवार देर शाम तक घर नहीं लौटे, जिसके बाद परिवार के लोग चिंतित हो गए। काफी इंतजार के बाद परिजन उनकी कानूभट्ठा स्थित सैलून दुकान पर पहुंचे, तो दुकान अंदर से बंद थी। किसी तरह दरवाजा खोला गया, तो अंदर मिथिलेश फंदे से लटके मिले। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत सिदगोड़ा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि किसी पारिवारिक विवाद के कारण मिथिलेश ठाकुर पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव के चलते उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि, पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और परिजनों सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

## पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी विस्फोट,सहायक कमांडेंट घायल, हालत गंभीर

राष्ट्रीय मुख्यधारा

झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान आज सुबह आईईडी विस्फोट से 209 कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनी गई। घटना की पुष्टि पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेणु ने की है। सुरक्षा बलों को सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर 209 कोबरा बटालियन और जिला पुलिस की संयुक्त टीम सर्च ऑपरेशन के लिए जंगल में निकली थी। टीम दुर्गम और घने इलाके से गुजर रही थी, तभी जमीन के नीचे प्लांट किया गया प्रेशर आईईडी अचानक फट गया। विस्फोट की चपेट में आने से सहायक कमांडेंट अजय मलिक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बाकी जवानों ने मोर्चा संभालते हुए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया। किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी बुलाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस मुख्यालय को तत्काल सूचना दी गई। घायल सहायक कमांडेंट अजय मलिक को तत्काल घटनास्थल से सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार दिया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया गया है। एसपी अमित रेणु ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है और पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।



## होली व रामनवमी से पहले रांची में उत्पाद विभाग की कार्रवाई, नकली विदेशी शराब सहित आठ आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा




होली और रामनवमी पर्व को लेकर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए उत्पाद विभाग लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध एवं नकली शराब बरामद की तथा आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया। उत्पाद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर विधानसभा थाना क्षेत्र के महुआ टोली एवं डहु टोली, नगड़ी थाना अंतर्गत गागी टोली और सेम्बो तथा बेड़ों थाना क्षेत्र के इटा चिनरी गांव में एक साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान इटा चिनरी से 09 पेटी में कुल 290 पीस यानी 73.65 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद की गई। इस मामले में एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में विदेशी शराब, बियर, अवैध चुलाई शराब तथा जावा महुआ जब्त किया गया। अभियान के दौरान कुल सात अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में संजीत मिंज, पिंटू बाड़, अनिल लिंडा, सुनील उरांव, अजय कुजूर, रौशन केरकेट्टा, राजू कच्छप एवं निखिल तिर्की शामिल हैं। उत्पाद विभाग ने आरोपितों के पास से कुल 80.925 लीटर विदेशी शराब, 65.1 लीटर बियर, 9.9 लीटर ब्रिजर, 100 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा लगभग 500 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पर्व-त्योहार के दौरान अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, सोमवार, 02 मार्च, 2026



# बिस्को क्रिकेट टूर्नामेंट में एलआईसी को हराकर बैंक ऑफ इंडिया टीम बनी चैंपियन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (बिस्को) के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन रविवार को स्थानीय ट्रेनीज हॉस्टल के मैदान में हुआ। खिताबी मुकाबले में बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को 59 रनों के विशाल अंतर से परास्त कर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। एलआईसी की टीम को उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा।

28 फरवरी और 1 मार्च को आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल 8 प्रतिष्ठित टीमों ने हिस्सा लिया था, जिनमें बैंक ऑफ इंडिया और एलआईसी के अलावा भारतीय स्टेट बैंक, केनारा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक एवं बिस्को फ्रेटरनिटी की टीमें शामिल थीं। प्रतियोगिता को दो ग्रुपों में बांटकर राउंड रॉबिन पद्धति के आधार पर कुल 12 मैच खेले गए। कड़े संघर्ष के बाद बैंक ऑफ इंडिया और भारतीय जीवन बीमा निगम की टीमें अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंचीं, जहां बैंक ऑफ इंडिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। बैंक ऑफ इंडिया के प्रवीण सिंह को उनके शानदार खेल के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया, जबकि पंजाब नेशनल बैंक के अभिषेक को बेस्ट बैटर और बैंक ऑफ इंडिया के मनीष चंचल को बेस्ट बॉलर का खिताब मिला। क्षेत्ररक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इंडियन बैंक के अजित सोनी को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और भारतीय जीवन बीमा निगम के राकेश कुमार को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर के रूप में सम्मानित किया गया। वहीं, मैदान पर जीवंत कमेंट्री के लिए सुबोध रजक एवं मनोज कुमार को भी पुरस्कृत किया गया।

इससे पूर्व, टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव एवं बिस्को महासचिव राघव कुमार सिंह ने किया था। फाइनल मैच के अवसर पर एलआईसी के शाखा प्रबंधक अजीत शंकर पाण्डेय, चन्दन भारती और कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धेश नारायण दास विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में महासचिव राघव कुमार सिंह के साथ उप महासचिव रामाशीष सिंह, विभास कुमार झा, राजेश श्रीवास्तव, क्रीड़ा सचिव अवधेश कुमार, सहायक महासचिव अवधेश प्रसाद और अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा। मैदान पर बड़ी संख्या में महिला सदस्यों और दर्शकों की मौजूदगी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### फागुनी बयार में सराबोर हुई वसुंधरा गली

**वसुंधरा परिवार की महिलाओं ने मनाया भव्य होली महोत्सव**



**बोकारो** : रंगों का त्योहार होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का उत्सव है। इसी भावना को चरितार्थ करते हुए नगर के सेक्टर- 3बी स्थित वसुंधरा गली में वसुंधरा परिवार महिला मंडली द्वारा एक भव्य और ऊर्जावान होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत होते ही पूरी गली गुलाल के बादलों से सतरंगी हो उठी। महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस मिलन समारोह में उपस्थित महिलाओं ने सामाजिक सौहार्द्र और आपसी प्रेम को समाज की मुख्य धारा बनाने पर बल दिया।

इस अवसर पर होली के पारंपरिक गीतों, लोकधुनों और फिल्मी गानों पर महिलाओं और बच्चों ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। मधुर गीतों के बीच बच्चों की टोली का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम को और भी रोमांचक बनाने के लिए कई मनोरंजक स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर रूपा, अनामिका, रूबी, रेणु, अनीता, कंचन, रश्मि, लक्ष्मी, वीणा, पिंकी, प्रियंका, खुशबू, चंदा सिंह, मुन्नी देवी, अमरावती, सुनीता, आशा, रीमा तथा मोनी सहित अन्य उपस्थित रहीं।

### सम्पूर्ण ब्राह्मण परिवार के होली मिलन में सामाजिक एकजुटता का संकल्प



**बोकारो** : बारी को-ऑपरेटिव स्थित काली मंदिर परिसर में सम्पूर्ण ब्राह्मण परिवार द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के लोग अबीर-गुलाल के रंगों में सराबोर नजर आए और एक-दूसरे को मंगलमय शुभकामनाएं देते हुए आपसी सौहार्द व सामाजिक एकता का संदेश दिया।

समारोह के दौरान उत्सव के साथ-साथ गंभीर सामाजिक और शैक्षणिक मुद्दों पर भी विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने यूजीसी बिल पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और इसके विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। चर्चा के उपरांत समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस बिल के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया।

कार्यक्रम में वी. पाठक, रबींद्र नाथ ओझा, दयानंद चौबे, रणजीत त्रिपाठी, अभय कुमार तिवारी, सुखदेव ओझा, अरुण कुमार पाठक, शिवाजी तिवारी, आर.पी. तिवारी, मनमोहन दूबे, विजय कुमार पांडेय, जनार्दन झा एवं संतोष कुमार ओझा सहित समाज के कई गणमान्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों ने समाज की एकजुटता को भविष्य में भी इसी प्रकार अटूट बनाए रखने का दृढ़ संकल्प लिया।

### डीवीसी के स्वास्थ्य शिविर में 142 ग्रामीणों और बच्चों की हुई मुफ्त जांच



**बोकारो थर्मल** : डीवीसी अस्पताल एवं सीएसआर कोनार डैम परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बांडीसिमर स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सह जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस मानवीय पहल के तहत सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले 142 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें स्कूली बच्चों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी शामिल हुए। शिविर का मुख्य उद्देश्य न केवल इलाज प्रदान करना था, बल्कि समुदाय को गंभीर बीमारियों के प्रति सचेत करना भी रहा।

शिविर के दौरान डीवीसी के अनुभवी चिकित्सक डॉ. बी.एन. मंडल और डॉ. एजाज अहमद ने मरीजों की गहन जांच की और उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित कीं। वर्तमान में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए चिकित्सकों ने विशेष रूप से मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलायी। ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, घरों के आसपास जल-जमाव रोकने और मच्छरों के पनपने पर अंकुश लगाने के व्यावहारिक उपाय सुझाए गए ताकि मौसमी बीमारियों के प्रसार को रोका जा सके।

इस अवसर पर डीवीसी कोनार अस्पताल से दिनेश किस्कू, नंदलाल साव, विवेक केरकेट्टा और सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार व टेकलाल महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डीवीसी अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों ने डीवीसी की इस पहल की हृदय से सराहना की और भविष्य में भी सुदूरवर्ती इलाकों में इसी तरह के नियमित शिविर आयोजित करने की मांग की।

## गुलाल और फूलों की बारिश के बीच होली महोत्सव संग भागवत कथा का विराम

» जीवन के हर रंगों को दर्शाने वाला त्योहार है होली : पं. गोविंद कृष्ण

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट की ओर से नगर के सेक्टर 2डी स्थित श्यामा माई मंदिर (मिथिला काली मंदिर) में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा वृष्टि सह होली महोत्सव का समापन रविवार को फगुआ मिलन के साथ हो गया। वृंदावन से पहुंचे कथावाचक पं. गोपाल कृष्ण शास्त्री ने कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं पर फूलों और अबीर-गुलाल की बारिश कर भक्तिमय वातावरण में होली के आनंद का रस घोल दिया।

कथा-विश्राम के बाद देर तक होली उत्सव का आनंद लोगों ने लिया। श्रद्धालुओं ने भी एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। पं. गोपाल शास्त्री ने कहा कि होली जीवन में हर तरह के रंगों को दर्शाने वाला त्यौहार है। यह सभी रसों से युक्त जीवन-निर्माण के साथ-साथ समाज में सद्भाव, सौहार्द, प्रेम और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इस क्रम में पं. गोपाल के साथ वृंदावन से आई भजन मंडली और कलाकारों की टोली ने ब्रज में कृष्ण और राधा की होली की मनभावन झांकी भी प्रस्तुत की। प्रत्येक दिन कथा के दौरान भक्ति गीत-संगीत और झांकियों ने वातावरण की खूबसूरती में चार चांद लगा दिया।

सात दिवसीय इस अनुष्ठान को सफल बनाने में मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चन्द्र झा, महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर सहित यज्ञाचार्य पं. राहुल शर्मा, मुख्य यजमान सुशीला मिश्र, कौशलेंद्र मिश्र, सतीश चंद्र मिश्र, कैलाश कुमार मिश्र, अरुण कुमार ठाकुर, प्रमिला देवी, किरण मिश्र, पं गोविंद झा, पं. गौरी शंकर झा, सुशील कुमार झा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दिलों को जोड़ने व भाईचारे को बढ़ावा देती है होली का त्योहार : डॉ अशोक

» ओरमो के देव ग्रुप इंस्टिट्यूट में होली मिलन समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**कसमार (बोकारो)** : रंगों के पावन पर्व होली को लेकर रविवार को कसमार प्रखंड के ओरमो स्थित देव ग्रुप आफ इंस्टिट्यूट के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्यों, प्रबुद्ध जनों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आपसी भाईचारे व सौहार्द का परिचय दिया। समारोह को संबोधित करते हुए देव ग्रुप के निदेशक डॉ अशोक कुमार देव ने कहा होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का पर्व है। देव ग्रुप का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से समाज में प्रेम और एकजुटता की भावना को सुदृढ़ करना है। इस दौरान एक-दूसरे को गुलाल लगाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने बताया इस साल से नए सत्र में एलिक्जर इंग्लिश स्कूल की भी शुरुआत अप्रैल माह से की जा रही है। उन्होंने कहा कि ओरमो में शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर अन्य कई तरह की शैक्षणिक संस्थान के माध्यम से सेवा की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने पारंपरिक पकवानों का आनंद लिया। मौके पर देव ग्रुप के निदेशक डॉ अशोक कुमार, सचिव सुषमा कुमारी, समाजसेवी सूरज प्रकाश जायसवाल, उमेश जायसवाल, उमेश कुमार महतो, झब्बुलाल महतो, कैलाश करमाली, पंकज जायसवाल, गोवर्धन महतो, धनंजय स्वर्णकार, संतोष कुमार, मनोज कुमार, अब्दुल जब्बार अंसारी, अनिल महतो, दिलीप कुमार महतो, वीरेंद्र कुमार महतो, डॉ जीतलाल महतो अशोक महतो, अखिलेश महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रंग-बिरंगी यादों के साथ संपन्न हुआ बोकारो का बसंत मेला

» सांस्कृतिक विविधता के साथ औद्योगिक प्रगति का दिखा अनुपम संगम

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : सेक्टर 5 स्थित पुस्तकालय मैदान में आयोजित दो दिवसीय बसंत मेला 2026 का रविवार को रंगारंग समापन हो गया। शनिवार से शुरू हुए इस उत्सव ने पूरे शहर को उल्लास और उमंग के रंगों में सराबोर कर दिया। समापन के अवसर पर भारी जनसैलाब उमड़ा, जिससे पूरा मेला परिसर छोटा नजर आने लगा। छुट्टी का दिन होने के कारण नगर वासियों ने परिवार के साथ मेले के अंतिम क्षणों का जमकर आनंद लिया। मेले का औपचारिक शुभारंभ शनिवार को बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन द्वारा झंडा फहराकर और गुब्बारे उड़ाकर किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने बोकारो की प्रशंसा करते हुए कहा था कि यह बहुभाषी और बहु-सांस्कृतिक शहर देश की विविधता को दर्शाता है। मेले का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना और बीएसएल की औद्योगिक प्रगति से लोगों को अवगत कराना था। दो दिनों तक चले इस आयोजन में लोगों ने इस्पात उत्पादन प्रक्रिया से जुड़े मॉडल्स और शहर के विकास कार्यों की जानकारी बड़े ही उत्साह से प्राप्त की।

**106 स्टाल और सेल्फी पॉइंट्स रहे आकर्षण का केंद्र**-इस वर्ष मेले में कुल 106 स्टाल सजाए गए थे, जिनमें बीएसएल के विभिन्न विभागों के 37 स्टालों ने अपनी तकनीकी उपलब्धियों को रोचक तरीके से प्रदर्शित किया। नगर प्रशासन, बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच), सीएसआर और जन संपर्क विभाग के स्टालों पर लोगों की काफी भीड़ रही। युवाओं के लिए विशेष रूप से बनाए गए सेल्फी पॉइंट्स रविवार को भी आकर्षण का केंद्र रहे, जहां लोग अपनी यादों को कैमरों में कैद करते नजर आए। खाने-पीने के शौकीनों के लिए फूड स्टाल और बच्चों के लिए मीना बाजार व झूलों ने मेले की रौनक को दोगुना कर दिया।

**रॉक बैंड और रैफल ड्रा के साथ हुआ समापन**-समापन समारोह के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। जहां पहले दिन स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियों और छऊ नृत्य ने मन मोहा था, वहीं रविवार की शाम रॉक बैंड की धमाकेदार प्रस्तुति के नाम रही। रॉक बैंड की धुनों पर शहर के युवा देर शाम तक झूमते रहे। कार्यक्रम के अंत में महिला समिति द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित रैफल ड्रा के परिणामों की घोषणा की गई, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। समारोह में महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन, बीएसएल के अधिशासी निदेशक और अन्य वरीय अधिकारी सपरिवार उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन के साथ ही बसंत मेला अपनी यादें छोड़कर अगले वर्ष तक के लिए विदा हो गया।

## बसंत मेला में मिथिला महिला समिति का स्टॉल रहा आकर्षण का केंद्र

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : बसंत मेला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मैथिलों की प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति का स्टॉल भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। यहां विभिन्न तरह के स्वादिष्ट व्यंजन व पकवान लोगों को पसंद आ रहे थे वहीं मिथिला पेंटिंग का एक अलग ही आकर्षण रहा। मिथिला पेंटिंग आर्टिस्ट रुचि प्रेरणा द्वारा निर्मित मिथिला पेंटिंग की कलाकृतियां, साड़ी, दुपट्टा, बैग आदि लोगों को आकर्षित कर रहे थे। बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री प्रियरंजन व बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी मिथिला महिला समिति के स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा ने बीएसएल के डीआई प्रिय रंजन को मिथिला पेंटिंग से सुसज्जित पाग व महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन को मिथिला पेंटिंग युक्त दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन में मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित किरण मिश्रा, अमिता झा, आशा झा, शीला मिश्रा, इंदिरा झा, सीमा झा, बीणा झा, जयंती पाठक, बीनू चौधरी, पूनम झा, प्रीति प्रिया, बबिता झा, प्रेरणा ओझा, बिनीता राय, पद्मा चौधरी आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## डीवीसी की उन्नति में कर्मियों का पसीना और परिश्रम : अनुभवी

» विदाई समारोह में परियोजना प्रधान ने सेवानिवृत्तकर्मियों के योगदान को सराहा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**चंद्रपुरा (बोकारो)** : दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रशासनिक भवन में रविवार को पांच डीवीसी कर्मियों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भावभीनी विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली क्षण में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान राम कुमार अनुभवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया और डीवीसी के गौरवपूर्ण इतिहास में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री अनुभवी ने कहा कि डीवीसी को आज जिस ऊंचाई पर हम देख रहे हैं, उसे वहां तक ले जाने में हमारे इन पूर्व सहयोगियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनके कठिन परिश्रम और अटूट निष्ठा के बल पर ही यह संस्थान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने अनुशासन और टीम वर्क पर जोर देते हुए कहा कि कठिन कार्यों को चुनौती के रूप में स्वीकार करने और उच्च आदेशों का अक्षरशः पालन करने से ही सफलता के नए मार्ग प्रशस्त होते हैं। परियोजना प्रधान ने सेवानिवृत्त कर्मियों—विजय कुमार पांडेय, नरेंद्र कुमार सिंह, बैजून मांझी, आनंद प्रमाणिक और भीमसेन गोराई के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की और उन्हें परिवार व समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डी.सी. पांडेय ने कर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके द्वारा किए गए कार्यों से ही चिरकाल तक बनी रहती है। उन्होंने कहा कि संस्थान के उत्थान के लिए किया गया हर नेक कार्य भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनता है। समारोह का कुशल संचालन अनिमेष गिरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (वित्त) ललन प्रसाद गुप्ता, कंचन स्मिता टोप्पो, सत्येन्द्र कुमार, पायल वोहरा, सुधांशु रंजन, उमेश शर्मा, राजीव रंजन सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह और अक्षय कुमार सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त कर्मी विजय कुमार पांडेय और नरेंद्र कुमार सिंह के सम्मान में ई.एम.पी.सी. विभाग द्वारा भी एक पृथक समारोह आयोजित किया गया। विभाग के उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, सत्येंद्र कुमार, राजीव तिवारी, सुबोध कुमार पासवान और अशोक झा ने दोनों कर्मियों के तकनीकी कौशल की प्रशंसा करते हुए उन्हें विदाई दी।

## आरओबी उद्घाटन विवाद : सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने लगाया आरोप

» भ्रष्टाचार छिपाने के लिए प्रबंधन को थी उद्घाटन की हड़बड़ी

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो थर्मल** : बोकारो थर्मल में डीवीसी के नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का 27 फरवरी को होने वाला उद्घाटन टलने के बाद गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने रविवार को तीखा हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन सुरक्षा और तकनीकी मानकों की अनदेखी कर अधूरा उद्घाटन करना जनता की जान से खिलवाड़ है। सांसद ने घोषणा की कि वे इस पूरे मामले और डीवीसी की कार्यप्रणाली को आगामी लोकसभा के बजट सत्र में प्रमुखता से उठाएंगे, जहां डीवीसी के प्रोजेक्टों और टेंडर सिस्टम को कोलकाता में केंद्रित करने की नीति के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी और सभी बड़े टेंडरों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी।

सांसद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने डीवीसी प्रबंधन से क्वालिटी जांच रिपोर्ट, 10 वर्षों का लंबा समय लगने के बावजूद कार्य अधूरा रहने और 'वर्क कंप्लीशन सर्टिफिकेट' के बिना उद्घाटन की जल्दबाजी पर कई सवाल पूछे थे, परंतु उनके सवालों का डीवीसी ने कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। प्रबंधन द्वारा जो भी आंशिक जवाब दिया गया, वह केवल समाचार पत्रों के माध्यम से दिखा जो कि पूरी तरह से गलत था। सांसद के अनुसार, 153 टन के लोड टेस्टिंग और सुरक्षा प्रमाण पत्र के बिना पुल को जनता के लिए खोलना किसी बड़े हादसे को दावत देना था और उद्घाटन करके संवेदक को अनुचित लाभ पहुंचाने की योजना साफ झलक रही थी।

सांसद चौधरी ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आरओबी निर्माण में हुए लंबे विलंब के कारण इसकी लागत भी निश्चित रूप से बढ़ी होगी। उन्होंने यह भी मुद्दा उठाया कि भारत सरकार का उपक्रम होने के बावजूद पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के पीएफ एवं ईएसआई की कटौती सहित उनके बैंक पेमेंट का कोई भी रिकॉर्ड नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बिना वर्क कंप्लीशन सर्टिफिकेट के उद्घाटन करने से बेहतर होता कि डीवीसी एक-एक पिलर का अलग-अलग उद्घाटन करवा लेता। पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा है और मजदूरों के हक तथा सुरक्षा मानकों की रक्षा के लिए आगामी बजट सत्र में डीवीसी के टेंडर सिस्टम की जांच का मामला उठाने का संकल्प लिया है। सांसद ने अंत में आश्वस्त किया कि जैसे ही सभी अधूरी और तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी हो जाएंगी, इस आरओबी का जल्द उद्घाटन कर इसे आम जनता और डीवीसी कामगारों को सौंप दिया जाएगा। इस दौरान उनके साथ प्रतिनिधि दीपक महतो एवं जितेंद्र यादव भी मौजूद थे।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, सोमवार, 02 मार्च, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### नवनिर्वाचित महापौर संजीव सिंह को राज सिन्हा ने मिलकर दी बधाई



**धनबादः** धनबाद के लोकप्रिय विधायक राज सिन्हा ने धनबाद नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर संजीव सिंह के सिंह मेंशन स्थित आवास पर पहुँचकर पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा मुँह मीठा कराकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि संजीव सिंह के नेतृत्व में धनबाद नगर निगम क्षेत्र विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा और शहर के सर्वांगीण विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा।

इस अवसर पर झरिया विधायक रागिनी सिंह, उमेश सिंह, शंभू सिंह, उमेश हेलीवाल, अमलेश सिंह, तमाल राय, मनोज मालाकार, टुन्नू यादव, लक्ष्मण मिश्रा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद मुआवजे के आश्वासन पर 12 घंटे बाद हटा जाम



**बोकारो** : जरीडीह थाना क्षेत्र के तांतरी पेट्रोल पंप के समीप शनिवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना के बाद उपजा जनाक्रोश रविवार को प्रशासनिक आश्वासन के बाद शांत हुआ। बालीडीह ओपी अंतर्गत मानगो निवासी 22 वर्षीय मिथलेश रजक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जैनामोड़-फुसरो मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था। लगभग 12 घंटे तक चले इस गतिरोध के बाद प्रशासन और परिजनों के बीच बनी सहमति के उपरांत रविवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और सड़क पर वाहनों का आवागमन पुनः शुरू हो सका।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक मिथलेश रजक शनिवार रात अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान तांतरी पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे छड़ (सरिया) लदे एक 407 मिनी ट्रक का अगला टायर अचानक फट गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक से जा टकराया। आनन-फानन में ग्रामीणों ने घायल मिथलेश को इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर फैलते ही ग्रामीण उग्र हो गए और दुर्गा मंदिर के समीप मुख्य सड़क को जाम कर दिया।

जाम के कारण शनिवार देर रात से रविवार सुबह तक भारी वाहनों और लंबी दूरी की बसों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए जरीडीह अंचल अधिकारी प्रणव ऋतुराज और थाना प्रभारी बिपिन महतो ने परिजनों व स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ लंबी वार्ता की। प्रशासन ने मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने, वाहन मालिक से उचित मुआवजा दिलवाने और आपदा प्रबंधन विभाग के तहत मिलने वाली सरकारी राशि दिलाने का ठोस आश्वासन दिया। वार्ता में मृतक के पिता जुमन धोबी, झामुमो जिला सचिव अखिलेश उर्फ राजू महतो, जिलाध्यक्ष रतन लाल मांझी, हीरालाल मांझी, मुखिया गिरिन्द मिश्रा और पीयूष आचार्य मुख्य रूप से शामिल थे। प्रशासन के सकारात्मक रुख के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# संजीव सिंह ने रिकॉर्ड मतों से दर्ज की जीत, चन्द्रशेखर अग्रवाल को भारी अंतरों से हरा बने मेयर

» शमशेर आलम अंसारी तीसरे तो संजीव कुमार चौथे नम्बर पर रहे

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन





**धनबादः** कोयलांचल की सबसे हॉट सीट माने जाने वाली इस मेयर सीट पर आखिरकार संजीव सिंह ने अपना परचम लहराया 10 राउंड की लंबी मतगणना के बाद संजीव सिंह ने 1,14,362 वोट हासिल कर एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चन्द्रशेखर अग्रवाल को 31,902 मतों के अंतर से पराजित किया।

मतगणना के पहले राउंड से ही संजीव सिंह ने जो बढ़त बनाई, वह आखिरी राउंड तक टूट नहीं सकी। पहले राउंड में संजीव को 15,791 वोट मिले, जबकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी चन्द्र शेखर अग्रवाल 10,524 वोटों पर सिमट गए। राउंड-दर-राउंड यह बढ़त बढ़ती ही गई। बीच के राउंड्स (3,4) में चन्द्र शेखर अग्रवाल ने वापसी की कोशिश की, लेकिन संजीव सिंह के गढ़ में सेंध लगाना नामुमकिन साबित हुआ।

इस चुनाव में शमशेर आलम अंसारी ने भी अपनी ताकत दिखाई। खासकर तीसरे राउंड में उन्होंने 11,366 वोट बटोर कर मुकाबले को रोचक बना दिया था, लेकिन अंततः वे 59,079 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं संजीव कुमार (57,895 वोट) चौथे और प्रकाश कुमार (21,727 वोट) पांचवें स्थान पर रहे।

- कुल पोल हुए वोटः 4,61,509
- कुल वैध मतः 4,29,782
- अस्वीकृत मत : 31,727 (एक बड़ा आंकड़ा)
- जीत का अंतरः 31,902 वोट

धनबाद के इस चुनाव में 31,727 वोट रिजेक्ट हुए हैं। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि यह हार-जीत के अंतर के लगभग बराबर है। जानकारों का मानना है कि ईवीएम या पोस्टल बैलेट की तकनीकी जानकारी के अभाव में इतने भारी संख्या में वोट रद्द हुए हैं, जो कई छोटे उम्मीदवारों को मिले कुल वोटों से भी अधिक है।

**प्रमुख दावेदारों की स्थिति**
- संजीव सिंहः 1,14,362
- चन्द्रशेखर अग्रवालः 82,460
- शमशेर आलम अंसारीः 59,079
- संजीव कुमारः 57,895
- प्रकाश कुमारः 21,727

## बलियापुर में दो दुकानों से नकदी समेत ढाई लाख के कीमती कपड़ों की चोरी

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**बलियापुर (धनबाद)**: बलियापुर थाना क्षेत्र के हटिया के पास स्थित जीशान क्लॉथ स्टोर एवं न्यू चाहत रेडीमेड दुकान से शनिवार की रात चोरों ने नगद 65 हजार रुपये सहित ढाई लाख से अधिक मूल्य के कीमती कपड़ों पर हाथ साफ कर दिया। मालूम हो की जीशान क्लॉथ स्टोर, न्यू चाहत रेडीमेड दुकान एवं स्टार टेलर एक ही भवन परिसर में संचालित है तथा तीनों दुकान मोहम्मद इस्लाम एवं उनके पुत्र मोहम्मद जीशान द्वारा संचालित होता है। चोरी गए सामानों में साड़ी, शर्ट, टी-शर्ट, जींस पैंट आदि शामिल है।

घटना की सूचना मिलते ही रविवार को थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी ली। जांच के क्रम में पुलिस ने घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर आश्रम के पास गंजी से भरा दो पैकेट एवं एक साड़ी बरामद किया है। संभवत चोरों ने घटना को अंजाम देने के पश्चात इसी जगह सामानों का बंटवारा किया होगा। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले चोरों की तलाश में जुट गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही मामले का उदभेदन कर लिया जाएगा।

भुक्तभोगी दुकानदार मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि शनिवार की रात करीब 8:45 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे दुकान खोला तो तीनों दुकानों का समान अस्त व्यस्त देख दंग रह गया।

## स्व. शिवनारायण महतो मेमोरियल क्रिकेट में बरई की टीम बनी चैंपियन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो थर्मल** : नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित गोनियाटो पंचायत के गोसाईं टोंगरी मैदान में आयोजित 17वें स्व. शिवनारायण कुमार महतो मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक समापन रविवार को हुआ। युवा विकास क्लब एवं ग्राम विकास समिति द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में युवा विकास क्लब, बरई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए युवा क्लब, परसाबेड़ा को 16 रनों से पराजित कर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बरई की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 7 विकेट खोकर 96 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी परसाबेड़ा की टीम ने संघर्ष तो किया, लेकिन निर्धारित ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर मात्र 77 रन ही बना सकी और उसे उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा। इस जीत के साथ ही विजेता टीम को दस हजार रुपये और उपविजेता टीम को सात हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व, मैच का औपचारिक उद्घाटन आजसू के राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो, समाजसेवी टेकलाल महतो और मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मरांडी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों ने खेल के माध्यम से आपसी भाईचारा बढ़ाने और खेल भावना को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अध्यक्ष काजल उर्फ तुलसी कुमार महतो, उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, सचिव बीरेंद्र कुमार महतो और कोषाध्यक्ष अशोक तुरी के साथ-साथ दिनेश कुमार महतो, दिलीप मरांडी एवं अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। मैच के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण उपस्थित थे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## भूली ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** भूली ओपी परिसर में होली और ईद के उपलक्ष्य में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अभिनव कुमार, प्रभारी, भूली ओपी ने की। इस अवसर पर, शांति समिति के सदस्यों ने होली और ईद को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के संबंध में अपने विचार साझा किए। अभिनव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशासन होली और ईद के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए आवश्यक सभी तैयारियां कर रहा है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान शांति बनाए रखने के लिए सभी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि जो भी व्यक्ति वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास करेगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, अफवाहों से निपटने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और जो कोई भी इस तरह के प्रयासों में शामिल होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से अफवाहों से सावधान रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना 122 पर तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया।

बैठक के बाद, अभिनव कुमार ने धनबाद नगर निगम चुनाव 2026 में विजयी प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को बधाई देने के लिए पुष्प एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किए।

वही भूली ओपी परिसर में सभी वार्ड के विजयी पार्षद प्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति ने इस महत्वपूर्ण अवसर को और भी विशेष बना दिया।

इसके पश्चात अभिनव कुमार ने होली और ईद के पावन पर्व पर सभी को गुलाल लगाकर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समाज में प्रेम और सौहार्द की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। इस मौके पर उपस्थित सीता राणा, मिथलेश पासवान, पूर्व पार्षद रंजीत कुमार उर्फ बिल्लू, अशोक यादव, ब्रजेश सिंह, इम्तियाज अंसारी, मो सद्दाम, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार चौधरी उर्फ गुड्डू चौधरी, अरुण कुमार मंडल, विजय नारायण पाण्डेय, नंदकिशोर पासवान, नीरज शर्मा, संकट मोचन पाण्डेय, गंगा बाल्मीकि, मानस रंजन पाल, पंकज सिंह, रवि सिंह, मनोज कुमार सिंह, मनोहर उस्ताद, सरजू शर्मा और संजय सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

## स्थानीय प्रतिभाओं को वैश्विक पहचान दिलाने का अभियान है लोकल फॉर वोकल : उपायुक्त

» गांधी शिल्प बाजार का किया निरीक्षण, स्वदेशी उत्पादों और हस्तशिल्प की सराहना

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : नगर के सेक्टर-4 स्थित मजदूर मैदान में आयोजित गांधी शिल्प बाजार रविवार को आकर्षण का केंद्र बना रहा। बोकारो के उपायुक्त (डीसी) श्री अजय नाथ झा ने मेले का भ्रमण कर विभिन्न स्टालों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान पूरे बाजार में उत्साह, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। उपायुक्त ने हस्तशिल्प और बुनकरों के कौशल को करीब से देखा और उनकी कला की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने गांधी शिल्प बाजार में सजे विभिन्न हैंडक्राफ्ट, हस्तकरघा और स्थानीय उत्पादों के स्टालों पर जाकर कारीगरों से सीधा संवाद किया। उन्होंने स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा निर्मित सामग्रियों का बारीकी से अवलोकन किया। श्री झा ने कहा कि लोकल फॉर वोकल केवल एक सरकारी अभियान नहीं है, बल्कि यह हमारी स्थानीय प्रतिभाओं को वैश्विक पहचान और उचित सम्मान दिलाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कारीगरों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके आर्थिक स्वावलंबन पर जोर दिया।

अपने संबोधन में उपायुक्त श्री झा ने जिले के नागरिकों से विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि लोग अधिक से अधिक स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को अपनी जीवनशैली में अपनाएं। इससे न केवल क्षेत्र के गरीब और मेहनती कारीगरों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने रेखांकित किया कि ऐसे आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ी के लिए संजोने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

गांधी शिल्प बाजार वर्तमान में केवल खरीदारी का केंद्र न रहकर स्थानीय कला, संस्कृति और उद्यमशीलता के उत्सव के रूप में उभर रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से सपरिवार बाजार आने का आग्रह किया है, ताकि वे स्वदेशी वस्तुओं का समर्थन कर स्थानीय शिल्पकारों की आजीविका को सशक्त बना सकें। मेले में मिल रहे जनसमर्थन से स्पष्ट है कि बोकारो वासी स्वदेशी की भावना से ओत-प्रोत हैं।

**होली कनक भवन में खेलथि सिया रघुवीर...**

## सिटी पार्क में संपूर्ण विप्र समाज ने सोल्लास मनाया होली मिलन समारोह

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो** : रविवार को बोकारो के सिटी पार्क में सम्पूर्ण विप्र समाज का स्थापना दिवस सह विप्र होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रो यदुनाथ पांडेय, रवींद्र पांडेय सहित काफी संख्या में गणमान्य विप्रगण उपस्थित थे। समारोह का प्रारंभ संपूर्ण विप्र समाज के बोकारो जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र द्वारा भगवान परशुराम की पूजा के बाद आगत अतिथियों व संस्था के पदाधिकारियों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन के बाद दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। संपूर्ण विप्र समाज बोकारो जिला अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र ने स्वागत भाषण में संस्था की गतिविधियों व भावी कार्ययोजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए सभी से समाज के लोगों के लिए सहयोग की भावना रखने की बात कही। पूर्व सांसद रवीन्द्र पांडेय ने समाज को जागरूक होने की अपील की। संरक्षक पी एन पांडेय ने कहा कि समाज की एकजुटता देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस अवसर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला के सचिव व प्रसिद्ध गायक अरुण पाठक ने होली गीत बिरज में होली खेलत नंदलाल... की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायक संतलाल मिश्रा, ब्रज भूषण त्रिपाठी, अरविंद त्रिपाठी, अंगद ओझा,कृष्णा तिवारी, वीरेन्द्र पांडेय, पं चंदन शास्त्री व अन्य कलाकारों ने भजन व होली गीतों की सुंदर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम में नाल पर वीरेन्द्र पांडेय, की बोर्ड पर पंकज मिश्रा, आक्टोपैड पर देवेश त्रिपाठी ने संगति की। सांस्कृतिक कार्यक्रम विनय कुमार मिश्र के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम कार्यक्रम का संचालन विप्र समाज के जिला महासचिव श्रवण कुमार झा ने किया।

## चंदन स्टूडियो द्वारा धूमधाम से मनाया गया दोल उत्सव, लगभग 500 महिलाएं, पुरुष और बच्चे हुए शामिल

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** रविवार को राजेंद्र सरोवर पार्क, बेकार बांध में चंदन स्टूडियो द्वारा अष्टम वर्ष "दोल उत्सव" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंगाली समुदाय की पारंपरिक दोल उत्सव संस्कृति को सांस्कृतिक स्वरूप में प्रस्तुत करना था।

दोल उत्सव की परंपरा की प्रेरणा विश्वभारती विश्वविद्यालय से जुड़ी है, जहां रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित संस्थान में वर्ष 1920 से इसे सांस्कृतिक-शैक्षिक वातावरण में संगीत, नृत्य, कविता और रंगों के साथ वसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए चंदन स्टूडियो पिछले आठ वर्षों से झारखंड धनबाद में इस आयोजन का संचालन कर रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड 25 के पार्षद प्रियरंजन, डॉ.शर्मिला बनर्जी, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य, बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष कंचन दे, झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की रीना मंडल, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल के निदेशक आशीष मंडल , साहित्यकार तपन राय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत बच्चों ने फूल एवं हर्बल गुलाल से किया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रूमिंग क्लब द्वारा रवींद्र संगीत "ओरे गृहोबासी" पर पार्क परिक्रमा नृत्य से हुई। इसके बाद विभिन्न नृत्य विद्यालयों की छात्राओं ने वसंत पर आधारित रवींद्र नृत्य प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में धनबाद के प्रतिष्ठित नृत्य विद्यालय, सांस्कृतिक शिक्षण केंद्र-सरायढेला, गुरु सूर नृत्य संगम, सास्वती सेन डांस अकैडमी-झरिया, साधना डांस अकैडमी हीरापुर, नृत्य मलिका, नूपुर डांस एकेडमी जामाडोबा, साधना डांस एवं जुंबा स्टूडियो कार्मिक नगर, कविता आचार्य डांस ग्रुप, पैशेनेट कलाकार जेसी मलिक रोड, ग्रूमिंग क्लब हीरापुर, लोकनाथ कला केंद्र गांधी रोड, नच बलिए, नूपुर डांस एकेडमी मनईटांड़ कें बच्चों ने भाग लिया।

उत्सव में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 500 महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान महिलाएं और बच्चे पीले वस्त्र एवं पलाश पुष्पों के श्रृंगार में हर्बल गुलाल की होली खेलते नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों, बच्चों और अभिभावकों के लिए लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

मंच संचालन शिल्पी घोष और संचिता मजूमदार ने किया। समापन पर कुशन सेनगुप्ता के रवींद्र संगीत "रांगिए दिए जाओ" पर सभी टीमों ने सामूहिक नृत्य कर उत्सव को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर आरती साव, संगीता, काकूली, संजय सेनगुप्ता, दीपा, संतोष सील, गौरव मोदक, झरना, नूपुर, उर्मिला,अनन्या , संपास मेकओवर से संपा,गुफ्ती फैशन से इशिका, तत्यम से अभिजीत ,आइ बॉक्स सर्विसेज से विमलेश, व चंदन स्टूडियो के प्रोडक्शन टीम में राजकुमार, नील ,अमित , हेमंत, मनोज कार्यक्रम का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, सोमवार, 02 मार्च, 2026



# प्रकृति संग आस्था का उत्सवः धूमधाम से मना दिसोम बाहा पोरोब

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**दुमका** : दिसोम जाहेर थान में रविवार को दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू के नेतृत्व तथा दिसोम नायकी बाबा सीताराम सोरेन की अगुवाई में दिसोम बाहा पोरोब पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह नायकी बाबा द्वारा स्नान के पश्चात मरांग बुरू भक्तों के साथ जाहेर ऐरा, गोसाई ऐरा, ठाकुर जी, मोड़ेंकु तुरूयकु और मरांग बुरू सहित इष्ट देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा परंपरा अनुसार मुर्गा की बलि दी गई। बलि के पश्चात खिचड़ी बनाकर प्रसाद के रूप में सामूहिक रूप से ग्रहण किया गया।

इस अवसर पर बाहा गीतों की गूंज के बीच पारंपरिक बाहा नृत्य ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। नायकी बाबा सीताराम सोरेन ने बताया कि बाहा संताल समुदाय का दूसरा सबसे बड़ा और पवित्र पर्व है, जो फागुन मास में प्रकृति की पूजा के रूप में मनाया जाता है। पेड़ों पर नए पत्तों और सखुआ के फूलों के खिलने के साथ इस उत्सव की शुरुआत होती है। सखुआ और महुआ के फूलों से पूजा कर प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है तथा एक-दूसरे पर शुद्ध जल छिड़ककर प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया जाता है।

इस आयोजन में संताल परगना के विभिन्न क्षेत्रों से आए मरांग बुरू भक्तों की सक्रिय भागीदारी रही। आसपास के गांवों और विभिन्न कल्याण छात्रावासों में रह रहे छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। मौके पर चुंडा सोरेन 'सिपाही', टेकलाल मरांडी, अशोक हांसदा, इंद्रजीत हेंब्रम, बी. डी. किस्कू, चंद्रनाथ हेंब्रम, नीलेश हांसदा, रामप्रसाद हांसदा, मोहन टुडू, दशमत किस्कू, शिवकांत मुर्मू, प्रेम हांसदा, संदीप मुर्मू, संदीप हांसदा, साहेबराम किस्कू, शीतल मरांडी, झुमरी सोरेन, मोनोदी सोरेन, लवकिशोर टुडू, सन्नी बेसरा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संवाद से समाधानः महिला कोषांग बैठक में आठ पारिवारिक विवाद सुलझे



दुमका : महिला थाना में रविवार सुबह आयोजित महिला कोषांग की बैठक में पारिवारिक विवादों से जुड़े कुल आठ मामलों का आपसी समझौते और कानूनी प्रक्रिया के तहत निष्पादन किया गया। बैठक में सदर दुमका के अनु. पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार महतो, महिला थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग, समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार घोष, अधिवक्ता वीणा कुमारी, सेवानिवृत्त शिक्षिका नीलू, मेडिकल ऑफिसर डॉ. बबीता अग्रवाल, अधिवक्ता डॉ. कुमार प्रभात तथा किरण कुमारी मौजूद रहीं।

बैठक के दौरान नमिता कुमारी बनाम नारायण गोराई, नोमित हेंब्रम बनाम सिदु मरांडी, मेरीता सोरेन बनाम चुनड़ा हेंब्रम, सविता गोराई बनाम रंजीत गोराई, प्रमिला मरांडी बनाम मनोज टुडु एवं छीता हेंब्रम, ज्योति कुमारी बनाम विकास कुमार गुप्ता, मंटु राय बनाम जितनी देवी तथा पानसुरी मुर्मू बनाम अखीलेश मरांडी के मामलों की सुनवाई की गई।

उपस्थित सदस्यों ने संवाद, सलाह और कानूनी मार्गदर्शन के माध्यम से सभी मामलों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास किया। महिला कोषांग की इस पहल को पारिवारिक विवादों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। महिला थाना द्वारा इस प्रकार की बैठकें समय-समय पर आयोजित कर महिलाओं को सहयोग और न्याय उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### होली पर शांति बनाए रखने को डुमरी व निमियाघाट थाना में बैठक




**डुमरीः** होली पर्व 2026 के मद्देनज़र शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को डुमरी थाना और निमियाघाट थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रबुद्ध नागरिक, शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, डीजे संचालक तथा मस्जिदों के इमाम, सदर और सेक्रेटरी शामिल हुए। इस दौरान होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर व्यापक चर्चा हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं दिया जाएगा, अश्लील या फूहड़ गीत नहीं बजाए जाएंगे, डीजे का उपयोग नहीं होगा और किसी पर जबरन रंग-अबीर नहीं लगाया जाएगा। साथ ही यह भी तय हुआ कि किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वाले कृत्यों से दूर रहा जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार की खुशियों में खलल डालने, आपसी सौहार्द बिगाड़ने या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अवैध महुआ शराब की बिक्री और निर्माण पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान भी चलाया जाएगा।

डुमरी थाना में बैठक का संचालन थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने किया। बैठक में इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद, बरकत अली, राजकुमार पांडेय, नन्दलाल शर्मा, कमलापति मंडल, निर्मल जायसवाल, गंगाधर महतो, गुड्डु मलिक, रोहित कुमार, अखिलेश राणा, पप्पू सिन्हा, दीपक कुमार, चांदी महतो, आकाश रंगरेज, जागेश्वर महतो, विवेक कुमार, जगरनाथ ठाकुर, सुरेश शर्मा, सुरेश ठाकुर, कामेश्वर मंडल, बीरबल पंडित, अशोक पांडेय, लिलो महतो सहित कई लोग उपस्थित रहे।

वहीं निमियाघाट थाना में बैठक का संचालन थाना प्रभारी सुमन कुमार ने किया। इस अवसर पर दिनेश महतो, जागेश्वर यादव, जमाल अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, शौकत अली, रामेश्वर चौधरी, दीपक कुमार, युगल किशोर यादव, तेजलाल महतो, मौजीलाल महतो, दौलत कुमार, कृष्ण कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने आश्वस्त किया कि होली को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जाएगी।

### एसबीआई लाइफ के होली मिलन में खूब उड़े अबीर गुलाल



**गोला** | एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का होली मिलन समारोह होटल ला मैरिटल रामगढ़ में आयोजित किया गया। इस दौरान शाखा के ब्रांच मैनेजर बिनोद कुमार यादव ने सभी को होली त्योहार की शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि होली भाईचारगी का त्योहार है। इसलिए सभी लोग इस पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए। उन्होंने कहा कि इस बार होली का त्योहार 4 मार्च को मनाया जाएगा। इसके बाद मौके पर मौजूद कंपनी के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मौके पर फील्ड मैनेजर रोशन खलखो,मुकेश उपाध्याय,सुजीत महतो,सुरेन्द्र साव,दीपाली सिंहा सहित दर्जनों लाइफ मित्र मौजूद थे।

## मालपहाड़ी पुलिस की कार्रवाई, अवैध कोयला जब्त, ट्रैक्टर से हटाया अतिरिक्त डाला

राष्ट्रीय मुख्यधारा






**पाकुड़ः** मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाइयाँ कर सख्त संदेश दिया है। अवैध कोयला कारोबार और ओवरलोडिंग पर हुई इस दोहरी कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार, मालपहाड़ी ओपी अंतर्गत अवैध कोयला के विरुद्ध चलाए गए विशेष छापामारी अभियान के दौरान रामनगर खाली मैदान के समीप से कुल आठ साइकिलों पर लदा अवैध कोयला पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि साइकिलों पर करीब 20 से 22 क्विंटल कोयला लदा हुआ था, जिसे चोरी-छिपे परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।इसी क्रम में पुलिस ने क्षेत्र में एक ट्रैक्टर को भी रोका, जिसकी ट्रॉली में ओवरलोडिंग के उद्देश्य से अतिरिक्त रॉड/पटरा लगाया गया था। पुलिस ने मौके पर ही अतिरिक्त डाला कटवाकर हटवाया और चालक को भविष्य में ओवरलोडिंग नहीं करने की सख्त चेतावनी दी।

## मासूम आराध्या की जिंदगी बचाने को आगे आए रक्तदाता सागर मिर्धा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमका** : मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए बौड़िया जन जन सेवा फाउंडेशन की पहल पर रक्तदाता सागर मिर्धा ने दो वर्षीय मासूम आराध्या टुडू को जीवनदान देने में अहम भूमिका निभाई। मसलिया प्रखंड निवासी आराध्या का हीमोग्लोबिन स्तर मात्र 3.4 ग्राम पाया गया था, जो बेहद गंभीर स्थिति का संकेत था। चिकित्सकों ने तत्काल रक्त चढ़ाने की आवश्यकता जताई थी।

नाजुक हालात में आराध्या के पिता प्रवीण टुडू ने फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार साह से सहायता मांगी। सूचना मिलते ही निर्मल कुमार साह ने रक्तदाता की व्यवस्था सुनिश्चित की। जामा के चूटो नाथ निवासी सागर मिर्धा ने बिना देर किए स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिससे समय पर बच्ची को रक्त उपलब्ध कराया जा सका। चिकित्सकों ने इसे जीवनरक्षक कदम बताया।

इस दौरान फाउंडेशन के सदस्य जय गोपाल भी अस्पताल में मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया का समन्वय किया। रक्त चढ़ाने के बाद आराध्या की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। निर्मल कुमार साह ने कहा कि रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है और समय पर मिला रक्त कई जिंदगियां बचा सकता है।

जन जन सेवा फाउंडेशन ने दोहराया कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए संगठन हमेशा तत्पर है। इस पहल ने एक बार फिर साबित किया कि सामूहिक संवेदना और तत्परता से कठिन परिस्थितियों में भी जीवन को नई उम्मीद दी जा सकती है।

## रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ इंटरनेशनल स्कूल ऑफ दुमका का 10वां वार्षिक समारोह सम्पन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा







**दुमका** : सरैयाहाट स्थित इंटरनेशनल स्कूल ऑफ दुमका, सर्वाधाम शाखा में रविवार को 10वां वार्षिक समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें निर्देशक अमरेंद्र कुमार, चंदन कुमार, कौशलेंद्र कुमार और फाउंडर अर्जुन प्रसाद यादव सहित अन्य अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह के दौरान बच्चों ने नृत्य, नाट्य प्रस्तुति और मार्शल आर्ट्स की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों का मन मोह लिया। अमरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और विद्यालय की सफलता में शिक्षकों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास की अहम भूमिका है।

मार्च 2016 में स्थापित इस विद्यालय में नर्सरी से कक्षा दसवीं तक सीबीएसई आधारित शिक्षा दी जाती है। बीते दस वर्षों में विद्यालय ने शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं, जैसे हिंदुस्तान ओलंपियाड में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

कार्यक्रम का समापन वार्षिक पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसमें बेस्ट स्टूडेंट, बेस्ट अटेंडेंस, बेस्ट टीचर और एसओएफ के टॉप रैंकर्स को सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में दीपक भारद्वाज, रोहित कुमार, सचिन शर्मा, आदर्श मंडल, भारत भूषण पाठक, सोनी कुमारी, पूर्णिमा किस्कू, अरुणादित्य, नृपेश कुमार, पिंकी कुमारी, ब्यूटी कुमारी, अमीषा कुमारी, श्रीनिला हांसदा, शशि कुमार, विष्णु रवानी, फिल्मैन कुमार, संतोष कुमार और शिवानी कुमारी सहित विद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका रही।

## खेत में मिला नाबालिग का सड़ा-गला शव, इलाके में सनसनी

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**पाकुड़ः** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के मुर्गाडांगा स्थित एक खेत से रविवार को करीब 16 वर्षीय अज्ञात नाबालिग लड़की का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। शव की स्थिति इतनी खराब थी कि उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, गांव से करीब ढाई किलोमीटर दूर गेहूं के खेत में शव पड़ा था, जिससे तेज दुर्गंध फैल रही थी। खेत की ओर गए ग्रामीणों ने जब शव देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआई गौतम कुमार दास और एएसआई मो. सोहराब खां पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक छानबीन की।

प्रथम दृष्टया अनुमान लगाया जा रहा है कि शव करीब 10 से 12 दिनों से खेत में पड़ा हुआ था। अत्यधिक सड़न के कारण शव की पहचान नहीं हो सकी। हालांकि ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि गांव की एक युवती, जो शादी के बाद मायके में रह रही थी और पिछले नौ दिनों से लापता है, वह हो सकती है। लेकिन अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि शव की पहचान के प्रयास जारी हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## पान गुमटी में चल रहा था अवैध लाटरी का खेल,466 प्रतिबंधित लॉटरी टिकट के साथ युवक गिरफ्तार

» पुलिस को देखते ही भागा सैजुल, खदेड़कर पकड़ा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**पाकुड़ः** प्रतिबंधित लॉटरी की बिक्री के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम अंजना स्थित अमजेद मोड़ से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सैजुल शेख के रूप में हुई है। उसके पास से विभिन्न कंपनियों के 466 प्रतिबंधित लॉटरी टिकट बरामद किए गए हैं।जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अमजेद मोड़ स्थित पान गुमटी में अवैध रूप से लॉटरी टिकटों की बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम जब मौके पर पहुंची तो सैजुल शेख पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन जवानों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया।तलाशी के दौरान उसके जैकेट से 466 पीस प्रतिबंधित लॉटरी टिकट बरामद हुए। इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 23/2026, दिनांक 01 मार्च 2026 के तहत धारा 318(4)/3(5) बीएनएस एवं 7(3) लॉटरी रेगुलेशन एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।पुलिस ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी गौरव कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि अवैध लॉटरी कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एमपावर्ड परियोजना में क्रेता-विक्रेता समागम से स्वयं सहायता समूहों को मिला बाजार का भरोसा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमका** : शनिवार को एमपावर्ड परियोजना के तहत सामूहिक व्यवसाय कर रहे स्वयं सहायता समूहों से जुड़े क्रेता-विक्रेताओं का समागम आयोजित किया गया। बैठक का उद्देश्य समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की जानकारी देना, उनकी गुणवत्ता, विपणन और बाजार संभावनाओं पर चर्चा करना तथा क्रेता-विक्रेताओं से सुझाव प्राप्त करना था। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र समन्वयक शिवानंद शिवम ने करते हुए परियोजना से जुड़े हितधारकों का स्वागत किया, जिनमें प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, बीटीएम आत्मा, मुखिया संघ अध्यक्ष चारलेश बेसरा, पंचायत समिति सदस्य जयप्रकाश अग्रवाल, लखनपुर पंचायत उपमुखिया परमानंद पंडित, ट्रिकल अप इंडिया फाउंडेशन से निलांजना शर्मा, सत्यजीत घोष सहित विभिन्न ट्रेड के क्रेता-विक्रेता उपस्थित रहे।

प्रखंड समन्वयक मुकेश कुमार गुप्ता ने परियोजना की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए क्रेता-विक्रेताओं व हितधारकों से अपील की कि परियोजना से जुड़े प्रतिभागियों को व्यवसायिक अवसर देकर उन्हें सतत आजीविका की दिशा में आगे बढ़ने में सहयोग करें। सम्मेलन में उपस्थित हितधारकों ने अपेक्षित सहयोग का आश्वासन दिया, जबकि क्रेताओं ने अब तक खरीदे गए उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की।

ट्रिकल अप इंडिया फाउंडेशन की निलांजना शर्मा ने बताया कि परियोजना अब नए चरण में प्रवेश करने जा रही है, जिसमें एक क्लस्टर के अंतर्गत विभिन्न ट्रेड को शामिल करते हुए ब्रांडिंग, पैकेजिंग और लाइसेंसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलाव साझा किए। अंत में उत्पाद प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया, जिसमें बांस उत्पाद, मुढ़ी, रागी आटा, लड्डू और बीज शामिल थे तथा सभी उत्पादों की बिक्री हो गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें खुशबु कुमारी, मंजू हांसदा, शिवानंद शिवम और रुपेश कुमार सहित स्मार्ट सखी व परियोजना प्रतिभागी उपस्थित रहे।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, सोमवार, 02 मार्च, 2026



# झारखंड में होली की वैविध्यपूर्ण परंपराएं



अशोक "प्रवृद्ध"

झारखंड में होली की अत्यंत प्राचीन, वृहत व वैविध्यपूर्ण परंपराएं हैं। यहां इसे मुख्य रूप से फगुआ के नाम से जाना जाता है, जिसमें आदिवासी और गैर आदिवासी सदान संस्कृतियों का सुंदर संगम दिखता है। झारखंड की कुछ विशिष्ट होली परंपराओं में फगुआ, भगता, बाहा और आदिवासी- गैरआदिवासी मिश्रित परंपराएं शामिल हैं। इन सभी कार्यक्रमों में आदिवासी और गैरआदिवासी समुदाय बढ़ -चढ़कर हंसी- ख़ुशी के साथ हिस्सा लेते हैं। होलिका दहन के दिन ग्रामीण जंगल से सेमल की डाली लाकर गाड़ते हैं और उसे जलाते हैं। इसके चारों ओर मांदर और नगाड़े की थाप पर फगुआ नृत्य किया जाता है। इसे फाग अथवा फग्गू काटना कहते हैं। कई जनजातीय क्षेत्रों में रंगों के बजाय लाल मिट्टी से होली खेलने की परंपरा है, जो प्रकृति से जुड़ाव को दर्शाती है। संताल समुदाय इसे फूलों का त्यौहार अथवा बाहा पर्व के रूप में मनाता है। इसमें रंग के बजाय सादे पानी और सखुआ (साल) के फूलों का प्रयोग किया जाता है। झारखंड के गुमला जिले में होली का स्वरूप प्रकृति पूजन और आदिवासी संस्कृति के गहरे रंगों में रंगा होता है। यहां इसे केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि नववर्ष के आगमन और सुख-समृद्धि के अनुष्ठान के रूप में मनाया जाता है। गुमला के ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन को संवत जलाना या फगुआ काटना कहा जाता है। गांव के पाहन (पुरोहित) जंगल से सेमल की एक टहनी लाते हैं और उसे गांव के सार्वजनिक स्थान पर गाड़ते हैं। इसके चारों ओर पुआल और लकड़ियां इकट्ठा की जाती हैं। पाहन द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के बाद इसे जलाया जाता है। दहन के अगले दिन सुबह लोग होलिका की राख को अपने माथे पर लगाते हैं। इसे संवत की भस्म माना जाता है, जो बीमारियों और बुरी नजर से बचाती है। पाहन और गांव के बुजुर्ग जलती हुई अग्नि की लपटों की दिशा देखकर यह भविष्यवाणी करते हैं कि इस साल मानसून कैसा रहेगा और खेती कैसी होगी? ऐसा प्रायः सभी गांवों में होता है।

गुमला सहित झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में उरांव, मुंडा आदि आदिवासी समुदाय होली के समय बाहा मनाते हैं। इसमें कृत्रिम रंगों के बजाय सखुआ (साल) के फूलों का प्रयोग होता है। महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेश-भूषा पहनकर मांदर और नगाड़े की थाप पर सामूहिक नृत्य करते हैं। गुमला जिले के सिसई प्रखंड के प्राचीन ग्राम मुरुनगुर वर्तमान मुर्गु के चरणनाथ (चिरैयानाथ) मन्दिर, समीप ही स्थित नागफेनी और दोइसागढ़ के कपिलनाथ मन्दिर, पालकोट के दशभुजी मन्दिर का इतिहास झारखंड के गौरवशाली नागवंशी शासन की कहानियों से भरा हुआ है। होली के समय यहां विशेष पूजा होती है। मान्यता है कि मुगलों के द्वारा ध्वंसित मुरुनगुर के चरणनाथ शिव मन्दिर में प्रस्तर निर्मित शिवलिंग की स्थापना करने वाले नागवंशी राजा दुर्जन शाल मुरुनगुर क्षेत्र में स्वयं होली की शुरुआत करते थे। आज भी स्थानीय ग्रामीण संवत जलाने के बाद यहां माथा टेकने आते हैं। होली के पूर्व यहां पन्द्रह दिनों तक विशाल जतरा (मेला) लगता था, जो अब बंद हो चूका है। मुर्गु (मुरुनगुर) में होली के ठीक बाद होने वाला भगता परब बूढ़ा बाबा भी अब कब की बात हो चुकी है, जो चिरैयानाथ को ही समर्पित होता था। गांव के बुजुर्गों के अनुसार बाबा चिरैयानाथ मुरुनगुर की सीमाओं की रक्षा करते हैं। यहां का फाग्न बगीचा में आयोजित होने वाला होलिका दहन अर्थात पहला संवत कटना बाबा की अनुमति और पाहन की पूजा के बिना अधूरा माना जाता है।

दुर्जन शाल के ही वंश में जन्मे राजा रघुनाथ शाह ने दक्षिणी कोयल नदी के तट पर जगनाथ महाप्रभु मन्दिर का निर्माण विक्रम संवत 1761 में की थी और उड़ीसा के जगन्नाथपुरी से जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियों को हाथियों से लाकर स्थापना की थी। रघुनाथ शाह भी अपने पूर्वज दुर्जन शाल की भांति अपने समय में स्वयं यहां होली उत्सव की शुरुआत करते थे। गुमला, रांची आदि जिले की होली बिना धुस्का रोटी और देसी चना घुघनी के अधूरी है। बकरे की मांस अर्थात मटन के साथ धुस्का और चावल के विभिन्न व्यंजन भी होली के मुख्य खान-पान हैं। चावल और दाल का तला हुआ पकवान धुस्का और चने की घुघनी झारखंड के सबसे लोकप्रिय व्यंजन हैं। इस दिन लोग एक-दूसरे के घर जाकर पुआ और पारंपरिक पेय का आनंद लेते हैं। गांव की टोलियां घर-घर जाकर फगुआ गीत गाती हैं और बदले में उन्हें अनाज या उपहार दिए जाते हैं। होली के बाद भरनो, सिसई और घाघरा आदि गुमला के कई इलाकों में होली जतरा अर्थात मेला का आयोजन होता है। यह सामाजिक मेल-मिलाप का सबसे बड़ा केंद्र होता है, जहां पारंपरिक खेलों और नृत्य का प्रदर्शन किया जाता है। गुमला की होली अर्थात फगुआ और बाहा नृत्य की परंपराएं केवल उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी और सदान संस्कृति की आत्मा हैं। यहां के गीतों और नृत्यों में प्रकृति के प्रति गहरी कृतज्ञता छिपी है। बाहा का अर्थ संताली, मुंडारी और हो भाषाओं में फूल होता है। गुमला के सटे अन्य क्षेत्रों में बाहा पर्व फाल्गुन महीने में नई कलियां खिलने पर मनाया जाता है। यहां नृत्य की शैली सामूहिक नृत्य है, जहां पुरुष और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में मांदर और ढोल की थाप पर कदम मिलाते हैं। नृत्य के दौरान साल (सखुआ) के फूलों को कान के पीछे लगाने की परंपरा है, जो दैवीय आशीर्वाद का प्रतीक माना जाता है। बाहा नृत्य के दौरान महिलाएं साल के पेड़ों को गले लगाती हैं, जो वनों के संरक्षण और प्रकृति के साथ मानव के प्रेमपूर्ण संबंधों को दर्शाता है। इस उत्सव के तीसरे दिन लोग एक-दूसरे पर रंगहीन पानी छिड़ककर होली खेलते हैं।

गुमला की भांति ही इससे सटे लोहरदगा, रांची, खूंटी, सिमडेगा आदि जिलों में भी होली का पर्व आदिवासी- गैरआदिवासी सम्मिश्रित रूप से मनाते हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक लोहरदगा जिले के बरही गांव में रंगों के बजाय ढेला अर्थात पत्थरों से होली खेली जाती थी, जिसे आज भी लोग ढेला मार होली के नाम से याद करते हैं। अब यह परंपरा लुप्तप्राय है, परंतु यह मान्यता है कि खंभे अर्थात सत्य के प्रतीक को उखाड़ने वालों पर पत्थर बरसाए जाते हैं, लेकिन भक्त प्रह्लाद की तरह उन्हें चोट नहीं लगती। गुमला, हजारीबाग, पलामू और आस-पास के क्षेत्रों में होलिका दहन की अग्नि में हरा चना (बुटझंगरी) और गेहूं की बालियां भूनने की परंपरा है। इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करना नए साल का प्रथम निवाला माना जाता है। कुछ वर्ष पूर्व तक बोकारो जिले के दुर्गापुर गांव में होली नहीं मनाई जाती थी। लोक कथाओं के अनुसार इस दिन उत्सव मनाने से गांव में विपत्तियां आने का भय रहता है। होली के दौरान फगुआ नामक विशिष्ट लोक संगीत गाया जाता है, जिसमें राधा-कृष्ण के प्रेम और बसंत के आगमन का वर्णन होता है। इसमें मांदर, ढोल और नगाड़ा मुख्य वाद्य यंत्र होते हैं। सिसई के कुदरा, बेड़ो, तमाड़ और बुंडु क्षेत्रों में होली के आस-पास भगता परब मनाया जाता है, जिसमें भक्त बूढ़ा बाबा की पूजा करते हैं। इसमें श्रद्धालु दहकते अंगारों पर चलते हैं और हवा में झूलते हुए साहसिक प्रदर्शन करते हैं। यह शक्ति की उपासना और महादेव (शिव) के प्रति समर्पण का पर्व है। मान्यता है कि इससे गांव में महामारी नहीं फैलती और खुशहाली आती है।

झारखंड के रांची, जमशेदपुर आदि प्रमुख शहरों में होली का उत्सव परंपरा और आधुनिकता का एक अनूठा मिश्रण है। जमशेदपुर अपनी औद्योगिक पहचान के कारण मिनी इंडिया कहलाता है, इसलिए यहां की होली बहुत ही विविधतापूर्ण होती है। जमशेदपुर (टाटानगर) की होली को कॉस्मोपॉलिटन होली कहा जाता है। टेल्को और बिष्टुपुर में बड़ी-बड़ी हाउसिंग सोसायटियों में सामूहिक होलिका दहन होता है। जमशेदपुर में हास्य कवि सम्मेलन की पुरानी परंपरा है, जो होली की पूर्व संध्या पर आयोजित होते हैं। यहां बंगाली समुदाय डोल जात्रा, पंजाबी समुदाय होला मोहल्ला और बिहारी-झारखंडी समुदाय फगुआ को एक साथ मनाते हैं। मैरीन ड्राइव और जुबली पार्क आदि क्षेत्रों में होली के दिन युवाओं की भारी भीड़ और विशेष रेन डांस इवेंट्स देखे जाते हैं। राजधानी रांची में आदिवासी और शहरी संस्कृति का मेल दिखता है। नगे बाबा आश्रम आदि रांची के पुराने इलाकों में पारंपरिक तरीके से होली खेली जाती है। यहां ढुड़ा अर्थात मिट्टी और पानी का कुंड बनाकर होली खेलने की पुरानी रस्म आज भी कुछ मोहल्लों में जीवित है। धुर्वा और रातू जैसे क्षेत्रों में गांव का पाहन (पुरोहित) जनजातीय अनुष्ठान के रूप में होलिका दहन की रस्म निभाता है। जलती हुई लकड़ी की दिशा देखकर आने वाले साल की फसल और बारिश का अनुमान लगाया जाता है। रांची में होली के दिन घर-घर में धुस्का, मटन और पुआ बनाने की विशेष परंपरा है, जो यहां के खान-पान की पहचान है। दुमका और आस-पास के जिलों में आदिवासी समुदाय बाहा मनाते हैं। इसमें पुरुष और महिलाएं सखुआ के फूलों को कान पर लगाकर नाचते हैं। यहां पानी की होली को बहुत महत्व दिया जाता है। बाहा के दौरान घर की दहलीज को धोया जाता है और बड़े-बुजुर्गों के पैर पखारकर आशीर्वाद लिया जाता है। हजारीबाग, धनबाद और झरिया जैसे कोयला क्षेत्रों में होली का जोश बहुत अधिक होता है। यहां होरिला नामक गीतों की टोलियां मोहल्लों में घूमती हैं। हजारीबाग में लोग होली के बाद पहाड़ी पर स्थित मंदिरों में जाकर गुलाल अर्पित करते हैं।

झारखंड के गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा क्षेत्रों में फगुआ गीतों का विशेष महत्व है। इन्हें आमतौर पर नागपुरी भाषा में गाया जाता है। फगुआ गीतों में अक्सर बसंत ऋतु के आगमन, प्रकृति के सौंदर्य और राधा-कृष्ण के प्रेम का वर्णन होता है। इन गीतों के साथ मांदर, ढोल, नगाड़ा और झांझ का प्रयोग प्रमुखता से होता है, जो वातावरण में एक अद्भुत ऊर्जा भर देते हैं। गुमला के गैर-आदिवासी सदान समुदायों में जोगीरा गाने की भी लंबी परंपरा है। गांव के चौराहे पर लोग इकट्ठा होते हैं और ऊंचे स्वर में जोगीरा गाकर हंसी-मजाक और व्यंग्य के साथ त्यौहार का आनंद लेते हैं। फगुआ नृत्य और बाहा उत्सव विभिन्न समुदायों को एकजुट करते हैं, जहां लोग अपने आपसी मतभेद भुलाकर सामूहिक पहचान का जश्न मनाते हैं। गुमला और इसके पड़ोसी क्षेत्रों में फगुआ काटना, बाहा, भगता परब और होली जतरा केवल आयोजन नहीं, बल्कि आस्था और रोमांच का अद्भुत संगम हैं। वर्तमान में भी इन परंपराओं को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सामुदायिक संचार माध्यमों में भी इनकी धूम है।

लेखक, आध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार
करमटोली, गुमला नगर पंचायत, गुमला
जिला व पत्रालय -गुमला (झारखण्ड)
835207
संपर्क संख्या -
+917631057837

# नया बीज बिल- 2026: किसानों के हक और बीज की क्वालिटी के लिए नई दिशा

सुनील कुमार महला

भारत दुनिया के खेती-बाड़ी वाले देशों में से एक है। यह कहना गलत नहीं होगा कि देश की एक बड़ी आबादी अभी भी सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। अनुकूल मौसम, उपजाऊ मिट्टी और अलग-अलग भौगोलिक हालात कई तरह की फसलों की खेती के लिए सही हैं। गेहूं, चावल, गन्ना, दालें, तिलहन, कपास और मसाले जैसी फसलें न सिर्फ देश की खाने की ज़रूरतों को पूरा करती हैं, बल्कि एक्सपोर्ट के ज़रिए विदेशी मुद्रा कमाने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। खेती-बाड़ी का सेक्टर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लाखों लोगों को रोज़गार देता है। इसके अलावा, पशुपालन, डेयरी फार्मिंग, मछली पालन और बागवानी जैसे सहायक सेक्टर किसानों की इनकम बढ़ाने में मददगार साबित हो रहे हैं। समय-समय पर लागू की गई सरकारी योजनाएं और मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल खेती को ज़्यादा प्रोडक्टिव, फायदेमंद और टिकाऊ बनाने में मदद कर रहा है। इस तरह, खेती न सिर्फ रोज़ी-रोटी का ज़रिया है, बल्कि भारत के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अहम हिस्सा भी है। इस संदर्भ में, भारत सरकार एक नया सीड्स बिल, 2026 लाने की तैयारी कर रही है, जिसका मकसद एग्रीकल्चर सेक्टर में बड़े सुधार लाना है। यह पुराने सीड्स एक्ट, 1966 की जगह लेगा। अभी, सीड इंडस्ट्री में टेक्नोलॉजी में तरक्की और मल्टीनेशनल कंपनियों के बढ़ते असर की वजह से, पुराना कानून काफी नहीं माना जा रहा है। सरकार का मकसद किसानों को मजबूत कानूनी सुरक्षा देना, सीड मार्केट में ट्रांसपेरेंसी लाना और कॉर्पोरेट कंपनियों की मनमानी पर असरदार कंट्रोल करना है। कृषि मंत्रालय ने किसान संगठनों, सीड इंडस्ट्री और दूसरे स्टेकहोल्डर्स से इनपुट लेने के बाद इस बिल का ड्राफ्ट तैयार किया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद, इसे पार्लियामेंट के मौजूदा सेशन में पेश करने और जल्द से जल्द पास करने का प्लान है। नए कानून का बैकग्राउंड 2015-16 के बीटी कॉटन विवाद से जुड़ा है। जैसा कि पाठक जानते हैं, रॉयल्टी को लेकर अमेरिकी कंपनी मोनसेंटो और भारतीय सीड कंपनियों के बीच एक गंभीर विवाद खड़ा हो गया था। मोनसेंटो अपनी टेक्नोलॉजी के लिए बहुत ज़्यादा रॉयल्टी ले रही थी, जिससे सीड की कीमतें बढ़ गईं और किसानों पर एक्स्ट्रा फाइनेंशियल बोझ पड़ा। भारत सरकार ने बीटी कॉटन के बीजों के लिए एक सीलिंग प्राइस और रॉयल्टी में कमी का ऑर्डर दिया। कंपनी ने इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चैलेंज किया, और मामला सुप्रीम कोर्ट चला गया। इस कानूनी लड़ाई से पता चला कि पुराना कानून मल्टीनेशनल कंपनियों की पावर को कंट्रोल करने और बीज की कीमतों और क्वालिटी पर सरकार के अधिकार को साफ करने में कमजोर था। असल में, इसी स्थिति ने नए सीड्स बिल का आधार बनाया। प्रस्तावित सीड्स बिल 2026 सभी बीजों का सरकारी रजिस्ट्रेशन ज़रूरी बनाता है, और बिना सरकारी मंजूरी के कोई भी बीज बाज़ार में नहीं बेचा जाएगा। पुराने कानून के तहत, कंपनियां अपने बीजों को असली लेबल वाली कैटेगरी में बिना किसी सख्त रजिस्ट्रेशन ज़रूरत के बेच सकती थीं, लेकिन अब यह तरीका खत्म कर दिया जाएगा। नया कानून बीजों के लिए साफ क्वालिटी स्टैंडर्ड तय करेगा। अगर कोई बीज खराब निकलता है और फसलों को नुकसान पहुंचाता है, तो संबंधित कंपनी को किसानों को हर्जाना देना होगा। यह कहना सही होगा कि इससे किसानों को सीधे कानूनी अधिकार मिलेंगे। इसके अलावा, बिल में एक डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम और एक नेशनल सीड रजिस्टर का भी प्रावधान है। इससे यह पक्का होगा कि हर बीज की वैरायटी, बनाने वाले और मालिक की जानकारी सरकारी रिकॉर्ड में सुरक्षित रहे। इससे नकली और घटिया बीजों की बिक्री रुकेगी और बीज की चोरी और गुमराह करने वाले दावों पर कंट्रोल होगा। बिना रजिस्टर्ड बीज बेचने, क्वालिटी स्टैंडर्ड का उल्लंघन करने या गलत जानकारी देने वाली कंपनियों के लिए सख्त सज़ा और भारी जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। बीज की कीमत और क्वालिटी कंट्रोल में सरकार की भूमिका को और मज़बूत और साफ़ किया जाएगा, जिससे बड़ी कंपनियाँ मनमानी रॉयल्टी या बहुत ज़्यादा कीमत वसूल नहीं कर पाएँगी। असल में, सरकार ने यह भी साफ़ किया है कि किसानों को पारंपरिक बीजों के लिए बिना किसी रजिस्ट्रेशन की ज़रूरत के अपने बीज बदलने और बेचने की आज़ादी बनी रहेगी। कुल मिलाकर, नया सीड्स बिल 2026 एक ज़रूरी और बड़ा कानूनी सुधार है जो किसानों को मुआवज़ा, बीज बाज़ार में ट्रांसपेरेंसी, क्वालिटी एश्योरेंस और कॉर्पोरेट कंट्रोल पर रोक का अधिकार पक्का करता है। अच्छी खबर यह है कि नकली बीजों की वजह से पैसे का नुकसान और मानसिक तनाव झेल रहे किसानों को राहत देने के लिए कानूनी नियमों को मज़बूत किया जा रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि प्रस्तावित बिल में नकली बीज बेचने पर 30 लाख रुपये तक का जुर्माना और तीन साल तक की जेल का प्रावधान है। इसके अलावा, सरकार बीजों की कीमत और क्वालिटी को रेगुलेट करेगी, जिससे कंपनियां किसानों से मनमानी कीमतें नहीं वसूल पाएंगी। नकली बीजों के साथ-साथ नकली खाद की समस्या भी लंबे समय से है। बीज बनाने वालों की तरफ से दिए जाने वाले बीजों की क्वालिटी खराब होने से यह समस्या और बढ़ गई है। मौजूद डेटा के मुताबिक, पिछले पांच सालों में देश में 250,000 से ज़्यादा किसान नकली बीजों की वजह से परेशान हुए हैं। फसल खराब होने से मेंटल स्ट्रेस बढ़ा है और सुसाइड की खबरें भी आई हैं। असल में, एक साल में फसल खराब होने का खामियाजा किसानों को अगले चार से पांच साल तक भुगतना पड़ता है। कर्ज का बोझ भी बढ़ जाता है। देश में शायद ही कोई ऐसा इलाका हो जहां नकली खाद और बीजों का धंधा न हो। जैसा कि एक जाने-माने हिंदी अखबार ने लिखा, सरकार ने लोकसभा में माना है कि साल 2024-25 में टेस्ट किए गए 2.5 लाख सैंपल में से 32,525 बीज नकली पाए गए। मार्केट में कितनी बड़ी मात्रा में नकली खाद और बीज पहुंच रहे हैं, इसका सही डेटा मौजूद नहीं है। किसानों को तब पता चलता है जब उनकी फसल बर्बाद हो जाती है। हिंदी अखबार यह भी साफ-साफ कहता है, चाहे महाराष्ट्र में नकली कपास के बीजों से प्रभावित किसानों का मामला हो या आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश में छापे के दौरान जब्त किए गए नकली खाद और बीजों का मामला हो-कमजोर कानून व्यवस्था हर जगह दोषियों को बचा रही है। हर साल हजारों परिवार इस समस्या से प्रभावित होते हैं, क्योंकि फसल खराब होने से कर्ज बढ़ जाता है और परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाते हैं। यह भी चिंता की बात है कि हाल के सालों में छापे कम हुए हैं, और दोषियों को सजा भी काफी कम मिली है। असरदार मॉनिटरिंग की कमी के कारण, संबंधित एजेंसियां अक्सर लापरवाही के लिए किसानों को ही दोषी ठहराती हैं। यह बात कि नकली बीजों के बारे में सिर्फ एक-तिहाई शिकायतों पर ही कार्रवाई हुई है, इस स्थिति का सबूत है। आखिरकार, बुनियादी सवाल किसानों की सुरक्षा और भरोसे का है। सिर्फ कानून बनाना काफी नहीं है, उन्हें सख्ती से लागू करना भी जरूरी है।




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता आपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आज का आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यों में वाह-वाही मिलेगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यों को करते समय फोकस बनायें रखें।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा।

**धनु राशि** : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे।

**मीन राशि** :आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको काम की जगह नए अवसर मिलेंगे।

# समष्टि चित्त का उल्लास



गिरीश्वर मिश्र

मनुष्य जीवन का अस्तित्व, पोषण और उत्थान पारस्परिक संबंधों के बीच ही संभव है। यह तथ्य सर्वविदित है किंतु आज के सामाजिक जीवन में अकेले व्यक्ति के अपने अहंकार का अभिमान इतना प्रचंड होता जा रहा है कि वह सबकुछ भूल कर उसके विस्तार के लिए किसी भी तरह की हिंसा का सहारा लेने से नहीं चूकता। वह सिसृक्षा के मूल आशय को भी भूल जाता है। यह विश्वात्मा की एक से अनेक होने- एकोहं बहुस्याम्- की उद्दाम आकांक्षा ही थी जो सृष्टि में सृजन का व्याज बनी। कहते हैं अन्य को रच कर विश्वात्मा ने उस रचना में स्वयं उपस्थित होकर उसे अनन्य बना दिया। आज भी दूसरों के साथ जुड़ाव जीवन के स्पंदन का आधार बना हुआ है। प्रगाढ़ रिश्तों की उदार विशालता से व्यक्ति, समुदाय और देश सकारात्मक रूप से सक्रिय होते हैं और उसके अभाव में बिखर कर टूट जाते हैं। इस सत्य को भारतीय समाज ने बहुत पहले आत्मसात् किया था और संगच्छध्वम् संवधध्वम् संवो मनांसि जानताम् का उद्घोष किया था। इस भाव को अपने जीवन में उतारने के लिए वर्षभर अनेक उत्सवों और पर्वों की संकल्पना की गई जिसमें व्यक्ति अपने सीमित स्व से ऊपर उठकर अपने को सबमें और सबको अपने में देखने की चेष्टा करता है। ऐसा करते हुए मनुष्य न केवल समाज बल्कि प्रकृति के साथ भी एकाकार होने की संभावना को तलाशता रहता है। इसी में आनंद मिलता है जो जीवन का प्रयोजन है। होली का उत्सव इसी लौकिक तलाश का मूर्त रूप है। होली वसंत में मनाई जाती है जब पूरी सृष्टि में एक साथ उल्लास के बीज का विस्फोट दिखता है। प्रसिद्धि है कि नया रमणीय होता है इसलिए सबके मन को भाता है। नए के लिए मन में उत्सुकता और उमंग होती है। अज्ञात और अनागत का आकर्षण वसंत के आगमन में चतुर्दिक दिखता है। उत्साह के साथ होली में एक क़िस्म का उन्माद का भाव आता है जब हम अपने को भुला कर आनंद का अनुभव करते हैं। प्रकृति में परिवर्तन का संदेश राग और अनुराग के कोमल भावों को जीवित करता है। वह यही कहता है कि सालभर जिन सफलताओं और विफलताओं का मीठा कड़वा अनुभव करते रहे हैं उन सबसे आगे बढ़कर या परे जाकर जीवन क्रम के नाटक का नया अंक शुरू करें। होली का उत्सव पुराने का आतंक भूल नए चित्र कैनवस पर उकेरने की पुकार लगाता है। भारत में ऋतुराज वसंत इस दृष्टि से अनोखा और समृद्ध होता है कि इसके आगमन के साथ ठंड को किनारे कर प्रकृति अपने सौंदर्य की ऊष्मा का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र हो उठती है। वसंत के निजी दूत बने पशु-पक्षी गाकर, तरु, लता, गुल्म, और पादप नव किसलय और पुष्प के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस मस्ती भरी असीम व्यग्रता का डंका बजाते हैं। नवलता वसंत में उमग पड़ती है- नवल कुसुम नव पल्लव साखा, कूजत नवल मधुर पिक कीर। वायुमंडल में भी बदलाव आता है और फागुन की मदमाती बयार हर किसी के चित्त को उन्मथित किए देती है। यह सब कमोबेश एक व्यवस्थित क्रम में कालचक्र की निश्चित गति से आयोजित होता है। कुल मिला कर प्रकृति इस बीच कोमल और आकर्षक नया परिधान धारण कर सजती है। खेतों और बाग-बगीचों में विभिन्न रंगों की अद्भुत चित्रकारी देखते बनती है। बिना किसी व्यतिक्रम के सहज स्वाभाविक संगति में ये विविधता भरा जादुई परिवर्तन नया आकर्षक और उत्साहवर्धक परिदृश्य रच देता है। संक्रामक वसंत सार्वभौमिक-सा है, कुछ उसी तरह जैसे जीवन विस्तार में यौवन की अवस्था स्वाभाविक रूप से आती है। इसी समय बुलबुल और कोयल की मीठी बोली भी आमंत्रण देती है। प्रवासी पक्षी भी इस बीच हजारों मिल दूर साइबेरिया तक से चले आते हैं। वसंत की दस्तक के साथ आंतरिक और बाह्य अस्तित्व में बदलाव की श्रृंखला शुरू होती है। इसकी अभिव्यक्ति विभिन्न देशों में अनेक किस्म के त्योहारों और अभिव्यक्तियों में होती हैं। वसंत भारत में रंगों की निराली छटा में दिखता है। वायुमंडल में तमाल, महुआ, नीम और पलाश आदि विभिन्न वृक्षों की गंध आगे पीछे आती है। आम में बौर आने लगते हैं। रसिया और गणगौर के गीत में वसंत की ही गूंज होती है। ऊधमी वसंत के साथ झाँझ, मृदंग, ढोल और मजीरा के साथ फाग की उमंग अनूठी होती है। वसंतोत्सव सालभर मनाए जाने वाले विभिन्न उत्सवों का सिरमौर है। कहते हैं काम का सेनापति है वसंत। आता है और थोड़े समय में ही ओझल हो जाता है। यह सचमुच में एक लोक उत्सव है-लोक यानी वह जगत जिसमें सभी शामिल होते हैं। मनुष्य और प्रकृति सभी इस लोक के अंश और भागीदार होते हैं। वृक्ष और जंगल सृष्टि के नयेपन के संकल्प को जीवित रखते हैं। होली के साथ भारतीय नया वर्ष और संवत्सर का आरम्भ भी होता है। यह जीवन के नए ऋतुचक्र की शुरुआत होती है। फागुन के बाद चैत के महीने में आम के बौर में कैरियाँ आती हैं मानों उत्कंठा के बाद तृप्ति का आस्वाद आता है। प्रिय पास न हों तो यह वसंत बड़ा दुःख देता है, मन बिलखता-छटपटाता है। साहित्य की चेतना में दर्द, आकुलता, विरह, प्रेमातिशय, उन्माद और माधुर्य की प्रखर अनुभूतियों के साथ वासंती कविताएँ रची गई हैं। फाग और मधुर चैती के गीतों में साथ ले चलने की पुकार तीव्र होती है। रंगों के इस त्योहार ब्रज क्षेत्र में वृंदावन और बरसाने की होली का सौंदर्य गौर वर्ण की श्रीराधा और श्याम वर्ण घनश्याम श्रीकृष्ण की स्मृति और अनुभूति से सराबोर होती है। आनंद की उन्मुक्त अभिव्यक्ति ब्रज की रागिनी में छायी रहती है। यहाँ के लोकगीतों में यह सहज अभिव्यक्ति कुछ इस तरह जीवंत होती है : आज बिरज में होरी रे रसिया।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो-827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय- गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो-827013. झारखंड। रांची कार्यालय- 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
संपादक: Purnendu 'Pusshpesh'*; प्रबंध संपादक: राजेश मोहन सहाय; धनबाद ब्यूरोचीफ: राजीव रंजन। बिहार प्रभारी: संतोष श्रीवास्तव. Mob: 9288319159; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना जू में बर्ड्स की 24 घंटे मॉनिटरिंग, बर्ड फ्लू को लेकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

**पटना।** पटना जू बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए अलर्ट मोड में आ गया है। पटना जू में कई एहतियात बरते जा रहे हैं। मोर और अन्य पक्षियों के केज के आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। पक्षियों की देखभाल करने वाले सभी कर्मियों को मास्क उपलब्ध कराया गया है। बाड़ों से बाहर निकलने के बाद कर्मियों को खुद को सैनिटाइज करने के निर्देश दिए गए हैं। मेन गेट पर पोटाशियम परमैगनेट से फूट वॉश अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि संक्रमण अंदर न आ सके। पक्षियों के स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी हो रही है। जानवरों के खान-पान में भी बदलाव किया गया है। एवियरी सेक्शन में मांसाहारी पक्षियों को अब चूजों की जगह चूहे दिए जा रहे हैं। वहीं, जानवरों की खुराक से चिकन को हटाकर वैकल्पिक आहार शामिल किया गया है। पटना जू प्रशासन का कहना है कि पशु-पक्षियों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। 2018 में 6 मोरों की मौत के बाद H5NA वायरस की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद जू को करीब 20 दिनों तक बंद रखना पड़ा था। इसे लेकर ऐहतियात बरते जा रहे हैं। संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है। 7 मार्च तक दर्शकों के लिए पटना जू में एंट्री नहीं है। बर्ड फ्लू के एहतियातन यह फैसला लिया गया है। पीसी कॉलोनी, कंकड़बाग के जू-सेक्टर पार्क और पटना हाईकोर्ट परिसर में कौओं और मुर्गियों की अचानक मौत के बाद H5N1 बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। H5N1 बर्ड फ्लू को कोरोना से भी खतरनाक माना जाता है। इसका जानवरों से इंसानों में फैलने का ज्यादा खतरा रहता है। इधर, ऐसे मामले सामने आने के सिविल सर्जन ने सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है।



### नशे में मारपीट, 5 घायल, सभी एक ही परिवार के, बुजुर्ग बोला- शराब पीकर आया आरोपी, पूरे परिवार को पीटा

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के जुड़ावनपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान जुड़ावनपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामधारी राम के 70 वर्षीय पुत्र शिवाजी राम, शिवाजी राम के 35 वर्षीय पुत्र मुकेश राम, रविंद्र राम की 30 वर्षीय पत्नी नीलम देवी, पप्पू राम के 21 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार और रविंद्र राम के 14 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। शिवाजी राम ने बताया कि उनका बेटा शिवचंद्र राम अक्सर शराब पीकर आता है और उनके साथ गाली-गलौज करता है। शुक्रवार शाम जब शिवाजी राम अपने दरवाजे पर बैठे थे, शिवचंद्र शराब के नशे में आया और गाली-गलौज करने लगा। जब शिवाजी राम ने उससे बेवजह गाली देने का कारण पूछा, तो शिवचंद्र ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उनके दूसरे बेटे, बहू और पोते उन्हें बचाने आए, तो शिवचंद्र ने उन्हें भी पीटा, जिससे वे बेहोश हो गए। मारपीट में कई लोगों के सिर में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है।



### किराना स्टोर में लूटपाट, 2 लाख रुपए- सोने की चेन छीनी, 15 लड़कों ने डंडों से किया हमला, दुकानदार घायल

**हाजीपुर।** वैशाली के औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित पासवान चौक के पास शनिवार दोपहर कृष्णा किराना जनरल स्टोर में लूटपाट हुई। बदमाशों ने दुकानदार आदित्य राज के साथ मारपीट भी की, जिसमें वह घायल हो गए। घायल दुकानदार आदित्य राज ने बताया कि वीर चूहारमल नगर निवासी उमेश पासवान का पुत्र विकास पासवान उनकी दुकान पर कभी नहीं आया था। शनिवार दोपहर विकास दुकान पर आया और पांच शैम्पू मांगे। जब आदित्य ने शैम्पू देने की बात कही, तो विकास ने बदतमीजी से बात करना शुरू कर दिया। आदित्य के पूछने पर कि वह ऐसा क्यों बोल रहा है, विकास ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान विकास ने आदित्य के गाल से 2 लाख रुपए नगद और उनके भाई के गले से सोने की चेन छीन ली। जब आदित्य ने शोर मचाया, तो विकास के साथ 14 से 15 अन्य लड़के भी आ गए। सभी ने मिलकर ईंट, पत्थर और डंडों से हमला करना शुरू कर दिया। जब तक आसपास के लोग इकट्ठा होते, तब तक सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना के बाद औद्योगिक थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना कर लौट गई।

### प्रेमिका संग भाग रहे युवक को परिजन ने पकड़ा, महिला ने चप्पल से पीटा, पुलिस बचाकर ले गई थाने

**हाजीपुर।** वैशाली में गोरौल चौक के पास प्रेमिका के साथ भाग रहे एक युवक को भीड़ ने पकड़ लिया। उसके बाद सब ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर गोरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से बचाकर थाने ले आई। प्रेमी-प्रेमिका बाइक से भाग रहे थे। लड़की के परिवार वालों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने दोनों का पीछा किया। गोरौल चौक ओवरब्रिज के पास उन्हें पकड़ लिया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और युवक की पिटाई शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने गोरौल थाना को सूचित किया। अवर निरीक्षक राहुल कुमार तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों युवकों को भीड़ से बचाकर थाने ले आए। युवकों की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के छतवारा गांव निवासी अमित कुमार और राहुल कुमार के रूप में हुई है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लड़की की मां लड़के को पकड़कर चप्पल से पीटते नजर आ रही है। वहीं वो बेलते हुए सुनाई दे रही की तुमको मना किए थे न...। इसके बाद वहां मौजूद लोग भी युवक को हाथ- मुक्का से मारने लगे। पुलिस के अनुसार, अमित की मौसी प्रेमिका के गांव में रहती हैं, जिसके कारण अमित का वहां अक्सर आना-जाना था। वह अपने दोस्त राहुल को भी साथ लाता था। दोनों बेलसर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को भगाकर शादी करने की नीयत से ले जा रहे थे। पकड़े जाने के बाद लड़की के परिवार वाले उसे अपने साथ घर ले गए। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया है। दोनों युवकों को पूछताछ के लिए थाने में रखा गया है और उनके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब के नशे में रेल पुलिस का जवान गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में रेल पुलिस के एक जवान को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। सीआरपीएफ कैंप के बाहर से पकड़ा गया है। पूछताछ के बाद अहियापुर पुलिस को सौंप दिया गया है। झपहां स्थित कैंप में 27 फरवरी को रेल पुलिस का वार्षिक लक्ष्याभ्यास चल रहा था। इसी दौरान, कैंप के मेन डोर पर वर्दी में एक व्यक्ति ने अंदर जाने का प्रयास किया। वहां तैनात कर्मियों को उसकी हरकतों से शराब के नशे में होने का संदेह हुआ। सूचना मिलने पर रेल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूछताछ में जवान की पहचान रेल जिला मुजफ्फरपुर में तैनात पीटीसी-65 ज्ञानदेव दास के रूप में हुई। शरीर से शराब की तेज गंध आ रही थी, जिसके बाद तुरंत अहियापुर थाना ले जाया गया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की गई जांच में ज्ञानदेव दास के शरीर में 78.4 mg/100 ml अल्कोहल की पुष्टि हुई। पुष्टि के बाद, रेल पुलिस ने आरोपी जवान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए अहियापुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बिहार में शराबबंदी कानून का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। जवान ज्ञानदेव दास का यह कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उनके कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता भी दर्शाता है।

# मरीन ड्राइव पर मुठभेड़, शार्प शूटर को दौड़ाकर मारी गोली

एजेंसी, पटना



पटना के मरीन ड्राइव पर अपराधी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लगी है। उसकी पहचान वैशाली के रहने वाले अमित कुमार के रूप में हुई है। अमित का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। मौके पर टाउन डीएसपी, DIU, और एसटीएफ मौजूद हैं। आरोपी को गोली लगने के बाद नजदीक के पीएमसीएच में एडमिट कराया गया है। मौके से पिस्टल मिली है। पुलिस की ओर से घटनास्थल को बैरिकेड कर दिया गया है और एफएसएल की टीम बुलाई गई है।

**शार्प शूटर है अमितः** अमित शार्प शूटर है। दरअसल 27 जनवरी 2025 को पटना सिविल कोर्ट में पेशी के लिए आए सुबोध सिंह गैंग के रोशन ततीया की हत्या करने आया था। इसी दौरान पुलिस को इसकी भनक लग गई और हत्या से पहले पीयूष पकड़ा गया जबकि अमित फरार हो गया। अमित ने जिस गैंग से सुपारी ली थी उसके बारे में पुलिस उसे पूछताछ कर रही है।

**कोर्ट की सुरक्षा में सेंधमारीः** 27 जनवरी 2026 की सुबह पटना सिविल कोर्ट में दो हथियारबंद अपराधियों ने घुसने का प्रयास किया जिसमें से पीयूष नाम का अपराधी गेट पर ही चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। दूसरा आरोपी कोर्ट परिसर में घुस गया हालांकि पुलिस की ओर से सुरक्षा बढ़ा दी गई। इसके बाद अपराधी के मंसूबे पर पानी फिर गया और वह फरार हो गया। पीयूष से जब पूछताछ हुई तो उसने बताया कि वैशाली का रहने वाला अमीत पटना सिविल कोर्ट में उसे अपने साथ बाइक पर लाया था।

किसी बड़ी वारदात को अंजाम देना था फिर उसके निशानदेही पर ही पुलिस अमित की तलाश कर रही थी, लेकिन वो फरार हो जा रहा था। आज तड़के सुबह पुलिस को जानकारी मिली कि अमित मरीन ड्राइव से होकर भाग रहा है इसी दौरान पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने फायरिंग कर दी इसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई।

# होलिका दहन में अग्निशमन ने 445 जगहों को चिन्हित किया

एजेंसी, पटना



♦ सभी कर्मियों की रद्द हुई छुट्टियां, 4 जोन में बांटकर 400 कर्मियों की तैनाती

होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग अलर्ट है। एहतियातन सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि सभी तरह की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। पटना को 4 जोन में बांटकर 435 के करीब फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी तरह की चुनौती से निपटने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके नोडल पदाधिकारी जिला अग्निशमन पदाधिकारी रैंक के हैं। सारे क्षेत्र की रूट मैपिंग पहले से करके एक कनेक्टिविटी बनाई गई है। ताकि आपात स्थिति में 2 मिनट के भीतर घटनास्थल पर रिस्पांस किया जा सके।

**एरिया डोमिनेशन शुरूः** उन्होंने बताया कि गली मोहल्ले में लोगों को जागरुक भी किया गया है। मिक्सड टेक्नोलॉजी बाइक के जरिए एरिया डोमिनेशन भी किया जा रहा है। 445 ऐसे स्थलों को चिन्हित किया गया है, सेफ्टी के लिहाज से सहज नहीं है। क्योंकि पास में या तो हाई राइज बिल्डिंग की दूरी कम है, चौक चौराहे हैं, या महत्वपूर्ण स्थल पेट्रोल पंप, वेंडिंग जोन हैं। ऐसे भी इन जगहों पर गाड़ियां तैनात की गई हैं।

**जांच करेंगे नोडल पदाधिकारीः** राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार नट ने बताया कि कमी और पदाधिकारी जिन जगहों पर प्रतिनियुक्ति किए गए हैं। उन्हें अलर्ट मोड में रखा गया है। समय से अपनी लोकेशन पर मौजूद है, या नहीं है इसकी जांच नोडल पदाधिकारी करते रहेंगे। किसी तरह की लापरवाही पाई जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय जनता दल की पार्लियामेंट्री बोर्ड बैठक

एजेंसी, पटना



❑ राज्यसभा उम्मीदवार पर होगा फैसला, तेजस्वी बोले- शाम में सब तय हो जाएगा

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक आज शाम 7 बजे होगी। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के नाम पर चर्चा करना है। सूत्रों के मुताबिक, सबसे पहले पार्टी का स्टेट पार्लियामेंट्री बोर्ड बैठक करेगा। इसके बाद सेंट्रल पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक होगी, जिसमें अंतिम रणनीति पर विचार किया जाएगा। नई दिल्ली से पटना पहुंचे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटना एयरपोर्ट पर कहा कि आज शाम पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक बुलाई गई है और उसी में सब कुछ तय हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि वे स्वस्थ रहें। वहीं, खुद के राज्यसभा जाने के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कोई जवाब नहीं दिया और सवाल सुनते ही आगे बढ़ गए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रेम गुप्ता, हीना साहब, एडी सिंह समेत कुछ मुस्लिम नेताओं की उम्मीदवारी पर विशेष चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि बैठक के बाद आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को उम्मीदवार के नाम पर अंतिम निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि आरजेडी अपने राज्यसभा उम्मीदवार का नामांकन 2 मार्च को कर सकती है। इसके अलावा तेजस्वी के राज्यसभा जाने को लेकर सांसद संजय झा ने कहा कि बताइए बिहार को छोड़कर चले जाएंगे।

# 'नीट रेप-मौत केस में पॉक्सो क्यों नहीं लगाया'

एजेंसी, पटना



❑ कोर्ट ने सीबीआई को लगाई फटकार, एसआईटी-एजेंसी से पूछा- आपको मनीष रंजन की जरूरत है या नहीं

पटना में NEET छात्रा मामले में गिरफ्तार बिल्डिंग के मालिक मनीष रंजन की जमानत याचिका पर आज कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई ढाई घंटे तक चली। मनीष रंजन को कोर्ट से जमानत नहीं मिली है। अब याचिका पर 2 मार्च को सुनवाई होनी है। CBI को आज भी कोर्ट ने फटकार लगाई है। CBI से पूछा है कि आपने पॉक्सो क्यों नहीं लगाया? 17 जनवरी तक केस की जांच चित्रगुप्त नगर की तत्कालीन थानेदार रौशनी कर रही थी, फिर SIT ने जांच की।

इसके बाद 12 फरवरी को CBI ने 307 का केस दर्ज किया। CBI को जांच करते हुए 15 दिन हुए। कोर्ट ने पूछा कि मनीष रंजन को लेकर अब तक आपने क्या जांच की? क्या आपको मनीष रंजन की जरूरत है? आपने अपने केस में तो पॉक्सो एक्ट लगाया नहीं है। आपके पास तो अटेम्प्ट टू मर्डर का केस है। इस पर आप जवाब दीजिए कि मनीष रंजन की जरूरत आपको है या नहीं? SIT से भी यही सवाल कोर्ट ने पूछा। कोर्ट ने कहा कि मनीष पर आरोप क्या है? इसके खिलाफ सबूत क्या है? SIT ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ये प्रभाशाली व्यक्ति हैं। इस वजह से उन्हें गिरफ्तार किया गया था। अब हमें इनकी जरूरत नहीं है। क्योंकि, अब जांच CBI कर रही है। सुनवाई के दौरान पीड़ित परिवार भी मौजूद था।

**रौशनी और एसआईटी के बयान अलग-अलग थेः** कोर्ट ने केस चित्रगुप्त नगर की तत्कालीन थानेदार और शुरुआत में IO रही रौशनी कुमारी से कई सवाल पूछे। उनसे पूछा गया कि आपने कितनी तारीख तक केस की जांच की? मनीष रंजन पर क्या आरोप है? इसके खिलाफ क्या सबूत मिले? आपने अपनी जांच में क्या-क्या जब्त किया? सबूतों को 24 घंटे में कोर्ट में क्यों नहीं पेश किया? रौशनी ने छात्रा का मोबाइल और हॉस्टल का DVR जब्त किया था। कोर्ट ने पूछा कि इसे आपने अपने पास क्यों रखा? FSL जांच क्यों नहीं कराई? कोर्ट से इसकी अनुमति क्यों नहीं ली? अपना पक्ष रखते हुए रौशनी ने कहा कि मैंने सभी चीज SIT को 17 जनवरी को सौंप दिया था। मौके पर ही SIT ने कहा कि नहीं, हमें 24 जनवरी को मिला था। दोनों के बयान मेल नहीं खाए। पीड़ित पक्ष ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि इन लोगों ने सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुआ है। SIT को लीड कर सचिवालय SDPO-1 डॉ. अन्नू कुमारी से भी सवाल किया गया है। मनीष रंजन कब-कहां थे? वो बिहार से बाहर कब गए? उन्हें कब पकड़ा? उनका स्टेटमेंट क्या था? सवालों का जवाब देते हुए कोर्ट को डॉ. अन्नू ने बताया कि CDR खंगाला गया है। उससे इनके लोकेशन को मिलाया गया है।

**स्टाफ बोली-बेहोश थी, शरीर पर खरोंच थेः** पटना में NEET छात्रा मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम शुक्रवार को प्रभात अस्पताल पहुंची। एक महिला स्टाफ से 5 घंटे तक पूछताछ की। सीबीआई ने पूछा कि जब छात्रा हॉस्पिटल आई तो उसकी क्या हालत थी। क्या देखा उस वक्त? महिला स्टाफ ने कहा, वह बेहोशी की हालत में थी? उसके शरीर पर खरोंच के निशान थे।

महिला स्टाफ ने यह भी कहा कि अस्पताल में यह चर्चा चल रही थी कि उसके साथ घिनौनी हरकत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ दुष्कर्म की बात लिखी गई है। अस्पताल ने उसके मौत की वजह नशीली दवा के ओवरडोज की बात लिखी थी। यह कैसे लिखी गई और क्यों लिखी गई, इसका जवाब तो लैब के स्टाफ देंगे। महिला स्टाफ ने आगे कहा कि, 'यह हम कैसे कह सकते हैं कि रिपोर्ट बदला गया या नहीं?'

# होलिका दहन घनी आबादी में न करें, आग वाली जगह पर पहले से रखें पानी की व्यवस्था

एजेंसी, पटना



बिहार अग्निशमन सेवा ने एडवाइजरी की जारी

पटना में होली को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। होलिका दहन पर अगलगी की घटनाएं न हो इसके लिए बिहार अग्निशमन सेवा ने एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि होलिका दहन और रंगोत्सव के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। एडवाइजरी के अनुसार घनी आबादी में होलिका दहन न करने की अपील की गई है। साथ ही जहां होलिका दहन वाले जगह पर एक हजार लीटर पानी रखने की सलाह दी गई है, ताकि अगर आग भड़के तो तुरंत लपटों पर काबू पाया जा सके। आम नागरिकों, आयोजकों और स्थानीय समितियों से सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने की अपील की गई है।

**अफवाह पर ध्यान न देने की अपीलः** अग्निशमन विभाग ने कहा है कि होली उत्सव के दौरान सामुदायिक सहयोग आवश्यक है। सभी आयोजन समितियां सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करें। विभाग की टीमें संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखेंगी और किसी भी आपात स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध या जोखिमपूर्ण स्थिति की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को दें।

**जिला अग्नि नियंत्रण कक्ष का नंबर जारीः** फुलवारीशरीफ, लोहानीपुर, कंकड़बाग, दानापुर, पालीगंज, मसौढ़ी, बाढ़ और सचिवालय के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं, ताकि किसी भी घटना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। किसी भी प्रकार की आगजनी या आपात स्थिति में तत्काल सूचना देने के लिए जिला अग्नि नियंत्रण कक्ष का नंबर 7485805821 जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य नियंत्रण कक्ष के नंबर 0612-2229998 और 0612-2222214 भी सक्रिय रहेंगे। आपातकालीन स्थिति में 101 अथवा 112 डायल करने की सलाह दी गई है।

# बच्चा चोरी का आरोप लगाकर महिला की पिटाई, अफवाह के बाद भीड़ में फंसी पीड़िता

एजेंसी, पटना



पटना सिटी में बच्ची चोरी की अफवाह पर एक महिला को भीड़ ने पीट दिया। लोगों ने बच्चा चोरी का आरोप पीड़िता पर लगाया था। कुछ लोग शोर मचाने लगे थे, इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई। जिसके बाद बिना कुछ सोचे-समझे महिला की पिटाई कर दी गई। महिला की बात कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ। इसी बीच किसी ने डायल-112 की पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को भीड़ से निकाला। इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। घटना मालसलामी थाना क्षेत्र के छोटी नगरा इलाके की है।

**महिला को कई जगह लगी चोटेंः** चिकित्सकों ने बताया कि महिला को शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं, लेकिन उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। उसका इलाज जारी है। मालसलामी थाना के पुलिस अधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच में महिला निर्दोष पाई गई है। बच्चा चोरी की बात पूरी तरह अफवाह साबित हुई है। अधिकारी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने अफवाह फैलाई, जिसके कारण यह घटना हुई।

**अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्जः** पुलिस ने अफवाह फैलाने और कानून हाथ में लेने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उनकी पहचान कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध परिस्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने और हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पटना नगर निगम के कर्मी अब यूनीफॉर्म में दिखेंगे

एजेंसी, पटना

♦ होली के बाद महिला-पुरुष कर्मचारियों को मिलेंगे दो-दो सेट वर्दी, 1.37 करोड़ रुपए होंगे खर्च



पटना नगर निगम के कर्मी अब यूनीफॉर्म में दिखेंगे। निगम के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को नई वर्दी मिलेगी। निगम में काम कर रहे स्थायी और दैनिक कर्मियों को होली के बाद वर्दी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके प्रस्ताव को निगम प्रशासन की ओर से सशक्त स्थायी समिति की बैठक में पास कर दिया गया है। इसके अनुसार, निगम के विभिन्न अंचलों और मुख्यालय में कार्यरत कुल 4866 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी इस योजना से लाभान्वित होंगे।

**महिला-पुरुष कर्मचारियों को मिलेंगे दो-दो सेट वर्दीः** पटना नगर निगम में 1025 स्थायी कर्मी और 3841 दैनिक कर्मी काम करते हैं। सभी कर्मचारियों को हर साल वर्दी उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इसमें पुरुष कर्मचारियों को 2 सेट फुल पैंट-शर्ट और एक जोड़ी जूता दिया जाएगा, जबकि महिला कर्मचारियों को दो साड़ी, दो पेटीकोट, दो ब्लाउज और एक जोड़ी जूता उपलब्ध कराया जाएगा। वर्दी की दरें वित्त विभाग की ओर से पूर्व निर्धारित मानकों के अनुरूप तय की गई हैं।

**काम के दौरान अनुशासन और एकरूपता बनी रहेगीः** निगम प्रशासन का कहना है कि वर्दी उपलब्ध कराने से कर्मचारियों की पहचान स्पष्ट होगी, काम के दौरान अनुशासन और एकरूपता बनी रहेगी और साथ ही स्वच्छता संबंधी कार्यों में पेशेवर छवि भी सुदृढ़ होगी। मेयर सीता साहू ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा और अनुशासन के लिए सभी कर्मचारियों को वर्दी उपलब्ध कराई जाएगी। होली के बाद कार्यादेश निकल जाएगा, जिसके 4 से 5 दिन के भीतर सभी के बीच वर्दी बांट दी जाएगी। साल 2024 में कुछ कर्मियों को वर्दी के स्थान पर नगद राशि का भुगतान किया गया था, लेकिन इस साल प्रत्यक्ष रूप से वर्दी उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है।

**1.37 करोड़ रुपए वर्दी के लिए खर्च होने की संभावनाः** निगम की ओर से एक पुरुष कर्मचारी पर 2 सेट वर्दी और जूता सहित कुल 2,877 रुपए खर्च होंगे। इसी तरह एक महिला कर्मचारी पर कुल 2,373 रुपए खर्च का अनुमान है। निगम में कार्यरत 4317 पुरुष कर्मियों पर लगभग 1.24 करोड़ रुपए और 549 महिला कर्मियों पर करीब 13.02 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इस प्रकार कुल मिलाकर 1 करोड़ 37 लाख 22 हजार 786 रुपए की राशि वर्दी आपूर्ति पर खर्च होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर दो किसानों की मौत, एक को बचाने में गई दूसरे की जान

**बाराबंकी, एजेंसी।** यूपी के बाराबंकी में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां दो किसानों की बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वह खेत की ओर जा रहे थे। घटना से घरों में कोहराम मच गया। बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। घटना असंद्रा थाना क्षेत्र के रतौली गांव की है। ग्रामीणों के अनुसार, किसान रामकुमार पाल (50) सुबह खेत की ओर जा रहे थे। खेत में लगे विद्युत पोल में करंट आ रहा था, वह बगल से निकलते समय उससे छू गए तो करंट की चपेट में आ गए। इससे तड़पने लगे। इसी दौरान गांव के ही साहेब प्रसाद पाल (52) मंदिर से लौट रहे थे। वह रामकुमार को बचाने के लिए आगे बढ़े तो वह भी खंभे में उतरे करंट की चपेट में आ गए। देखते ही देखते दोनों जमीन पर गिर पड़े। कुछ ही समय में दोनों की सांसें थम गई। खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीणों ने शोर सुना तो दौड़ लगाई। डंडे के सहारे दोनों को पोल से अलग करने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे।

### हाल के वर्षों में इस बार सबसे ठंडा रहा दिसंबर का महीना

**गोरखपुर, एजेंसी।** इस बार दिसंबर की सर्दी ने पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुरूप इस बार दिसंबर में खूब सर्दी पड़ी। स्थिति यह रही कि ज्यादातर समय तापमान सामान्य से कम रहा। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार औसत तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक, इस बार दिसंबर में औसत तापमान अधिकतम 20.9 और न्यूनतम 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पिछले कई वर्षों की तुलना में कम रहा। इस बार दिसंबर में 19 दिन न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहा। कुल 29 दिन अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा। पूरे दिसंबर महीने में सिर्फ 14 और 15 को ही अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा था। 27 नवंबर से एक दिसंबर के बीच तापमान अधिकतम 27.4 व न्यूनतम 12.3 डिग्री सेल्सियस रहता है। इसी तरह दो से छह दिसंबर के बीच अधिकतम 26.4 व न्यूनतम 11.5, सात से 11 दिसंबर के बीच अधिकतम 25.4 व न्यूनतम 11.6, 12 से 16 दिसंबर के बीच अधिकतम 24.2 व न्यूनतम 10.7, 17 से 21 दिसंबर के बीच अधिकतम 23 व न्यूनतम 9.7 डिग्री सेल्सियस रहता है। 22 से 26 दिसंबर के बीच अधिकतम 22.2 से 9.5 और 27 से 31 के बीच अधिकतम 20.6 और न्यूनतम 8.4 डिग्री सेल्सियस रहता है।

### धूमधाम से मनेगी गुरु गोविंद सिंह की 359वीं जयंती

**गोरखपुर, एजेंसी।** गुरु गोविंद सिंह की 359वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इसको लेकर शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही मुख्य कार्यक्रम पांच जनवरी को मोहद्दीपुर में किया जाएगा। गुरुद्वारा गुरु नानक सत संग सभा मोहद्दीपुर के मीडिया प्रभारी अरविंदर सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के 359वें प्रकाश दिवस को समर्पित शुक्रवार सुबह निशान साहिब की सेवा। दोपहर में शोभा यात्रा गुरुद्वारा मोहद्दीपुर से प्रारंभ होकर छात्रसंघ चौराहा, आंबेडकर चौराहा, शास्त्री चौराहा, कचहरी चौराहा, गोलघर, सिनेमा रोड, सुमेर सागर होते हुए गुरुद्वारा जटा शंकर में शाम को समाप्त होगी। शोभायात्रा के बाद गुरु का अटूट लंगर का वितरण किया जाएगा। शोभायात्रा में पंजाब से आए पंजाब बैंड और गटका समूह (सिख मार्शल आर्ट) ने शिरकत कर अपने हुनर प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश दिवस पर विशेष कार्यक्रम लगातार होगा। पांच को गुरुद्वारा मोहद्दीपुर में गुरुबाणी कीर्तन अखंड साहिब की समाप्ति के बाद कार्यक्रम सुबह 10 बजे से रात 12 बजे होगा। कार्यक्रम में गुरुद्वारा मोहद्दीपुर के रागी साहिबान के अलावा बाहर से भी आए रागी जत्थों की ओर से गुरबाणी कीर्तन से साथ संगत को भी निहाल करेंगे।

### ठंड में में दोगुनी हुई हृदय रोगियों की संख्या

**गोरखपुर, एजेंसी।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज में ठंड के मौसम में हार्ट अटैक और हृदय संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सामान्य दिनों 50 से 60 ही मरीज आते रहे है लेकिन इस ठंड में हृदय रोग के मरीज 120 ज्यादा मामले आ रहे हैं, हालांकि इसी बीच सांस रोगियों की संख्या भी बढ़ी है। हृदय विभाग के डॉक्टर आशीष राघव ने बताया कि नसों पर बढ़े दबाव के कारण कई मामलों में तत्काल इलाज की जरूरत पड़ रही है। तापमान गिरते ही शरीर की रक्त नलिकाएं सिकुड़ने लगती है, जिससे हृदय पर दबाव बढ़ जाता है। नसों पर बढ़े दबाव के कारण कई मामलों में तत्काल इलाज की जरूरत पड़ रही है। प्रतिदिन दो से तीन मरीजों में छल्ले भी लगाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि रोजाना 10 से 15 मरीज ऐसे आ रहे हैं जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम है। वहीं इस संबंध में मेडिसिन विभाग के डॉक्टर डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया कि युवाओं में हार्ट अटैक बढ़ने की सबसे बड़ी वजह अनियमित दिनचर्या, तनाव, कम नींद, धूम्रपान है। वहीं ठंड की वजह से कुछ पुराने मामले भी आ रहे है जिससे दिक्कत हो रही है।

#### -इन बातों का रखें ध्यान

- हृदय रोगियों को सुबह ठंड में टहलने से बचना चाहिए।
- सीने में दर्द कंधे या बाएं हाथ तक जाए तो इसे नजरअंदाज न करें, तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें।
- फास्ट फूड व बाजार के भोजन से दूरी बनाएं।
- कम से कम आठ घंटे की नींद पूरी हो।
- नियमित हल्का व्यायाम करें।
- बिना डॉक्टर के सलाह पर पहले से चल रही दवा को बंद नहीं करें।

# खामेनेई की हत्या पर फूट-फूटकर रोई महिलाएं और पुरुष

## शिया मुसलमान सड़कों पर उतरे, लखनऊ में विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में शिया मुसलमान लखनऊ में सड़कों पर उतरे। शिया मुस्लिम समुदाय के लोग खामेनेई की मौत पर शोक मना रहे हैं। इस्राइल और यूएस के हमलों में खामेनेई मारे गए हैं। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि जिनके खून में गद्दारी है, उन्होंने खामेनेई को धोखे से मारा है, अगर एक खामेनेई मारा गया, तो हज़ार खामेनेई उठ खड़े होंगे। इस्राइल और अमेरिका धोखेबाज हैं।



राजधानी लखनऊ में रविवार को सुबह शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। रोते बिलखते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक कि महिलाएं भी सड़कों पर रोते दिखीं। छोटे इमामबाड़े के पास बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग एकत्र हो गए। इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष एवं इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि इस्राइल और यूएस ने मिलकर एक स्वतंत्र देश ईरान पर हमला किया, उन्होंने स्कूलों को भी नहीं छोड़ा। इसकी हम निंदा करते हैं। वहीं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ़ अब्बास नक़वी ने कहा कि खामेनेई दुनिया के सभी मुसलमानों का ख्याल रखने वाले नेता थे। आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि इस्राइल और यूएस ने किस तरह दहशतगर्दी फैलाई है।

लखनऊ में शिया समुदाय के लोग

**तीन दिन का मनाएंगे शोक :** आयतुल्ला ख़ामेनई की शहादत पर घोषित तीन दिवसीय शोक के तहत शिया समुदाय के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस संबंध में मौलाना कल्बे जवाद ने तमाम उम्मते मुस्लिमा और इंसानियत परस्त लोगों से शोक में शामिल होने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि रविवार रात 8 बजे छोटे इमामबाड़े में शोकसभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद कैंडल मार्च निकाला जाएगा। मौलाना ने देशभर के शिया समुदाय से अपील की है कि रात 8 बजे एक ही समय पर शोकसभाएं आयोजित करें और जहां संभव हो वहां कैंडल मार्च निकालें।

साथ ही सभी लोगों से बड़ी संख्या में शोकसभा में शामिल होकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया गया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर एक प्रदर्शनकारी महिला ने कहा कि जिनके खून में गद्दारी है, उन्होंने खामेनेई को धोखे से मारा है, अगर एक खामेनेई मारा गया, तो हज़ार खामेनेई उठ खड़े होंगे। इस्राइल और अमेरिका धोखेबाज़ हैं।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शिया धार्मिक नेता मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि कल इस्राइल और अमेरिका ने जो हमला किया, उसे टेररिस्ट अटैक कहा जा रहा है। आज इसने पूरी खाड़ी को जंग में झोंक दिया है, और आप सब खाड़ी में हालात देख रहे हैं। दुनिया को समझना चाहिए कि अमेरिका और इज़राइल कैसे पूरी दुनिया में खून-खराबा, नफरत और दहशतगर्दी फैला रहे हैं... खामेनेई किसी एक देश के लीडर नहीं थे, बल्कि हर दबे-कुचले इंसान, हर मुसलमान और हर इंसान के लीडर थे... कोई नहीं जानता कि यह चल रहा झगड़ा कहां ले जाएगा। लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि ईरान जीतेगा...

**हम शहादत से नहीं डरते :** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि हम शहादत से नहीं डरते... ईरान ने अमेरिका और इस्राइल को कड़े शब्दों में कहा है कि ऐसा करारा जवाब दिया जाएगा कि वे इसे हमेशा याद रखेंगे... दुनिया दोनों देशों को खत्म होते देखेगी।

# कैलाश खेर बोले- एआई शरीर दे सकता है रूह नहीं, संघर्ष ही कलाकार को मांजता है, स्वच्छता का दिया संदेश

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर में 'शिवोहम' कार्यक्रम में पहुंचे सुप्रसिद्ध सूफी गायक कैलाश खेर ने कहा कि एआई के दौर में आत्मा की आवाज को मशीन नहीं दबा सकती। तकनीक सहायक हो सकती है, लेकिन रूह से निकले सुर का कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगीत केवल ध्वनि या व्यवसाय नहीं, बल्कि साधना है और साधना का स्थान कोई कृत्रिम माध्यम नहीं ले सकता।



कैलाश खेर ने कहा कि आज संगीत के क्षेत्र में कॉरपोरेट संस्कृति का प्रभाव बढ़ा है, लेकिन सच्चे संगीत की राह पर चलने वाले को कोई डिगा नहीं सकता। यदि समर्पण सच्चा हो और प्रयास निरंतर हों, तो सफलता निश्चित मिलती है। उन्होंने कहा। उनके अनुसार समय बदलता हैज्साधन बदलते हैं, लेकिन सुर की सच्चाई और साधना की शक्ति स्थाई रहती है।

**स्वच्छता भी एक प्रकार की साधना है :** कानपुर को लेकर उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यह केवल औद्योगिक शहर नहीं, बल्कि क्रांतिकारियों और अध्यात्म की धरती है। गंगा के किनारे अध्यात्म पनपता है। इस शहर की मिट्टी में संघर्ष की ऊर्जा और साधना की गहराई दोनों मौजूद है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि अपना शहर स्वच्छ रखें और पान मसाला जैसी आदतों से दूर रहें। स्वच्छता भी एक प्रकार की साधना है।

**संघर्ष ही कलाकार को मांजता है :** जिस शहर में हम रहते हैं, उसकी गरिमा बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। अपने संगीत सफर को याद करते हुए कैलाश खेर ने बताया कि वर्ष 2007 से उनके करियर की नई दिशा बनी। इस दौरान अनेक उतार-चढ़ाव आए, लेकिन आस्था और अध्यात्म के मार्ग पर चलते हुए उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा कि संघर्ष ही कलाकार को मांजता है और कठिनाइयां ही उसे मजबूत बनाती हैं।

**संगीत मेरे लिए पेशा नहीं, साधना है :** युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि वे केवल लोकप्रियता के पीछे न भागें, बल्कि अपनी आत्मा की आवाज को पहचानें और निरंतर अभ्यास करते रहें। संगीत मेरे लिए पेशा नहीं, साधना है। यह कहते हुए उन्होंने दोहराया कि सच्ची लगन और समर्पण ही स्थाई सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। युवा हमेशा प्रोत्साहित रहें और मेहनत करें।

# हिंद मेडिकल कॉलेज विवाद में 15 पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**बाराबंकी , एजेंसी।** सफेदाबाद स्थित हिंद मेडिकल कॉलेज एंड इंस्टीट्यूट के स्वामित्व को लेकर चल रहा विवाद अब कानूनी लड़ाई में बदल गया है। खुद को ट्रस्टी और अध्यक्ष बताने वाले डॉ. अमोद सचान ने 10 लोगों को नामजद करते हुए 15 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी, अवैध कब्जा और मारपीट की एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं दूसरे पक्ष ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया है कि कॉलेज के नाम पर 300 से 400 करोड़ रुपये तक का ऋण लिया गया है। इसे लेकर कॉलेज में तनातनी की आशंका को देखते हुए पुलिस बुलाना पड़ी। डॉ. अमोद सचान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हिंद चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना वर्ष 2004 में हुई थी। वह स्वयं इसके ट्रस्टी और अध्यक्ष रहे। ट्रस्ट द्वारा सफेदाबाद स्थित हिंद मेडिकल कॉलेज एंड इंस्टीट्यूट तथा अटरिया, सीतापुर स्थित मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जाता है। वर्ष 2024 में ट्रस्टी सुशीला और मधु ने इस्तीफा दे दिया था, जबकि ट्रस्टी ऋचा मिश्रा को निलंबित किया गया था। इसके बावजूद तीन फरवरी को गोमतीनगर (लखनऊ) निवासी वरुण श्रीवास्तव, ब्रजकिशोर सिंह समेत 10 नामजद और 15 अज्ञात लोग कॉलेज परिसर में घुस आए और कब्जा करने की कोशिश की। शहर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराने के साथ सभी दस्तावेज और ट्रस्ट से जुड़े अभिलेखों की जांच की जा रही है। दूसरे पक्ष की ओर से खुद को अधिकृत प्रतिनिधि बताने वाले ब्रजकिशोर सिंह ने आरोप लगाया कि प्रतिबंध के बावजूद विपक्षियों ने परिसर में जबरन घुसने की कोशिश की गई। आरोप लगाया कि डॉ अमोद के पक्ष ने कॉलेज के नाम पर 300 से 400 करोड़ रुपये तक का ऋण ले रखा है।

# खूब उड़ाया अबीर-गुलाल... बच्चे बोले-हैप्पी होली



**पीलीभीत , एजेंसी।** जिले के परिषदीय और निजी स्कूलों में शनिवार को होली के रंग बिखरे। बच्चों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। हैप्पी होली बोलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने भी बच्चों को गुलाल का टीका लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। कुछ कार्यालयों में भी होली खेली गई। शनिवार को स्कूलों में शिक्षण कार्य का अंतिम दिन था। इसके बाद अब परिषदीय स्कूल में बच्चों की चहलकदमी होली के अवकाश के बाद सुनाई देगी। कल्याणपुर नौगवां के कंपोजिट स्कूल में सुबह से छात्र-छात्राओं में होली का उल्लास नजर आया। मरौरी ब्लॉक के कुंवरपुर के जूनियर हाईस्कूल में बच्चों ने जमकर होली खेली। प्रधानाध्यापक राकेश वर्मा और प्रधान शुभम मौर्य ने बच्चों को होली की शुभकामनाएं दीं। शहर के संतराम सरस्वती विद्या मंदिर में भी बच्चों ने होली खेली। स्प्रिंगडेल स्कूल, लिटिल एंजेल स्कूल में भी होली का उल्लास दिखा। श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में चार दिवसीय बृज होली महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार की रात से हो गया। पहले दिन नगर के एक हॉल में होली उत्सव शुरू हुआ। गणेश वंदना के साथ संकीर्तन हुआ। वरिष्ठ संकीर्तनकार अजय पांडे, कमल यादव, दीपक गोयल, शशांक अग्रवाल ने गुरु वंदना व हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम में विश्वनाथ चंद्र, अतुल अग्रवाल, अभिलाष अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, प्रमोद पंत, डॉ. निर्देश जैसवार, अश्विनी अग्रवाल, विकास अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# न ट्रेन में मिली जगह, न तत्काल ने दिया साथ; हवाई सफर भी हुआ महंगा, घर जाने को अधर में लटके यात्री

**लखनऊ, एजेंसी।** यात्रियों के लिए होली का सफर मुसीबतों भरा है। न ट्रेन में जगह मिल रही है और न ही तत्काल ने साथ दिया। हवाई सफर भी काफी महंगा हो गया है। घर जाने वाले यात्री अधर में लटके हैं। बस ही एकमात्र सहारा दिख रही है।



होली पर दिल्ली, मुंबई और हावड़ा रूट से लखनऊ आने वाले यात्रियों की भीड़ शनिवार से उमड़नी शुरू हो गई। पुष्पक और एलटीटी एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं है। रेगुलर टिकट न मिलने पर यात्रियों ने तत्काल कोटे का सहारा लिया, लेकिन वहां भी भारी मायूसी हाथ लगी।

दिल्ली और मुंबई से लखनऊ आने वाली ट्रेनों में शनिवार को तत्काल कोटे की कुल 285 सीटें उपलब्ध थीं, लेकिन आम यात्रियों को केवल 32 कन्फर्म टिकट (24 स्लीपर और 8 एसी) ही मिल सके। यात्रियों का आरोप है कि अधिकांश टिकटों पर दलालों ने कब्जा जमा लिया। रविवार को भीड़ और बढ़ने की संभावना है।

### वेटिंग लिस्ट ने बढ़ाई चिंता

मुंबई से आने वाली कुशीनगर, पुष्पक और अवध एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में स्लीपर की वेटिंग 120 और थर्ड एसी में 85 के पार पहुंच गई है। वहीं, दिल्ली से आने वाली लखनऊ मेल, एसी एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस में स्लीपर की वेटिंग 150 और थर्ड एसी में 110 तक दर्ज की गई है।

### हवाई सफर भी हुआ महंगा

ट्रेनों में जगह न मिलने के कारण यात्रियों को हवाई यात्रा का विकल्प चुनना पड़ा, जिससे विमानों के किराये में भारी उछाल आया है। दिल्ली-लखनऊ का टिकट 8,281 से लेकर 12,360 रुपये तक बिके। वहीं, मुंबई-लखनऊ का किराया 18,000 रुपये तक पहुंच गया। बंगलूरू, हैदराबाद और कोलकाता से आने वाली उड़ानों के दाम भी ऊंचे रहे, हालांकि यात्रियों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार कुछ राहत रही।

### बसों में आज उमड़ेगी भीड़

होली पर लखनऊ से पूर्वांचल के जिलों में जाने वाले यात्रियों की भीड़ रविवार को बसों में उमड़ेगी। लखनऊ से गोरखपुर, गोंडा, बस्ती, बहराइच, बलिया, मऊ आदि जिलों के लिए अवध बस अड्डे, आलमबाग टर्मिनल व कैसरबाग बस अड्डे से बसें रवाना होंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसें भी चलेंगी। बसें रिजर्व में भी रखी गई हैं।

# सीएम योगी के आदेश के बावजूद अब तक नहीं मिली कर्मचारियों को सैलरी,

**लखनऊ, एजेंसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया था कि फरवरी माह के सैलरी फरवरी माह में ही आ जाए। एक मार्च को रविवार है और दो से चार मार्च तक अवकाश। फरवरी माह की सैलरी 28 फरवरी को ही प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशन धारकों के खाते में आनी थी, लेकिन एक मार्च की सुबह तक अभी तक सैलरी क्रेडिट नहीं हो सकी है। सरकार की घोषणा के बावजूद माह के अंतिम दिन तक वेतन और पेंशन न मिलने से कर्मचारियों व पेंशनर्स में आक्रोश है। कई विभागों का वेतन जारी नहीं हो सका है। इसके पीछे सर्वर डाउन होने की बात बताई जा रही है।

उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने कहा कि होली से पूर्व भुगतान का आश्वासन दिया गया था लेकिन शनिवार देर रात तक खातों में राशि नहीं पहुंची। वहीं सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने बताया कि कई जिलों से पेंशन न मिलने की शिकायतें आई हैं।

देरी से लाखों परिवारों के सामने त्योहार मनाने को लेकर आर्थिक कठिनाई खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा किया है कि होली के पहले वेतन-पेंशन जारी हो जाएगी। अब रविवार से छुट्टियां शुरू हो रही हैं, अब देखना होगा कि इन दिनों में वेतन व पेंशन जारी हो पाएगी या नहीं।

**होली पर परीक्षा कार्य में लगे शिक्षक फंसे :** यूपी बोर्ड परीक्षा में स्ट्रांग रूम और केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी निभा रहे शिक्षक व प्रधानाध्यापक होली पर घर जाने को लेकर असमंजस में हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव द्वारा जारी सख्त आदेश के बाद जिलों में शिक्षकों को रिलीव नहीं किया जा रहा है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी संबंधित मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक की लिखित अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। संयुक्त व अपर शिक्षा निदेशक भी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। उल्लंघन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



निर्देश में अवकाश अवधि में भी स्ट्रांग रूम की सतत निगरानी, आकस्मिक निरीक्षण, सुरक्षा, गोपनीयता और सीसीटीवी जांच सुनिश्चित करने को कहा गया है। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय संरक्षक रामेश्वर पांडेय व प्रांतीय महामंत्री अरुण यादव ने इसका विरोध करते हुए कहा कि 1 से 8 मार्च तक परीक्षा नहीं है, इसलिए शिक्षकों को होली अवकाश में गृह जनपद जाने की अनुमति मिलनी चाहिए।

### माहौल बिगाड़ने वाले वालों से सख्ती से निपटें, कार्रवाई नजीर बने: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होली, रमजान व ईद समेत आने वाले त्योहारों पर माहौल बिगाड़ने वाले उपद्रवियों से सख्ती से निपटा जाए। जो भी ऐसी हिमाकत करे उस पर जो कार्रवाई हो वह नजीर बननी चाहिए। जिससे उनको सबक मिले और भविष्य में वह ऐसा करने की सोच भी न सकें। सौहार्द बिगाड़ने जैसी यदि कोई वारदात हुई तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। सीएम त्योहारों के मद्देनजर शनिवार रात कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान ये निर्देश दिए। सीएम मुख्यमंत्री ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से कहा है कि संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए पूरी सतर्कता बरतें। सभी पर्व-त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाएं। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा सीएम ने कहा कि त्योहारों के साथ ही बोर्ड परीक्षाएं भी हो रही हैं। यह समय कानून-व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए बीते पांच वर्षों की घटनाओं की समीक्षा कर उनसे सीख लेते हुए प्रभावी प्रबंध करें। पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और शोभायात्राओं के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए। बैठक में सीएम ने आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन तथा जन-शिकायत निस्तारण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की।

### होली पर अगर अभद्र संगीत बजाए, तो सबक सिखाएं

सीएम ने कहा कि होलिका दहन समितियों व पीस कमेटियों की बैठकें करें। जिससे पर्वों के दौरान आपसी समन्वय और सौहार्द बना रहे। होलिका दहन सुरक्षित स्थान पर ही हो। होली के अवसर पर कहीं भी अभद्र गीत-संगीत नहीं बजना चाहिए और किसी के उत्साह में ऐसा कोई कृत्य न हो जिससे किसी वर्ग, समुदाय या व्यक्ति को नीचा दिखाने या परेशान करने की स्थिति उत्पन्न हो। पर्व उल्लास और भाईचारे का प्रतीक होते हैं, न कि किसी को आहत करने का माध्यम।

### लाउडस्पीकर हटवाएं, सोशल मीडिया की करें निगरानी

सीएम ने कहा कि कानफोड़ू आवाज वाले लाउडस्पीकरों को हटाया जाए। अब भी कई धर्मस्थलों पर ऐसे लाउडस्पीकर लगे हुए हैं, जिन्हें संवाद और समन्वय के माध्यम से हटाया जाना चाहिए ताकि ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। वहीं लोकल इंटेलिजेंस को और अधिक मजबूत करने व सोशल मीडिया की सतर्कता से निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीएम ने कहा कि त्योहारों व बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल में लगे अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे

**भोपाल।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर भारत के शिया समुदाय में भी शोक की लहर है। भोपाल के करोंद स्थित शिया मस्जिद में रविवार को जोहर की नमाज के बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए इमाम बाकर हुसैन ने कहा- पूरी दुनिया उस शख्सियत को जानती है, जिसने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई और मजलूमों का साथ दिया। खामेनेई ने अपने जीवन में अत्याचार का विरोध किया और इस्लामी इंकलाब के सिद्धांतों को आगे बढ़ाया। उन्होंने इमाम हुसैन की मौत का जिक्र करते हुए कहा- इतिहास गवाह है कि किसी विचारधारा या आंदोलन को किसी एक व्यक्ति के जाने से समाप्त नहीं किया जा सकता। इंकलाब की राह आगे भी जारी रहेगी और उसे आगे बढ़ाने वाले लोग मौजूद रहेंगे। अंत में इमाम हुसैन ने ताजियत पेश की। सभा में मौजूद लोगों ने इजराइल मुर्दाबाद, अमेरिका मुर्दाबाद, खामेनेई जिंदाबाद, अल्लाह हू अकबर और या हुसैन के नारे लगाए गए। मजलिस को संबोधित करते हुए इमाम बाकर हुसैन ने कहा कि दुश्मन अक्सर सामने से नहीं, बल्कि पीछे से वार करता है। उन्होंने कहा कि अयातुल्ला खामेनेई की शहादत से उम्मत-ए-मुसलमान खुद को यतीम महसूस कर रही है। शहादत किसी भी विचारधारा को कमजोर नहीं करती, बल्कि उसे और मजबूत बनाती है। इमाम हुसैन ने लोगों से एकजुट रहने और सब्र बनाए रखने की अपील भी की। मस्जिद मोहम्मदी के इमाम जुमा सैयद अजहर हुसैन रिजवी ने भी सभा को संबोधित किया।



### भारत में फंसे विदेशी नागरिकों के लिए सरकार ने जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व एशिया में अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों और ईरान के जवाबी पलटवार के बाद उत्पन्न गंभीर स्थिति के बीच भारत सरकार ने देश में फंसे विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। विदेश मंत्रालय ने परामर्श में कहा गया है कि है कि इस घटनाक्रम के कारण जिन विदेशी नागरिकों की भारत से प्रस्थान योजना प्रभावित हुई है और उन्हें अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी है, वे अपनी वीजा अवधि बढ़ाने अथवा ठहराव को नियमित कराने के लिए निकटतम विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से तत्काल संपर्क करें। मंत्रालय ने कहा कि संबंधित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय प्रभावित नागरिकों को आवश्यक औपचारिकताओं के निर्वहन में पूर्ण सहायता प्रदान करेगा, ताकि उनकी उपस्थिति विधिसम्मत बनी रहे। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय तनाव के कारण कई अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाओं ने उड़ानें निलंबित कर दी हैं। कुछ क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र बंद होने से भारत में ठहरे विदेशी नागरिकों की वापसी प्रभावित हुई है।




### राष्ट्रपति सोमवार को जारी करेंगी दिल्ली की महिलाओं के लिए पिंक कार्ड

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की 'वन नेशन, वन कार्ड' से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार राजधानी की महिला निवासियों के लिए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की शुरुआत करने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस महत्वाकांक्षी योजना (पिंक कार्ड) का शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्ड दिल्ली निवासी महिलाओं को डीटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही मेट्रो, रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में एक ही स्मार्ट कार्ड के माध्यम से सशुल्क सुविधा देगा। मुख्यमंत्री के अनुसार यह पहल सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, सुरक्षित और डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं के दैनिक यात्रा खर्च में कमी आएगी और उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य तथा सामाजिक अवसरों तक सुगम पहुंच मिलेगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि योजना के तहत तीन प्रकार के एनसीएमसी कार्ड जारी किए जाएंगे। पिंक कार्ड दिल्ली निवासी पात्र महिलाओं के लिए होगा, जबकि ब्लू कार्ड सामान्य यात्रियों के लिए और ऑरेंज कार्ड मासिक पास उपयोगकर्ताओं के लिए जारी किया जाएगा। शुरुआती चरण में पिंक और ब्लू कार्ड लॉन्च किए जाएंगे, जिसके बाद ऑरेंज कार्ड लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्ड जारी करने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने हिंडन मर्केंटाइल लिमिटेड (मुफिनपे) और एयरटेल पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को अधिकृत किया है। ये कार्ड दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में पहले से लागू ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम (एएफसीएस) से एकीकृत होंगे।

### मध्य पूर्व के देशों में सोमवार को होने वाली सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मध्य पूर्व के कई देशों में सोमवार को होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए स्थगित करने का निर्णय लिया है। सीबीएसई का यह आदेश बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबद्ध स्कूलों पर लागू होगा। बोर्ड ने अपने एक आदेश में कहा कि 2 मार्च को होने वाली परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि वे 3 मार्च को स्थिति की समीक्षा करेंगे। इसके बाद ही 5 मार्च और उसके बाद की परीक्षाओं पर कोई फैसला लिया जाएगा। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज की ओर से जारी इस सर्कुलर में सभी छात्रों और अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे अपडेट के लिए अपने संबंधित स्कूलों के संपर्क में रहें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।


### नागपुर में औद्योगिक विस्फोटक निर्माण कंपनी के कारखाने में धमाका, 15 की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले के कळमेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत राहुलगांव स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड कंपनी के कारखाने में आज हुए शक्तिशाली धमाके में 15 लोगों की मृत्यु हो गई है। नागपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने घटना की पुष्टि की है। घायलों की सटीक संख्या अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। नागपुर के कळमेश्वर स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड (पूर्व नाम स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड) देश की प्रमुख औद्योगिक विस्फोटक निर्माण कंपनी है। यह कंपनी खनन और आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए आवश्यक विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर तथा संबंधित उत्पादों का निर्माण करती है। यह विस्फोट रविवार तड़के लगभग प्रातः 5:30 बजे हुआ। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी, ऐसा स्थानीय ग्रामवासियों ने बताया। घटना की सूचना मिलते ही नागपुर के जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट के सटीक कारण और घायलों की संख्या के संबंध में अभी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है।



# दावा-खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर

**एजेंसी, तेहरान**



- 2 साल से सत्ता संभालने की ट्रेनिंग ले रहे थे, आखिरी फैसला 88 मौलवी करेंगे

अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनकी जगह कौन लेगा। यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि ईरान का सुप्रीम लीडर राष्ट्रपति से भी ज्यादा ताकतवर होता है। ईरान ने अभी नए सुप्रीम लीडर के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी मीडिया 'फार्स' समेत कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद पर चुने जा सकते हैं। उन्हें पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी चल रही थी। ईरान में सुप्रीम लीडर को 'रहबर' कहा जाता है। 'रहबर' का मतलब है, मार्गदर्शक या रास्ता दिखाने वाला। 88 मौलवियों की असेंबली सुप्रीम लीडर का चुनाव करती है। दुनिया में ईरान और वेटिकन सिटी ही ऐसे देश हैं जहां धार्मिक नेता सबसे ज्यादा ताकतवर हैं। ईरान में सुप्रीम लीडर का दर्जा ठीक वैसा ही है, जैसा वेटिकन में पोप को हासिल है।

ईरान के संभावित नए सुप्रीम लीडर के बारे में जानने से पहले शनिवार को हुए हमले की तस्वीर, जिसमें खामेनेई की जान गई...

**खामेनेई ने बीमार होने पर मुजतबा को उत्तराधिकारी बनाया था:** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अपने दूसरे बेटे मुजतबा खामेनेई को साल 2024 में उत्तराधिकारी बनाया था। खामेनेई ने बीमारी के चलते यह फैसला लिया था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की एक्सपर्ट असेंबली ने 26 सितंबर 2024 को ही नए सुप्रीम लीडर का चुनाव कर लिया था। खामेनेई ने असेंबली के 60 सदस्यों को बुलाकर गोपनीय तरीके से उत्तराधिकारी पर फैसला लेने कहा था। खामेनेई की मौत के बाद अब मुजतबा सार्वजनिक रूप से सुप्रीम लीडर के दावेदार के तौर पर सामने आ सकते हैं।

**इस्लामिक मामलों के जानकार हैं मुजतबा खामेनेई:** मुजतबा अपने पिता की तरह ही इस्लामिक मामलों के जानकार हैं। वे पहली बार 2009 में दुनिया की नजरों में आए। उन्होंने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों को सख्ती से कुचला, जिसमें कई लोग मारे गए। तब राष्ट्रपति चुनाव में कट्टरपंथी नेता महमूद अहमदीनेजाद को सुधारवादी नेता मीर होसैन मौसवी पर जीत मिली थी। सुधारवादी नेताओं ने दावा किया कि चुनाव में भारी पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। इसके बाद लाखों लोग सड़कों पर उतर आए थे। इसे 'ईरानी ग्रीन मूवमेंट' का नाम दिया गया। यह दो साल तक चला, लेकिन ईरानी सरकार ने इसे बल प्रयोग करके दबा दिया था। कहा गया था कि इसके पीछे मुजतबा खामेनेई का दिमाग है।

**किसी पद पर नहीं थे मुजतबा, भाषण भी नहीं देते:** मुजतबा के सरकार में किसी पद पर न होने के बाद भी जरूरी फैसलों में लगातार उनकी भागीदारी बढ़ती देखी गई। रिपोर्ट के मुताबिक मुजतबा एक रहस्यमयी शख्स हैं। वह बहुत कम अवसरों पर नजर आते हैं। वे पिता की तरह सार्वजनिक भाषण नहीं देते।

## केजरीवाल बोले- कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा

- हमें खत्म करने के लिए मोदी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



BJP नेताओं ने मुझपर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और BJP के लिए करारा जवाब है। AAP को खत्म करने के लिए खुद प्रधानमंत्री इस केस की निगरानी कर रहे थे। IIT से पढ़ाई के बाद मैं अमेरिका जा सकते थे, लेकिन देश सेवा के लिए भारत में ही रहा। इनकम टैक्स विभाग में नौकरी के दौरान मैंमे रिश्वत लेने से मना किया और ईमानदारी से काम किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मेरे खिलाफ कई जांच कराई गईं, लेकिन कुछ साबित नहीं हुआ। कांग्रेस और BJP दोनों ने 12 साल में देश को अच्छी सड़कें, पानी और बेहतर व्यवस्था नहीं दी। रेलवे, एयरलाइंस, बैंक और शिक्षा व्यवस्था खराब हो गई है। एक दिन पहले कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा करने पहुंचे थे केजरीवाल दिल्ली के पूर्व सीएम और AAP नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में शनिवार को पूजा की। उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, AAP सांसद संजय सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। शुक्रवार को दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई मामले में केजरीवाल-सिसोदिया समेत 23 लोगों को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बरी किया था। कल शाम केजरीवाल ने AAP दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी।

**ED मामले में भी बरी हो सकते हैं केजरीवाल:** अगस्त 2022 में CBI की चार्जशीट के आधार पर ED ने भी इस मामले में केस दर्ज किया था। ED के मामले भी अभी सुनवाई जारी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि CBI मामले में केजरीवाल समेत अन्य लोगों के बरी होने के कारण ये सभी ED मामले में भी बरी हो सकते हैं। क्योंकि ED का मामला अब कमजोर पड़ गया है। शुक्रवार को केजरीवाल ने कहा था कि मैंने जिंदगी में इज्जत और ईमानदारी कमाई है। एक पैसा नहीं कमाया, ये लोग उसी पर चोट करना चाहते थे।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा
## भाजपा अध्यक्ष नवीन बोले-बंगाल से घुसपैठियों को बाहर करने का समय आ गया

**एजेंसी, पटना**



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले से भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा- ये परिवर्तन सिर्फ व्यवस्था बदलने का विषय नहीं है, बल्कि सोच को बदलने का विषय है। आज हम बंगाल की इस पवित्र माटी से घुसपैठियों को स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि अब घुसपैठियों को बाहर करने का समय आ गया है।

**हम नए बंगाल का बीज रखेंगे:** सकारात्मक सोच के साथ हम नए बंगाल का बीज रखेंगे। हम सबको तैयार हो जाना है और घुसपैठिए वाली सरकार से बंगाल को मुक्त करना है और विकसित बंगाल का सपना साकार करना है। ममता दीदी, क्या आपने इसी सोनार बांग्ला का सपना दिखाया था, जहां सिर्फ भ्रष्टाचार हो, अराजकता हो और यहां के लोगों का शोषण हो। अब यहां का युवा बहुत परेशान हो चुका है। इन सभी का हिसाब लेने के लिए ही यह परिवर्तन यात्रा निकल रही है। जिस वंदे मातरम् के गान से पूरा देश आजाद हुआ, आज जब हम उसकी 150वीं जयंती मनाते हैं, तो टीएमसी के सांसद संसद में उसे रोकते हैं। जिस वंदे मातरम् ने पूरे देश को आजादी दिलाई, उसी वंदे मातरम् का टीएमसी के सांसद अपमान करते हैं। ममता दीदी, वंदे मातरम् ने अंग्रेजों से आजादी दिलाई थी, और अब वही वंदे मातरम् की गूंज बंगाल को आपकी अराजकता से आजाद करेगी और बंगाल को मुक्ति दिलाएगी। आज की ये यात्रा जो 5,000 किलोमीटर से अधिक की होगी और बंगाल के घर घर तक जाएगी।

## कराची के अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़प

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



- सुरक्षाकर्मियों की गोली से 9 की मौत, 18 घायल

ईरान पर रविवार सुबह इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमेनेई की मौत की खबर से पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में लोग भड़क गए हैं। हजारों प्रदर्शनकारी आज कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर नारेबाजी की। इस दौरान हुई झड़प के बाद अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां चला दीं, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सिंध के गृह मंत्री ने पुलिस से घटना की रिपोर्ट तलब की है। जियो टीवी ने सरकारी अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कराची में आज दोपहर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर अमेरिका और इज़राइली हमलों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान कम-से-कम 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। घटना को लेकर इस्लामाबाद स्थित यूएस दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बयान जारी कर अपने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। इसमें कहा गया है कि, 'हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के समक्ष चल रहे प्रदर्शनों की खबरों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास और पेशावर में वाणिज्य दूतावास के समक्ष प्रदर्शनों के आह्वान पर भी हमारी नजर है। पाकिस्तान में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचारों पर नजर रखने और व्यक्तिगत सुरक्षा के अच्छे उपाय के साथ सतर्कता, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने की सलाह दी जाती है।' इससे पहले उग्र प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजराइल पर मध्य पूर्व में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़े दिए। भीड़ ने अमेरिकी प्रतीकों को निशाना बनाया और दूतावास परिसर के एक हिस्सों में आग लगा दी। ईधी एम्बुलेंस सर्विस के मुताबिक, 06 शव और 10 घायलों को शुरू में एमटी खान रोड से सिविल अस्पताल कराची ले जाया गया था। अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के अधिकारियों ने बाद में कन्फर्म किया कि 18 घायल लोगों के साथ 7 शवों को अस्पताल लाया गया था। अस्पताल अधिकारियों ने कहा कि प्रभावित लोग फायरिंग, लाठीचार्ज और भगदड़ की वजह से घायल हुए। सिविल अस्पताल कराची के ट्रॉमा सेंटर के हेड डॉ. साबिर मेमन के मुताबिक, अब तक 8 शवों को अस्पताल लाया जा चुका हैं, जबकि 20 घायलों का इलाज चल रहा है। बाद में, गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर पत्थर फेंके और आगे बढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग के बाद गोलीबारी शुरू कर दी। सिंध के होम मिनिस्टर ज़ियाउल हसन लंजर ने एडिशनल आईजी कराची से घटना की रिपोर्ट मांगी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। लंजर ने पूरे प्रांत में संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया।

## ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद लखनऊ सहित यूपी में कई जगह प्रदर्शन

**उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई**

**एजेंसी, लखनऊ**

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में शिया समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। लखनऊ में रोती महिलाओं सहित बड़ी संख्या में छोटा इमामबाड़ा से लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने खामेनेई जिंदाबाद और अमेरिका इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाये। इस प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अमेरिका और इजराइल के युद्ध के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शिया समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर उतरे। महिलाएं रोती बिलखते हुए मातम करते हुए दिखीं। छोटा इमामबाड़ा से भारी संख्या में लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। लखनऊ की शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि अमेरिका-इजराइल ने जो आतंकी कृत्य किया है। पूरे विश्व को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। खामेनेई की मौत के बाद सभी देशों को अपने राष्ट्रीय ध्वजों को श्रद्धांजलि में झुकना चाहिए। शिया समुदाय के लोग तीन दिन का शोक मनाने हुए अपनी प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी तीन दिवसीय शोक की घोषणा कर की गई है। बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास की इस घोषणा के बाद बड़ा और छोटा इमामबाड़ा अगले तीन दिन के लिए पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। मौलाना कल्बे जवाद ने बताया कि खामेनेई की मौत पर रविवार रात आठ बजे छोटे इमामबाड़ा में शोकसभा आयोजित की जाएगी। उन्होंने भारी संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की है। इसके अलावा बरेली, जौनपुर, संभल समेत कई जिलों में प्रदर्शन हो रहे हैं। बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पूरी मिल्लत इस्लामिया के लिए दुख की बात है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अमन व शांति के साथ विरोध करें। इस बात की व्यवस्था रखें कि जुलूस में शामिल कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न लें।



## 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का सोमवार को राष्ट्रपति करेंगी शुभारंभ


**एजेंसी, नई दिल्ली**



महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना पर आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' आयोजित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का औपचारिक शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बदलते समय और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए बालिकाओं के लिए प्रभावी और भविष्योन्मुखी योजना बनाने की आवश्यकता थी। इसी सोच के साथ लाडली योजना को विस्तारित और सुदृढ़ रूप में 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' के रूप में पुनर्गठित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व संरचना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र बालिका के नाम पर संस्थागत जन्म होने पर 11,000 रुपये और घरेलू जन्म होने पर 10,000 रुपये जमा किए जाते थे। इसके अतिरिक्त कक्षा एक, छह और नौवीं में प्रवेश, कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने तथा कक्षा बारह में प्रवेश जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक पड़ावों पर 5,000 रुपये की राशि जमा की जाती थी।

## ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के 25वें स्थापना दिवस पर आरसीओ पोर्टल का किया शुभारंभ

**एजेंसी, नई दिल्ली**




ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में भारत की अग्रणी संस्था ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में रविवार को अपने 25वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाया। इस दौरान बीईई 25 लोगो का अनावरण, बीईई स्टार लेबल मोबाइल ऐप और आरसीओ पोर्टल का शुभारंभ किया। विद्युत एवं आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक कहावत, "इलाज से बेहतर रोकथाम है," का स्मरण करते हुए कहा कि बीईई विद्युत क्षेत्र के लिए एक निवारक संस्था के रूप में कार्य करता है। आज बचाई गई बिजली की प्रत्येक इकाई अतिरिक्त उत्पादन क्षमता की आवश्यकता को कम करने और उत्सर्जन को घटाने में सीधे तौर पर योगदान देती है। ऊर्जा-कुशल प्रथाओं को अपनाकर हम न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और अधिक टिकाऊ भविष्य भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने देश में ऊर्जा दक्षता पहलों को आगे बढ़ाने में बीईई के महत्वपूर्ण योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ने 2005 के स्तर से अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता में 36 प्रतिशत की कमी की है ।

## होली : इंटरनेशनल कल्चरल डेस्टिनेशन की ओर यूपी धार्मिक पर्यटन को विश्व मंच पर उतारने की तैयारी

**एजेंसी, लखनऊ**



- सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत आज भी उसी जीवंतता के साथ आगे बढ़ रही

इस बार योगी सरकार उत्तर प्रदेश को इंटरनेशनल कल्चरल डेस्टिनेशन बनाने और धार्मिक पर्यटन को विश्व मंच पर उतारने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार होली को फाल्गुनी उत्सव की मूल भावना से जोड़ते हुए ग्लोबल पिलग्रिम फेस्टिवल के रूप में प्रस्तुत करने जा रही है। इससे ऋतु, धर्म, संस्कृति और पर्यटन एकसूत्र में पिरोए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर मनाई जाने वाली होली सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को आज भी उसी जीवंतता से आगे बढ़ा रही है। फाल्गुन का महीना जैसे ही दस्तक देता है, उत्तर भारत की हवाओं में एक अलग ही मादकता घुल जाती है। आम्र-मंजरियों की सुगंध, कोयल की कू, ढोल-मंजीरों की थाप और फाग गीतों की गूंज यह संकेत देती है कि रंगों का महापर्व आ गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी की मानें तो होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है। इसका मूल अर्थ है असत्य पर सत्य की जीत, अहंकार पर भक्ति की विजय और विभाजन पर मिलन का उत्सव। इसी अर्थ को आधार बनाकर इस बार धार्मिक स्थलों की होली को वैश्विक पर्यटन से जोड़ने की योजना है। इसका उद्देश्य होली के आध्यात्मिक संदेश को विश्व मंच तक पहुंचाना और इसे फेस्टिवल ऑफ हार्मनी के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि इस बार लक्ष्य केवल पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि ग्लोबल फेथ एंड कल्चर फेस्टिवल की अवधारणा के साथ होली को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है।

# आकिब नबी बने टीम इंडिया की नई उम्मीद, रणजी सीजन में रचा बड़ा इतिहास

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट को जल्द ही एक धाकड़ तेज गेंदबाज मिलने जा रहा है। 29 वर्षीय पेसर आकिब नबी रेड बॉल क्रिकेट में लगातार कमाल करते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट की दहलीज पर दस्तक दे रहे हैं। मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में उनकी घातक गेंदबाजी ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया है। जम्मू-कश्मीर के इस तेज गेंदबाज ने पूरे सीजन बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया और फाइनल मुकाबले में भी अपना दम साबित किया। कर्नाटक के खिलाफ केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे खिताबी मुकाबले की पहली पारी में नबी ने शानदार 5 विकेट चटकाए। उनकी दमदार गेंदबाजी की बदौलत कर्नाटक की पारी 293 रन पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर ने 291 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर इतिहास रचने की ओर कदम बढ़ा दिए।<रणजी फाइनल के चौथे दिन पहले सेशन में दो विकेट लेकर नबी ने अपना 5 विकेट हॉल पूरा किया। तीसरे दिन उन्होंने तीन विकेट लिए थे। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का 16वां और मौजूदा रणजी सीजन का सातवां 5 विकेट हॉल है। नबी ने कुल 23 ओवर फेंके, जिसमें 7 मेडन ओवर शामिल रहे। उन्होंने केवल 54 रन देकर 5 खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा और 2.30 की किफायती इकॉनमी बनाए रखी। उन्होंने केएल राहुल, मयंक अग्रवाल और करुण नायर जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को शिकार बनाया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ आकिब नबी रणजी ट्रॉफी 2025-26 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने उत्तराखंड के मयंक मिश्रा को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम 59 विकेट थे। नबी अपने 10वें मैच तक 60 विकेट ले चुके हैं। इससे पहले वे 9 मैचों में 55 विकेट ले चुके थे। पूरे सीजन में उन्होंने दो बार 4 विकेट और 7 बार 5 विकेट हॉल दर्ज किया है। आकिब ने इस सीजन 60 विकेट लेकर रणजी ट्रॉफी के 92 साल के इतिहास में एक सीजन में इतने विकेट लेने वाले सिर्फ तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में जगह बनाई है। उनका फर्स्ट क्लास करियर भी शानदार रहा है, जहां वे अब तक 41 मैचों में 156 विकेट ले चुके हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में भी उनके नाम 56 विकेट दर्ज हैं। ऐसे में उनकी फॉर्म को देखते हुए चयनकर्ता जल्द ही उन्हें टीम इंडिया में मौका दे सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली भी आकिब नबी की प्रतिभा से प्रभावित हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर ने साबित किया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से असंभव भी संभव है। गांगुली ने बीसीसीआई अधिकारियों को टैग करते हुए कहा कि आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बेहद करीब हैं और इंग्लैंड में गर्मियों के दौरान उन्हें मौका दिया जाना चाहिए।

# एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम घोषित, लवलीना और निकहत संभालेंगी कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की दो शीर्ष महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और निकहत जरीन मंगोलिया में 28 मार्च से 11 अप्रैल तक होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने एक महीने की विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला स्थित राष्ट्रीय शिविर में बुलाया गया था, जहां चयन नीति के तहत उनके प्रदर्शन का आकलन किया गया। इस चैंपियनशिप के परिणामों के आधार पर राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए प्राथमिकता तय की जाएगी, इसलिए इस टूर्नामेंट का महत्व काफी बढ़ गया है। महिलाओं में मुख्य जिम्मेदारी लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) निभाएंगी, जिन्होंने हाल ही में स्पेन में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके साथ स्वर्ण विजेता प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), और प्रिया (60 किग्रा) को टीम में जगह मिली है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम का हिस्सा होंगी। महिला टीम में अन्य महत्वपूर्ण मुक्केबाजों में शामिल हैं अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और हेवीवेट वर्ग में अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक)। पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे सचिन (60 किग्रा), जिन्होंने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। उनके साथ स्पेन में स्वर्ण जीतने वाले आकाश (75 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है। रजत विजेता दीपक (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और कांस्य विजेता जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा) भी टीम का हिस्सा हैं। अन्य चयनित मुक्केबाजों में विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) शामिल हैं। भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि एशियाई चैंपियनशिप में दबाव और कौशल की कड़ी परीक्षा होती है, और टीम ऐसे मुक्केबाजों से चुनी गई है जिन्होंने बेहतर फॉर्म, अनुशासन और बड़े मंच पर प्रदर्शन की क्षमता दिखाई है। महिला टीम का मूल्यांकन मुख्य कोच सैंटियागो नीवा और पुरुष टीम का आकलन सीए कटप्पा की निगरानी में किया गया। हाल ही में भारत ने स्पेन में आयोजित बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# प्राग इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल के चौथे दौर में डी. गुकेश को डेविड नवारा ने रोका

**एजेंसी, प्राग**



प्राग इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल के चौथे दौर में विश्व चैंपियन डी. गुकेश की पहली जीत की तलाश जारी रही। उन्हें चेक गणराज्य के दिग्गज ग्रैंडमास्टर डेविड नवारा ने ड्रॉ पर रोक दिया। डी. गुकेश ने 'रूई लोपेज बर्लिन' ओपनिंग में बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन अनुभवी डेविड नवारा ने सटीक बचाव किया। 72 चालों के बाद रूक और प्यादों के एंडगेम में मुकाबला ड्रॉ रहा। इसी दिन नीदरलैंड के जॉर्डन वान फोरेस्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार मुकाबलों में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुब्बोएव को पराजित किया। गत चैंपियन अरविंद चितांबरम को जर्मनी के विन्सेंट कीमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।अन्य मुकाबलों में अमेरिका के हैंस मोक नीमन और ईरान के परहाम मगसूदलू के बीच बाजी बराबरी पर छूटी। स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी अंक साझा किए। अंक तालिका में जॉर्डन वान फोरेस्ट तीन अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके पीछे नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और डेविड नवारा ढाई अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नोदिरबेक याकुब्बोएव, विन्सेंट कीमर और डेविड एंटोन गुइजारो उनसे आधा अंक पीछे हैं। डी. गुकेश, अरविंद चितांबरम, हैंस मोक नीमन और परहाम मगसूदलू 1.5 अंकों के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। अरविंद चितांबरम ने 'फिलिडोर डिफेंस' अपनाया, पर विन्सेंट कीमर ने किंग-साइड आक्रमण से बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने पहले एक प्यादा और फिर एक ऊंट गंवाया, जिसके बाद वापसी संभव नहीं हो सकी। चैलेंजर्स वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य के वानक्लाव फिनेक से ड्रॉ खेला। वहीं सूर्य शेखर गांगुली ने स्टेपन हर्बेक के साथ अंक बांटे। वानक्लाव फिनेक तीन अंकों के साथ चैलेंजर्स वर्ग में शीर्ष पर हैं, जबकि दिव्या के 1.5 और सूर्य शेखर गांगुली के एक अंक हैं।

# ब्लैक बेल्ट पाकर 55 ताईक्वांडो खिलाड़ियों के खिले चेहरे



**एजेंसी, मुरादाबाद**

जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में 55 ताईक्वांडो खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट का वितरण हुआ। इस दौरान जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ियों को नई तकनीकियां भी समझाई गईं। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि कलर बेल्ट वितरण शिविर में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को एडवांस प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें खिलाड़ियों को नई तकनीक और कौशल के बारे में जानकारी दी गई व आगामी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन दिखा सकें। इस तरह के शिविर का संचालन जिले में अलग-अलग स्थानों पर आगे भी आयोजित होते रहेंगे। इससे जिले के खिलाड़ियों में जागरूकता बनी रहेगी व सभी खिलाड़ी आगामी राज्य, राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरते रहेंगे। आरएसडी एकेडमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार व डॉ. जी. कुमार ने कहा कि इस समय सभी स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं। इसके बावजूद भी खिलाड़ियों में ताइक्वांडो को लेकर अधिक जोश बना हुआ है। वह खूब पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पढ़ाई के साथ खेल और शारीरिक व्यायाम भी अधिक महत्पूर्ण है।

# दुबई एयरपोर्ट के पास धमाका, पीवी सिंधु को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को दुबई एयरपोर्ट के पास हुए धमाके के बाद सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वह अपनी टीम के साथ एयरपोर्ट पर फंसी हुई थीं, जहां अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन हालात बिगड़ने के कारण उन्हें दुबई में रुकना पड़ा। एयरस्पेस बंद होने से कई उड़ानें प्रभावित हुईं और यात्री एयरपोर्ट पर ही इंतजार करने को मजबूर हो गए। सिंधु ने सोशल मीडिया पर बताया, "स्थिति हर घंटे और भयावह होती जा रही है। कुछ घंटे पहले एयरपोर्ट पर जहां हम ठहरे हुए थे, उसके पास जोरदार धमाका हुआ। मेरे कोच को धुएं और मलबे के सबसे करीब होने के कारण तुरंत वहां से भागना पड़ा। वह हम सभी के लिए बेहद तनावपूर्ण और डरावना पल था।" उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सभी सुरक्षित हैं और दुबई एयरपोर्ट स्टाफ व स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हें अधिक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। सिंधु ने दुबई में स्थित भारतीय उच्चायोग का भी विशेष रूप से आभार जताया, जिसने लगातार संपर्क में रहकर सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि अब वे हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं। क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के चलते खाड़ी देशों के एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। इससे एमिरेट्स और एयर इंडिया सहित कई एयरलाइंस की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं।इजरायल के साथ-साथ बहरीन, कुवैत और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाए जाने से पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

## संक्षिप्त

### टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद सनथ जयसूर्या ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से हटने का किया ऐलान



**कैंडी।** सनथ जयसूर्या ने टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 चरण से बाहर होने के बाद श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। श्रीलंका को शनिवार रात पाकिस्तान के खिलाफ पांच रन से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद जयसूर्या ने अपने फैसले की जानकारी दी। जयसूर्या ने मैच के बाद कहा, "मैंने सोचा कि यह जिम्मेदारी किसी और को दे देनी चाहिए। दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान ही मैंने संकेत दे दिया था कि मैं आगे इस पद पर बने रहने की योजना नहीं बना रहा हूं। मेरा इरादा था कि विश्व कप के बाद अच्छे नोट पर विदाई लूं, लेकिन वैसा नहीं हो सका। इसका मुझे अफसोस है।" हालांकि, उनका अनुबंध जून 2026 तक है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह 13 से 25 मार्च तक खेले जाने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज में टीम की कमान संभालेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इस बारे में अभी श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से औपचारिक चर्चा नहीं हुई है, लेकिन वह जल्द ही बातचीत करेंगे। जुलाई, 2024 से टीम की कमान संभाल रहे जयसूर्या का कार्यकाल उतार-चढ़ाव भरा रहा। उनके नेतृत्व में श्रीलंका ने घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ ऐतिहासिक एकदिवसीय श्रृंखला जीती और इंग्लैंड में टेस्ट मैच भी अपने नाम किया। उन्होंने दावा किया कि उनके कार्यकाल में टीम को एकदिवसीय रैंकिंग में चौथे स्थान तक पहुंचाया गया, टेस्ट टीम को छठे और टी-20 टीम को भी छठे स्थान तक ले जाया गया। इस दौरान टीम की कुल जीत प्रतिशत करीब 50 प्रतिशत रही।

# एलिसा हीली ने शतक के साथ वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 185 रन से हराया

» **ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में किया क्लीन स्वीप**

**एजेंसी, होबार्ट**



ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने अपने अंतिम वनडे मुकाबले में 158 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को भारत के खिलाफ 185 रन की बड़ी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 3-0 से जीत ली। बेलरीव ओवल में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए, जो घरेलू मैदान पर उसका पहला 400 से अधिक का स्कोर है। हीली के अलावा बेथ मूनी ने 84 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाए। अंत में निकोला कैरी ने 15 गेंदों में नाबाद 34 रन की तेज पारी खेली। भारत की ओर से स्नेह राणा (44 रन) ने सर्वाधिक योगदान दिया, लेकिन टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अलाना किंग ने 4 विकेट झटके और भारतीय बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। टॉस जीतकर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले गेंदबाजी चुनी। हीली ने 98 गेंदों में 158 रन की पारी खेलते हुए 79 गेंदों में शतक पूरा किया। यह उनका वनडे करियर का आठवां शतक रहा। उनकी इस पारी के दौरान उन्होंने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। 410 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। स्मृति मंधाना बिना खाता खोले आउट हो गईं। जेमिमा रोड्रिग्स (42 रन) ने कुछ आक्रामक शॉट लगाए, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। हरलीन देओल (14 रन) रन आउट हुईं और हरमनप्रीत कौर 25 रन बनाकर आउट हो गईं। मध्यक्रम में दीप्ति शर्मा (29 रन) और स्नेह राणा ने थोड़ी देर संघर्ष किया, लेकिन लक्ष्य काफी बड़ा था। अंततः ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भारत को 46वें ओवर में समेट दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने बहु-प्रारूप श्रृंखला में 8-4 की बढ़त बना ली है और अब दोनों टीमें पर्थ में खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच की तैयारी करेंगी।

# एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम घोषित, सलीमा टेटे होंगी कप्तान

**एजेंसी, हैदराबाद**



हॉकी इंडिया ने हैदराबाद (तेलंगाना) में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए 20 सदस्यीय भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम (भारत) की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 8 से 14 मार्च तक आयोजित की जाएगी। भारत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, इसके बाद 9 मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से मुकाबला करेगा। इस क्वालीफायर में मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया की टीमें भाग लेंगी। यहां से तीन टीमें एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स) के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो अगस्त 2026 में खेला जाएगा। टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल-ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया, जबकि पूल-बी में भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स शामिल हैं। अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी संभालेंगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम को सौंपी गई है। डिफेंस में सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड में सलीमा टेटे के साथ नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग को जगह मिली है। फॉरवर्ड लाइन में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू गोल करने की जिम्मेदारी निभाएंगी। मुख्य कोच सजोर्ड मारिजन ने कहा कि टीम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रही है और टूर्नामेंट से पहले दो अभ्यास मैच खेलेगी।

**20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम**

**गोलकीपर** : बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम ।

**डिफेंडर्स** : सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी।

**मिडफील्डर** : सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग।

**फॉरवर्ड** : नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू ।

# आईसीसी ने जनवरी के प्लेयर ऑफ द मंथ का किया ऐलान, डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी को मिला सम्मान

**एजेंसी, दुबई**



आईसीसी ने जनवरी महीने के लिए पुरुष और महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान कर दिया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के स्टार ऑलराउंडर डैरिल मिचेल का चयन किया गया, जबकि महिला वर्ग में बांग्लादेश की उभरती बल्लेबाज शोभना मोस्तारी को यह पुरस्कार मिला। दोनों खिलाड़ियों को महीने भर के शानदार और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए आईसीसी ने सम्मानित किया। डैरिल मिचेल ने भारत दौरे पर न्यूजीलैंड को वनडे सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। तीन मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे होने के बाद मिचेल ने लगातार दो शतकों की बदौलत मैच का रुख बदल दिया। दूसरे वनडे में उनके 131 (नाबाद) रन और तीसरे वनडे में 137 रन की पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने निर्णायक मुकाबले में 337/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया और सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मिचेल ने पूरी सीरीज में कुल 352 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे। उनके शानदार फॉर्म का असर रैंकिंग पर भी दिखा और उन्होंने आईसीसी वनडे बल्लेबाजी सूची में फिर से नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया। टी20 सीरीज में भी मिचेल ने 5 मैचों में 186.56 की स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए। इस पुरस्कार की दौड़ में उन्होंने भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ दिया। महिला वर्ग में शोभना मोस्तारी ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालीफायर में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले छह मैचों में 229 रन बनाए, जिसमें 45.80 का औसत और 145.85 की स्ट्राइक रेट शामिल रही। उनकी निरंतरता और आक्रामक अंदाज पूरे टूर्नामेंट में बांग्लादेश के लिए बड़ी ताकत साबित हुए। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस और तारा नॉरिस जैसे खिलाड़ियों से आगे कर दिया। मोस्तारी की बल्लेबाजी की बदौलत बांग्लादेश टीम टूर्नामेंट में अजेय रही और सीधे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर गई। आईसीसी के इस ऐलान ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी है। डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी का यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

# जीपीकेएल सीजन-2 में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए लागू होगी ड्राफ्ट प्रणाली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

यूरोप, अफ्रीका और एशिया के विभिन्न देशों से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी की पुष्टि के बाद ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) ने रविवार को घोषणा की कि सीजन-2 में संतुलित और प्रतिस्पर्धी टीमें तैयार करने के उद्देश्य से एक संरचित प्लेयर ड्राफ्ट प्रणाली लागू की जाएगी। यह ड्राफ्ट प्रणाली घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को एकीकृत करने के लिए तैयार की गई है। जीपीकेएल सीजन 2 में प्रत्येक फ्रेंचाइज़ी दो टीमें एक पुरुष और एक महिला टीम उतारेगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक टीम में घरेलू और प्रवासी खिलाड़ियों का मिश्रण अनिवार्य होगा, जो भारत की मजबूत कबड्डी परंपरा को उभरती वैश्विक भागीदारी से जोड़ने की लीग की मूल भावना को प्रतिबिंबित करता है। अपने पहले सीजन में जीआईपीकेएल के रूप में शुरुआत करने के बाद सीजन 2 की यह ड्राफ्ट प्रणाली पेशेवर रूप से संगठित और प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन वाली टीमों के निर्माण की दिशा में अगला कदम है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय समावेशन को भी प्राथमिकता दी गई है। इस मॉडल के तहत संरचित ट्रायल्स से उभरने वाले खिलाड़ियों का तकनीकी कौशल, फिटनेस, सामरिक समझ और टीम के अनुरूप ढलने की क्षमता के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें केंद्रीय ड्राफ्ट पूल में शामिल किया जाएगा। फ्रेंचाइज़ी टीमें अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप कोच-नेतृत्व वाली रणनीतिक प्रक्रिया के माध्यम से इस ड्राफ्ट पूल से खिलाड़ियों का चयन करेंगी।सीजन 2 में इंग्लैंड, नीदरलैंड, पोलैंड, हंगरी, चेक गणराज्य, जर्मनी, तंजानिया, केन्या, कैमरून, हांगकांग और ताइवान सहित कई देशों के पुरुष और महिला खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है, जो भारत के प्रमुख कबड्डी राज्यों के घरेलू खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रवासी अवधारणा पर हिप्पा की अध्यक्ष कांथी डी सुरेश ने कहा कि प्रवासी तत्व जीपीकेएल की दृष्टि का केंद्र है। किसी भी देश से आने वाला खिलाड़ी केवल लीग में भाग नहीं लेता, बल्कि अपने देश लौटने पर वह इस खेल का प्रतिनिधि बन जाता है।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, सोमवार, 02 मार्च, 2026



# सूरज से चमके सूरजमुखी





## भूमि की तैयारी

सूरजमुखी के बीज का छिलका कड़ा होने से अंकुरण हेतु पर्याप्त नमी की आवश्यकता होती है. खेत में गहरी जुताई करें, बाद में एक या दो बार देशी हल या बखर पाटा सहित चलाकर खेत को बोनी हेतु तैयार करें. खेत में कम नमी होने पर पलेवा कर बुवाई करें।

## बीज की मात्रा

उन्नत किस्मों के 6-8 कि.ग्रा. तथा संकर किस्मों के 5-7 किलोग्राम बीज का प्रति हेक्टर की दर से उपयोग करें.

## बोने का समय

सूरजमुखी के पौधे प्रकाश के प्रति असंवेदनशील होने के कारण अत्यंत ठंडे मौसम को छोड़कर किसी भी मौसम में उगाया जा सकता है, क्योंकि इस पर दिनों की अवधि का विशेष प्रभाव नहीं पड़ता है।

जायद में जनवरी के तीसरे सप्ताह से फरवरी के अंत तक बुवाई करना उपयुक्त होता है।

## बीज उपचार

बुवाई के पूर्व बीजों को 12-14 घंटे पानी में भिगोकर बौने से अंकुरण अच्छा होता है। बीज जनित रोगों की रोकथाम के लिये थायरम 2 ग्राम एवं बाविस्टीन 1 ग्राम मिश्रण को प्रति किलो ग्राम बीज की दर से उपचारित करें. जहां पर डाउनी मिल्ड्यू की अधिक समस्या रहती है बीज को मेटालेक्जिल 6 ग्राम प्रति कि.ग्रा.बीज की दर से उपचारित कर बुवाई करें.

## बुवाई विधि



बीज की बुवाई सीड कम फर्टीड्रिल की सहायता से करें. रबी फसल हेतु कतारों से कतारों की दूरी 60-70 सेमी एवं खरीफ व जायद में 45-50 सेमी दूरी पर बुवाई करें. पौधे से पौधे की दूरी 25-30 सेमी रहना आवश्यक है. बीज 4-5 सेमी की गहराई पर बोयें. मार्डन किस्म के लिये 45330 सेमी अंतरण रखना चाहिए।

## सिंचाई प्रबंधन

प्रथम सिंचाई बौनी के 30-35 दिन बाद व द्वितीय सिंचाई फूल खिलते समय 50-55 दिन की अवस्था पर करना लाभप्रद है। आवश्यकता होने पर तीसरी सिंचाई दाने भरने की अवस्था में करना चाहिए. सूरजमुखी का पौधा भारी व बड़ा होने के कारण गिरने की संभावना रहती है, अत: दूसरी सिंचाई के समय अर्थात बोवाई के 50 दिन बाद पौधों पर मिट्टी चढ़ा देना चाहिये.

## खाद एवं उर्वरक

सिंचित स्थिति में सूरजमुखी हेतु 80 कि.ग्रा., यूरिया, 250 कि.ग्रा. फास्फोरस 33,कि.ग्रा. म्यूरेट ऑफ पोटाश एवं 20 कि.ग्रा. सल्फर प्रति हेक्टर दिया जाना अनुशंसित किया गया है. 50 प्रतिशत यूरिया, स्फुर, पोटाश की सम्पूर्ण मात्रा बुवाई के समय उपयोग करें तथा शेष यूरिया को दो बराबर भागों में बांटकर 30-30 दिन के अंतराल पर खड़ी फसल में कतारों में बिखेर कर दें.

## खरपतवार प्रबंधन

अंकुरण से पूर्व एलाक्लोर या ऐंडीमिथालीन 1.50 किलो ग्राम सक्रिय तत्व 600 ली. पानी में घोलकर प्रति हेक्टर की दर से उपयोग करें. सूरजमुखी फसल से 50 मीटर की परिधि तक 2,4-डी खरपतवारनाशी का छिड़काव नहीं करना चाहिए.

विरलन-फसल के 10-15 दिन की अवस्था पर विरलन कर उचित पौध संख्या बनाये रखें.

## अंतरवर्तीय फसल

अंतरवर्तीय फसल के रूप में सोयाबीन+ सूरजमुखी (2:1), अरहर+ सूरजमुखी (3:3) अनुपात में लेना लाभकारी पाया गया है।

## पर-परागण क्रियाएं

सूरजमुखी में परपरागण होता है जिसमें पुष्पन के समय मधुमक्खियों द्वारा विशेष भूमिका अदा की जाती है। सूरजमुखी के पौधों में कृत्रिम रूप से परपरागण को प्रोत्साहित करने के लिये हस्त परागण की क्रिया करना चाहिए. सुबह 8-11 बजे के बीज हाथों में मसलिन कपड़ा बांधकर खुले पुष्प हैड को सावधानीपूर्वक स्पर्श करते हुए रगड़ते हैं.

एक हैड्स को दूसरे हैड्स के साथ मिलाकर भी परपरागण क्रिया को बढ़ावा दे सकते हैं। पुष्पन के समय हस्त परागण एक दिन के अंतरण से लगभग दो सप्ताह तक करना चाहिए. पुष्पन के समय रसायनिक कीटनाशियों का छिड़काव नहीं करना चाहिए.



# पपीते से आये बागानों में बहार

## रोपणी (पौध) तैयार कैसे तैयार करें

सबसे उत्तम विधि थैलियों में पौध तैयार की जावे। 9 इंच लम्बी 6 इंच चौड़ी 15 गेज पालीथिन की थैलियों में अच्छी सड़ी हुई गोबर की खाद छानकर तथा खेत के ऊपरी सतह की मिट्टी, रेत भरें. बीज को केप्टान, मैन्कोजेब या बाविस्टीन से उपचारित कर 3-4 बीज प्रत्येक थैली में बोवें. छाये में रखें, समय -समय पर पानी दें, घास आदि हो तो निकाल दें. थैलियों की भी ड्रेंचिंग केप्टान से कर दें. थैलियों में दूर-दूर छेद करें जिससे अधिक पानी निकल जावे तथा हवा का समुचित संचार हो। जब पौधे 6-9 इंच के हो जावें तभी उनको खेत में पूर्व में तैयार गड्ढों में रोपण करें.



### खेत की तैयारी

खेत को अच्छी तरह जोत कर तैयार करें फिर 2 मीटर कतार से कतार तथा 2 मी. पौध से पौध रोपण ले. गड्ढे 50 घन सेन्टीमीटर आकार के खोद कर इसमें दीमक नियंत्रण हेतु दवा डालें. फिर रेत तथा सड़ी पत्ती एवं खेत की चुनी मिट्टी से भरें उस समय 20 कि.गोबर की खाद, आधा कि. सुपर फास्फेट, 1/2 कि. म्युरेट ऑफ पोटाश एवं 5 ग्राम क्लोरोपाईरीफास 4%चूर्ण चूर्ण मिलाकर गड्ढा भर दें. बरसात में पानी गिरने के बाद मिट्टी जम जावे उसमें जुलाई, अगस्त में एक गड्ढे में कम से कम 2-3 पौधे बीचों बीच जमा दें. समय पर पानी देते रहें।

### जातियाँ

पूसा डेलिसियस, पूसा मेजेस्टी, पूसा जायद, कुर्ग, हनीड्यू, बड़वानी लाल एवं पीला,वाशिंगटन, पंत 1, कोयम्बटूर 3, सी-ओ 4, सी ओ 6, ताईवान, पी.के. 10.

### विरलन

एक स्थान पर 3 पौधे लगाने के बाद जब उनमें फूल आने लगे तो एक गड्ढे में केवल एक मादा या उभय लिंगी फूल वाले पौधे रखें. शेष को पृथक करें. फसल जब फूल-फल की स्थिति में हो तो जहां अधिक फूल एक स्थान पर हो उनको विरला करने हेतु तोड़कर अलग करें अन्यथा फ लों का आकार छोटा हो जावेगा। पपीता फसल उत्पादन के लिये निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें?

### पपीता लगाने के आवश्यक बिन्दु

- बगीचा लगाने के पूर्व विश्वसनीय स्रोत से अनुशंसित प्रजाति का मादा, उभय लिंगी बीज उत्तम अंकुरण क्षमता वाला प्राप्त करें.
- यदि पपेन उत्पादन के लिये पपीता बगीचा लगाना हो तो लैटेक्स क्रय करने वाली फैक्ट्री या एजेन्सी से संपर्क कर लें।
- यदि उत्पादन क्षेत्र ऐसे स्थान पर हो जहां से रोज के लैटेक्स भेजना सम्भव नहीं हो तो क्रूड पपेन लैटेक्स को सूखा कर तैयार कर क्रेता के पास भेजें।
- यह ध्यान रखें कि वांछित मानक स्तर का ही पपेन तैयार करें.
- सिंचाई की समुचित व्यवस्था होना चाहिए अन्यथा सिंचाई के अभाव में फल गिर जावेंगे तथा फल बनना बंद हो जावेगा।
- पपेन निकाले फलों के क्रेताओं का पता लगाकर रखें जिससे फल बेचने में कठिनाई ना हो।
- कीड़ों एवं बीमारियों के प्रति सतर्क रहें क्योंकि पपीता फसल में विभिन्न प्रकार की जीवाणु, विषाणु एवं फफूंद जनित बीमारियां होती हैं उनके वे कीट जो बीमारी एक पौधे से दूसरे तक ले जाती हैं उन पर सामयिक नियंत्रण की व्यवस्था करें.

### स्थल चयन

जिस क्षेत्र में पपीता लगाना है वहां पर भूमि में जल का जमाव अधिक समय न हो अन्यथा पौधों की जड़ सड़ जावेगी और अधिक फलन वाले पौधे जमीन पर गिर जावेंगे। उस क्षेत्र में गरम हवा तथा तेज वायु वेग नहीं होना चाहिए यदि ऐसी स्थिति होने की सम्भावना हो तो व बगीचे के चारों ओर बागड की व्यवस्था की जावे। इससे विषाणु रोगों की रोकथाम में मदद मिलेगी.

# दुधारू पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान कराएं



डेयरी व्यवसाय में दुधारू मादा पशुओं से उचित उत्पाद प्राप्त होने पर इस व्यवसाय में सफलता मिलती है. पशुधन सुधार हेतु आज देश में हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं. पशुपालक प्रमुख तीन बातों का ध्यान रखें उन्नतीशील प्रजनन, पशुधन के लिए पर्याप्त संतुलित आहार की व्यवस्था एवं पशुओं का रखरखाव व संक्रमण रोगों से बचाव. पशु प्रजनक के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है. वर्तमान में देशी अवर्गीकृत पशुओं में उन्नतिकरण के लिए संकर प्रजनक की नीति काम में ली जा रही है, इस हेतु निम्न गुणवत्ता वाले देशी मादा पशुओं को उच्च गुणवत्ता वाले विदेशी/देशी सांड से प्राकृतिक तरीके से या उनके हीमकृत वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान द्वारा गर्भित कराकर 50 प्रतिशत विदेशी खून वाले संकर पशु प्राप्त किये जाते हैं. ये संकर पशु शुद्ध विदेशी पशुओं की तुलना में हमारे यहां की जलवायु में अधिक उपयुक्त होते हैं. यहां पर उच्च गुणवत्ता वाले सांड से मतलब है जिसकी मां या दादी ज्यादा दूध देती है. इस तरह के सांडों की संख्या भी बहुत कम होती है, अत: कम संख्या में मिलने वाले सांडों का अधिकतम उपयोग करना अति आवश्यक है, कृत्रिम गर्भाधान से प्राप्त बछड़े-बछड़ी ही भविष्य में अच्छे सांड एवं अच्छी दुधारू गाय बनेंगी.

## डेयरी मादा पशु के ताव/गर्मी में आने के लक्षण



- पशु का बेचैन होना, अकारण रम्भाना, चंचल प्रतीत होना एवं व्यर्थ इधर-उधर भागना.
- बाह्य योनी में सूजन तथा योनी द्वार से चिकना एवं पारदर्शी स्राव निकलना.
- दूसरे पशु के जननांगों को सूंघना.
- पशु द्वारा अचानक दाना, चारा एवं पानी बंद या कम कर देना.
- पशु द्वारा बार-बार रूक-रूककर पेशाब करना, पूंछ को थोड़ा ऊपर उठाते हुए योनी फलकों पर एक तरफ मोड़ते हुए टिका देना.

### पशुपालकों के ध्यान योग्य बातें

- गाय या भैंस 21 दिन पश्चात् ताव/पाली में आती हैं. 4 ताव/गर्मी में आने के 16 घंटे के भीतर इन्हें गर्भित कराने हेतु पशु चिकित्सालय ले जाना चाहिए.
- सामान्यत: गाय 9 माह 9 दिन तथा भैंस 10 माह 10 दिन में ब्याती है.
- ब्याने के तीन माह पश्चात् गाय-भैंस को पुन: गर्भित हो जाना चाहिए.4गर्भित करवाने के तीन माह बाद उसका गर्भ परीक्षण पशु चिकित्सक से अवश्य करा लेना चाहिए.

## कृत्रिम गर्भाधान क्या है

कृत्रिम विधि द्वारा सांड का वीर्य एकत्र करके मादा जननांग की तीव्र या गर्भाशय में यंत्रों की सहायता से उचित समय पर स्वच्छतापूर्वक वीर्य को स्थापित करना कृत्रिम गर्भाधान कहलाता है.

## कृत्रिम गर्भाधान से लाभ

- उन्नतशील बछड़े-बछड़ियां कृत्रिम से ही संभव है.
- नस्ल सुधार करने हेतु सांडों का अधिकतम उपयोग कृत्रिम गर्भाधान से ही हो सकता है.
- पशुपालकों को कम शुल्क में उत्तम प्रजनन सुविधा कृत्रिम गर्भाधान से ही हो सकता है.
- प्रजनन संबंधी संक्रामक रोग जैसे - ब्रूसेलोसिस, ट्राइकोमोनिअसिस, विब्रिओसिस आदि से पशु को कृत्रिम गर्भाधान द्वारा बचाया जा सकता है.
- कृत्रिम गर्भाधान द्वारा दूर स्थित ग्रामों भी उत्तम नस्ल के सांड द्वारा प्रजनन संभव है.
- कृत्रिम गर्भाधान द्वारा एक सांड के वीर्य से हजारों मादा गर्भित कराई जा सकती है.
- कृत्रिम गर्भाधान में उत्तम किस्म के सांडों का वीर्य प्रयोग होता है.
- कृत्रिम गर्भाधान द्वारा बहुत छोटी या अपंग मादा को भी गर्भित किया जा सकता है.
- विभिन्न जातियों के पशुओं से नई-नई जातियां उत्पन्न करना संभव है.
- मादा पशु के ताव में आने पर पशु पालक को सांड के लिए जगह-जगह घूमने की आवश्यकता नहीं होती है.
- इस विधि द्वारा उत्पादन में वृद्धि होती है. कृत्रिम गर्भाधान द्वारा प्रत्येक पशु का विस्तृत अभिलेख रखना संभव है, जिससे प्रजनन संबंधी जानकारी प्राप्त हो सकती है- इस विधि में सांड को बार-बार वीर्य संकलन नहीं करना पड़ता है एवं एक बार के वीर्य से कई गायें गर्भित की जा सकती हैं.

## कृत्रिम गर्भाधान के उद्देश्य

शीघ्रता से पशुओं का नस्ल सुधार करना, पशुओं का दुग्ध उत्पादन बढ़ाना और उच्च गुणवत्ता वाले सांड से अधिक संख्या में बछड़े-बछड़ियां पैदा करना.

# स्वर्ग का पेड़ सुरजना

प्रकृति का चमत्कार ही है कि उसने सहजन या सुरजना की फली के वृक्ष को इतनी विशेषताएं प्रदान की हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी प्राकृतिक जैव विविधता को पहचाने और उसके संवर्द्धन की दिशा में उचित प्रायस करें। हमारी हवा, पानी, मिट्टी अब आगे और खराब न हों, खेतों की मिट्टी अधिक समय तक उपजाऊ बनी रहे यह आज की एक गंभीर समस्या है। मिट्टी को उर्वर बनाए रखने के लिये रासायनिक खाद व कीटनाशकों और खरपतवारनाशकों का कम उपयोग करना होगा। जैविक खेती पर ज्यादा जोर देना होगा। कोशिश करना होगी कि खेती पर ऊर्जा की निर्भरता कम हो। किसानों को भी अच्छी गुणवत्ता वाला स्वास्थ्यरक्षक ईंधन उपलब्ध हो।



पशुओं को बढ़िया पौष्टिक चारा मिले और किसानों की आर्थिक आजादी हो, परंतु ये सब होगा कैसे? वर्तमान अंधकारमय परिदृश्य में आशा कि एक किरण नजर आती है। यह सब संभव है। केवल एक पेड़ के समुचित प्रबंध से इसका नाम है सहजन जिसे हम सुरजने के नाम से जानते हैं। मुनगा भी यही है और मोरिंग भी. इसकी लम्बी ड्रमस्टिक के नाम से जानी जाने वाली फलियों को सब्जी के रूप में सदियों से उपयोग में ला रहे हैं। परंतु इसके अन्य अद्भुत गुणों से अनजान हैं। यह पूरा पेड़ बड़ा चमत्कारी है। इससे देश के किसान विशष कर छोटे किसानों की किस्मत का ताला खुल सकता है। सुरजने की पत्तियां और टहनियां पशुओं के लिये पौष्टिक चारा है। बीज बोने के पूर्व यदि सुरजने की पत्तियों को खेत में मिलाएं तो उससे जड़ों में लगने वाले सड़न और गलन रोग से मुक्ति मिलती है। इसकी पत्तियों का रस फसलों के लिये बेहतर टॉनिक का काम करता है। इसकी पत्तियों के रस के छिड़काव से फसलों का उत्पादन 30 प्रतिशत तक बढ़ता है। इसके पौधों को खेत में हरी खाद के साथ में मिलाया जा सकता है। यह प्राकृतिक खाद का काम करता है। सुरजने की पत्तियों से प्रदूषण रहित स्वच्छ बायो गैस बनाई जा सकती है। इसका उपयोग मिश्रित खेती में भी किया जा सकता है। क्योंकि इस पेड़ से छाया नहीं होती और उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन युक्त जीवांश मिलता है। इसके बीजों के चूर्ण को शहद साफ करने के काम में लाया जाता है।

गन्ने के रस को साफ करने में भी इसका उपयोग किया जाता है। इस पर फूलों की बड़ी बहार आती है, जिसमें मकरन्द अधिक मात्रा में होता है। अत: इसका उपयोग शहद उत्पादन में भी होता है। बीजों से खाद्य तेल निकलता है, जो गुणवत्ता में ओलिव ऑयल (अलसी का तेल) के समान है। बीजों में 40 प्रतिशत तक तेल पाया गया है। बीजों के चूर्ण का उपयोग गंदे पानी को शुद्ध करने में भी किया जाता है। यह फिटकरी के मुकाबले पानी को ज्यादा साफ करता है। साथ ही बैक्टीरिया को हटाता है। मलावी और अफ्रीका में इसके बीजों से बड़े पैमाने पर पानी साफ किया जा रहा है। यही नहीं इसके बीजों



से पानी का ठोसपन भी कम होता है। इनके अलावा इसका गूदा अखबारी कागज बनाने के काम भी लाया जा सकता है। छाल से रस्सियां बनाने के लिये उम्दा किस्म का रेशा प्राप्त होता है। फलियां बेचकर आर्थिक आय तो प्राप्त की ही जा सकती है।

इसकी पत्तियां, फूल, फल, बीज ओर तो ओर छाल सभी कुछ उपयोगी है. इसके इन्हीं गुणों को ध्यान में रखकर इसे मूरे में अरजन टिगा कहा जाता है। जिसका अर्थ है स्वर्ग का पेड़। तो अब स्वर्ग के इस पेड़ को खेतों की मेढ़ों पर, सड़क के किनारे खाली पड़ी जमीन पर लगाया जा सकता है और साथ ही हम पा सकते हैं उत्तम स्वास्थ्य, बढ़िया पशुधन ढेर सारा पैसा और बोनस के रूप में स्वच्छ पर्यावरण एवं टिकाऊ विकास।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, सोमवार, 02 मार्च, 2026





# तापसी पन्नू ने टाइपकास्ट किए जाने पर उठाए सवाल

तापसी पन्नू को अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'अस्सी' के लिए प्रशंसाएं मिल रही हैं। फिल्म को भी क्रिटिक्स द्वारा काफी सराहा जा रहा है। हालांकि, हर बार की तरह इस बार भी अच्छा कंटेंट और तारीफों के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस धीमी रफ्तार से ही आगे बढ़ रही है। इस बीच तापसी पन्नू ने एक ही तरह के किरदार के लिए एक ही तरह के कलाकारों को चुनने के मुद्दे पर सवाल उठाया। तापसी की अनुभव सिन्हा के साथ ये तीसरी फिल्म है, इससे पहले दोनों 'मुल्क' और 'थप्पड़' में भी साथ काम कर चुके हैं।

## कोई अपने कंफर्ट जोन से बाहर नहीं आना चाहता

गलाट्टा प्लस के साथ बातचीत के दौरान तापसी पन्नू ने बताया कि उन्होंने कई प्रमुख निर्देशकों से उनकी फिल्मों में बार-बार दोहराए जाने वाले कास्टिंग विकल्पों के बारे में सवाल किए हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि यह मुश्किल है। मेरे लिए नहीं, बल्कि लोगों के लिए यह कल्पना करना मुश्किल है क्योंकि हम अपनी कल्पना के आरामदायक दायरे में इतने खुश रहते हैं। 'ठीक है, यह इस तरह की भूमिका है, तो यह ठीक रहेगी।' कोई भी लीक से हटकर सोचना नहीं चाहता। जब मैं यहां के कुछ शीर्ष निर्देशकों से मिलने जाती हूं, तो उनसे मेरी बातचीत होती है। सबसे पहले मुझे यह धारणा तोड़नी पड़ती है कि मैं ऐसी फिल्में करने में सहज हूं, जिनमें मैं मुख्य भूमिका में नहीं हूं। यानी कि कहानी मेरी नहीं है। फिर मुझे उन्हें बताना पड़ता है कि मैं कुछ हल्की-फुल्की भूमिकाएं करना चाहती हूं। ऐसा नहीं है कि अगर मुझे फिल्म में होना ही है तो उससे कोई समस्या जुड़ी होनी चाहिए।

## मैं हमेशा सवाल उठाती हूं

तापसी ने आगे बताया कि मैं सच में उन पर सवाल उठाती हूं। आप एक ही तरह के किरदारों के लिए हमेशा एक ही चेहरे को क्यों चुनते हैं? यह उनके साथ भी अन्याय है। यह मेरे जैसे लोगों के साथ भी अन्याय है जो अपनी कला में प्रयोग करना चाहते हैं। एक निर्देशक के तौर पर यह सोचना आपकी आत्मसंतुष्टि है कि अरे, यह एक खास तरह का किरदार है और इसके जैसी दिखने वाली लड़कियां कौन हैं? सिर्फ ये लड़कियां। फिर वे किसी और फिल्म में भी वही करेंगी जो उन्होंने पहले किया है। लेकिन जब मैं शायद ऐसा कुछ करूंगी, तो मैं कुछ नया लेकर आऊंगी।

## महिला केंद्रित फिल्मों और दमदार किरदारों के लिए मशहूर हैं तापसी

'अस्सी' में तापसी पन्नू एक वकील के किरदार में नजर आ रही हैं। इससे पहले तापसी अनुभव सिन्हा की ही फिल्म 'मुल्क' में भी वकील की भूमिका निभा चुकी हैं। तापसी पन्नू को अक्सर ही महिला केंद्रित और दमदार भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। उनकी इस तरह की फिल्मों में 'अस्सी' और 'मुल्क' के अलावा 'थप्पड़', 'पिंक', 'बदला' और 'सांड की आंख' शामिल हैं। हालांकि, इसके अलावा उन्होंने अपने करियर में कुछ अलग तरह के किरदार भी निभाए हैं, जिनमें 'चश्मे बद्दूर', 'जुड़वां 2', 'हसीन दिलरुबा', 'डंकी' और 'खेल खेल में' शामिल हैं।



# 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी संजीदा शेख, छोटा लेकिन दमदार होगा किरदार

अभिनेता यश की अदाकारी वाली फिल्म 'टॉक्सिक' रिलीज से पहले चर्चा में है। यह 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसमें नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया जैसी मजबूत फीमेल कास्ट है। बताया जाता है कि फिल्म में पांच फीमेल एक्ट्रेस के अलावा एक और अभिनेत्री नजर आएंगी।

## संजीदा शेख होंगी 'टॉक्सिक' का हिस्सा

वैरायटी इंडिया के मुताबिक अभिनेत्री संजीदा शेख भी फिल्म 'टॉक्सिक' का हिस्सा होंगी। इसमें उनका स्पेशल अपीयरेंस होगा। खबर है कि वह एक छोटा लेकिन अहम किरदार निभाएंगी। 'टॉक्सिक' संजीदा का पहला पैन-इंडिया प्रोजेक्ट है।

## संजीदा शेख का वर्कफ्रंट

संजीदा शेख सबसे ज्यादा टीवी में काम करने के लिए जानी जाती हैं। वह 'फाइटर' और 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' जैसे प्रोजेक्ट्स में अदाकारी से फिल्म और OTT में अपनी पहचान बना रही हैं। 'टॉक्सिक' के अलावा संजीदा शेख अजय देवगन स्टारर 'धमाल 4' में भी नजर आएंगी। यह फिल्म 3 जुलाई, 2026 को रिलीज होने वाली है। उनके पास सनी देओल और अक्षय खन्ना के साथ 'इक्का' भी पाइपलाइन में है।

## 'टॉक्सिक' के बारे में

आपको बता दें कि 'टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है। इसके लेखक यश और गीतू मोहनदास हैं। इसे कन्नड़ और इंग्लिश में एक साथ शूट किया गया है। फिल्म को हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और दूसरी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 19 मार्च, 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह स्टारर 'धुरंधर 2' से टकाराएगी।

# क्या अक्षय कुमार के साथ काम करने वाली हैं अक्षरा सिंह?



भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन अपनी फिल्मों और गानों की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं। अक्षरा एक बार फिर चर्चा में हैं और इस बार वजह काफी दिलचस्प है। दरअसल, उन्होंने अक्षय कुमार के साथ एक फोटो साझा किया है। इसके साथ उन्होंने जो कैप्शन लिखा है, उसे देख फैंस भी कयास लगा रहे हैं कि क्या दोनों सितारे साथ आने वाले हैं?

## अक्षरा बोलीं- 'सरप्राइज मिलेगा'

अक्षरा सिंह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी और अक्षय कुमार की फोटो साझा की है। वे ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। वहीं, अक्षय कुमार ग्रीन शर्ट में हैं और कैप लगा रखी है। अक्षरा ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'जब खिलाड़ी की मुलाकात मृगनयनी से हो। और, कहानी अभी बाकी है। बड़ा सरप्राइज लोड हो रहा है।' इस पोस्ट में अक्षरा ने अक्षय कुमार को भी टैग किया है। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के दिलचस्प कमेंट्स आ रहे हैं। यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ यूजर्स अनुमान लगा रहे हैं कि दोनों शायद किसी फिल्म में साथ नजर आ सकते हैं। वहीं, कुछ लोग पूछ रहे हैं कि क्या किसी नए गाने में इनकी जोड़ी देखने को मिलेगी? एक यूजर ने लिखा, 'भोजपुरी और बॉलीवुड की साझेदारी'। एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'कुछ तो पक रहा है'। वैसे देखना दिलचस्प होगा कि अक्षरा सिंह इस सरप्राइज से कब पर्दा उठाती हैं?

## होली सॉन्ग में वरुण शर्मा के साथ अक्षरा का धमाका

बता दें कि अक्षरा सिंह इन दिनों अपने होली स्पेशल सॉन्ग 'होली पे चले गोली' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस गाने में अक्षरा के साथ बॉलीवुड एक्टर वरुण शर्मा नजर आए हैं। दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिली है। इसके अलावा अक्षरा सिंह अपने कुकिंग व्लॉग को लेकर भी चर्चा में हैं। उन्होंने अपने माता-पिता के साथ 'चटर पटर' व्लॉग शुरू किया है।





# अली अब्बास जफर की फिल्म में अहान पांडे निभाएंगे लीड रोल; शरवरी फीमेल लीड

**फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने अपनी नई एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी।**

अली अब्बास ज़फर की इस फिल्म में उनके साथ लीड रोल में अहान पांडे नजर आएंगे, जिनकी पिछली फिल्म सैयारा ने जबरदस्त सफलता हासिल की थी। यह अहान की दूसरी बॉलीवुड फिल्म होगी। फिल्म का पहला शूटिंग शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने तक चलेगा। सोमवार को अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान के साथ एक तस्वीर शेयर कर शूटिंग की शुरुआत का ऐलान किया। तस्वीर में अहान ब्लैक आउटफिट और लेदर जैकेट में काफी डैपर नजर आए, वहीं अली अब्बास जफर भी ऑल-ब्लैक लुक के साथ ब्राउन जैकेट में दिखे। यह फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

## शरवरी होंगी फीमेल लीड

इस फिल्म में अहान के अपोजिट शरवरी नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मई 2026 में फिल्म की टीम लंदन शेड्यूल के लिए रवाना होगी, जहां एक बड़े एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग पांच दिनों तक चलेगी। बताया जा रहा है कि अहान ने इस फिल्म के लिए कड़ी तैयारी की है, जिसमें हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और हथियारों की ट्रेनिंग शामिल है। यह फिल्म उन्हें 'सैयारा' से बिल्कुल अलग अवतार में पेश करेगी। निर्माता जुलाई 2026 तक फिल्म की शूटिंग पूरी करने की योजना बना रहे हैं और इसे 2027 की शुरुआत में रिलीज करने का लक्ष्य है। वहीं खबरें यह भी हैं कि ऐश्वर्य ठाकरे, जिन्होंने 'निशांची' से बॉलीवुड डेब्यू किया था, इस फिल्म में विलेन की भूमिका निभा सकते हैं।





# कॉमेडी और इमोशन के दो छोर पर खड़ीं संदीपा धर

**एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की दुनिया में एक कलाकार की पहचान उसके प्रोजेक्ट्स के सेलेक्शन से बनती है। ऐसे में अगर कलाकार अलग-अलग जॉनर में खुद को आजमाने का रिस्क उठाए, तो उसका सफर और भी दिलचस्प हो जाता है। इन दिनों एक्ट्रेस संदीपा धर अपने दो बिल्कुल अलग-अलग प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। एक ओर वह आने वाले शो 'चुंबक' में हल्की-फुल्की फैमिली कॉमेडी का हिस्सा हैं, तो दूसरी ओर फिल्म 'दो दीवाने शहर में' में उनका किरदार नैना दर्शकों को इमोशनल कर रहा है।**

इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि कैसे इन दोनों प्रोजेक्ट्स ने उन्हें एक कलाकार के रूप में चुनौतियां दीं। आईएएनएस से बात करते हुए संदीपा 'चुंबक' को लेकर बेहद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि यह एक ऐसी फैमिली कॉमेडी है, जिसे हर उम्र का दर्शक साथ बैठकर देख सकता है। उन्होंने कहा, ''आज के दौर में कंटेंट अक्सर बोल्ड देखने को मिलता है, लेकिन 'चुंबक' रिश्तों की गर्माहट को महसूस करने की कोशिश करता है। इसमें किसी तरह की भद्दी कॉमेडी या असहज करने वाले जोक्स नहीं हैं। कहानी पड़ोसियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां लोग एक-दूसरे के घर बेझिझक आते-जाते हैं, साथ खाना खाते हैं, जिससे रिश्ते अपनेपन वाले बनते थे।''

संदीपा मानती हैं कि आज के समय में यह पड़ोस कल्चर लगभग खत्म हो चुका है और 'चुंबक' उसी खोए हुए अपनापन को वापस लाने की कोशिश है। संदीपा के लिए कॉमेडी का अनुभव नया है। इस पर उन्होंने कहा, ''कॉमेडी जितनी सहज दिखती है, उतनी होती नहीं है। टाइमिंग, रिएक्शन और सिचुएशनल ह्यूमर को पकड़ना आसान नहीं होता। इसमें रिद्म और सटीकता बेहद जरूरी है। लेकिन अनुभवी कलाकारों के साथ काम करने से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। सेट पर हल्के-फुल्के माहौल और टीम के सपोर्ट ने इस जॉनर को समझने में मेरी काफी मदद की है। नीना गुप्ता, सुमित राघवन, सुमित व्यास और देवेन भोजानी जैसे कलाकारों के साथ शूटिंग करना किसी एक्टिंग स्कूल से कम नहीं है। सेट पर कोई सीनियर-जूनियर नहीं है, सब दोस्त जैसे हैं और माहौल पूरी तरह फैमिलियर हो चुका है। अब जैसे-जैसे शूटिंग खत्म होने को है, तो सभी के मन में एक अजीब-सी उदासी महसूस हो रही है।''

संदीपा के लिए इसके बिल्कुल उलट 'दो दीवाने सहर में' का अनुभव भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा। हाल ही में रिलीज हुई इस फिल्म में उन्होंने नैना नाम की लड़की का किरदार निभाया। फिल्म में उनकी स्क्रीन टाइमिंग कम थी, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने कहानी में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी।

संदीपा ने कहा, ''इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। फिल्म में मेरे सीन कम थे और मेरा नैना का किरदार बेहद गहराई वाला था। सीमित सीन्स में किसी किरदार की पूरी मानसिक स्थिति दिखाना किसी भी कलाकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। नैना बाहर से एकदम परफेक्ट दिखती है, लेकिन अंदर से वह अकेली, उलझी और टूटी हुई है। इस दोहरेपन को पर्दे पर उतारना मेरे लिए किसी परीक्षा की तरह था।''

उन्होंने आगे कहा, ''फिल्म में ब्रेकडाउन सीन मेरे लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा, क्योंकि इसमें सिर्फ मैं ही थी और पूरा भावनात्मक बोझ मुझ पर ही था। मैं ग्लिसरीन का इस्तेमाल नहीं करती, इसलिए हर टेक में असली इमोशन्स लाना शारीरिक और मानसिक रूप से थका देने वाला था। गर्मी में मुंबई की पीक समर के दौरान शूटिंग करना भी मुश्किलें बढ़ाता है, लेकिन जब पूरी टीम का साथ मिलता है, तो मुश्किलें भी यादगार बन जाती हैं।''